

'थूकते होंगे भोजपुरी के लोग...', कुकिंग विवाद को लेकर आम्रपाली दुबे पर माही विज ने निकाली भड़ास


# रॉयल बुलेटिन

तापमान - अधिकतम - 31
न्यूनतम - 28

प्रात : कालीन हिन्दी दैनिक

Royal Bulletin को ऑनलाइन पढ़ने के लिए QR Code SCAN करें

● वर्ष 42, ● अंक 259 RNI NO.43285/85 ● संस्करण- नगर ● मुजफ्फरनगर शुक्रवार 18 सितम्बर 2026 ● भाद्रपद शुक्ल 6 विक्रमी संवत ● पृष्ठ 12 ● मूल्य 4 रूपया


## संक्षिप्त समाचार

### रांची आरएसएस कार्यालय पेट्रोल बम हमला कांड

### ईडी ने शुरू की फंडिंग की जांच, चार राज्यों में छापेमारी




**रांची (एजेंसी)।** राजधानी रांची के निवारणपुर स्थित आरएसएस कार्यालय पर हुए पेट्रोल बम हमले की जांच अब वित्तीय लेन-देन तक पहुंच गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) गुरुवार को इस मामले से जुड़े कथित फंडिंग एंगल की जांच कर रही है। एजेंसी ने दिल्ली, बिहार, झारखंड और कर्नाटक में चार ठिकानों पर एक साथ तलाशी अभियान शुरू किया है। मामले में प्रेडिकेट ऑफेंस एनआईए की ओर से दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार छापेमारी ईडी की दिल्ली टीम द्वारा की जा रही है। ईडी की कार्रवाई दिल्ली, बिहार, झारखंड और कर्नाटक में चल रही है। एजेंसी की जांच का मुख्य फोकस एनआईए के मामले से जुड़े कथित वित्तीय लेन-देन और मनी ट्रेल पर है। जानकारी के अनुसार झारखंड के लोहरदगा जिले में भी तलाशी दी गई है।

**पटना में मिला था करीब 20 लाख रुपये कैश-** 9 सितंबर को एनआईए ने पटना के चित्रगुप्त नगर स्थित एक अपार्टमेंट के दो फ्लैटों में तलाशी ली थी। तलाशी के दौरान करीब 20 लाख रुपये नकद मिलने की जानकारी सामने आई।

### महाराष्ट्र सरकार की सीक्रेट डिप्लोमेसी और 20 दिन बाद खत्म हुआ मनोज जारांगे का अनशन



**मुंबई (एजेंसी)।** मराठा आरक्षण एक्टिविस्ट मनोज जारांगे पाटिल ने आज गुरुवार, 17 सितंबर को अपना 20 दिन का अनशन खत्म कर दिया है। मनोज जारांगे ने महाराष्ट्र सरकार से कहा है कि अगर तीन महीने में मराठा आरक्षण पर उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया, तो वे अपना विरोध प्रदर्शन राजधानी मुंबई तक ले जाएंगे। पेरिस में इंटरनेशनल स्पेस कॉन्फ्रेंस में शामिल होने गए महाराष्ट्र के उद्योग मंत्री उदय सामंत ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और जारांगे पाटिल के सहयोगियों के बीच बातचीत कराने में मदद की। मनोज जारांगे पाटिल के अनशन को लेकर कई दौर की बातचीत हुई, जिसमें उदय सामंत ने पेरिस से ही तालमेल बैठाया।

### बंगाल एसटीएफ को बड़ी सफलता

### शीर्ष माओवादी नेता असीम मंडल गिरफ्तार, पैसे जुटाने के लिए पहुंचा था ससुराल

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है। करीब दो करोड़ रुपये के इनामी शीर्ष माओवादी नेता असीम मंडल उर्फ आकाश को कोलकाता पुलिस की विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने गुरुवार तड़के पूर्व मेदिनीपुर के पोटाशपुर से गिरफ्तार किया। सूत्रों के मुताबिक, संगठन के कमजोर पड़ने और कई बड़े नेताओं के आत्मसमर्पण के बावजूद आकाश ने हथियार डालने से इनकार कर दिया था। वह पैसे जुटाने के लिए अपने ससुराल पहुंचा था। इसी दौरान पुलिस ने उसे दबोच लिया।

### पीएम मोदी के 76वें जन्मदिन पर देशभर में हुए कई आयोजन

# मप्र उज्जैन में जगमगाए आशीर्वाद के 35 लाख दिए

● उत्तराखंड में पीएम के नाम की पूजा, वडनगर से बनारस तक बाइक रैली ● बंगाल में अन्नपूर्णा योजना की किश्त जारी ● शाह बोले- मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता





**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना/अहमदाबाद (एजेंसी)।** पीएम मोदी के 76वें जन्मदिन के मौके पर देशभर में सेवा-संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम हो रहे हैं। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पश्चिम बंगाल में अन्नपूर्णा योजना की किश्त जारी की। मोदी ने कहा कि बंगाल के लोगों को लंबे समय तक केंद्र की योजनाओं को लाभ नहीं मिल पाया, जिससे उन्हें नुकसान हुआ।

पीएम मोदी के जन्मदिन पर मध्य प्रदेश में दीपोत्सव मनाया जा रहा था। सबसे बड़ा आयोजन उज्जैन में था जहां शिप्रा नदी के घाटों और महाकाल लोक में 25 लाख जबकि मकानों-दुकानों में 10 लाख दीपक जगमगा रहे थे।

**बिहार में 21 लाख दीये रोशन हुए :** उत्तराखंड के देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यमुना घाट पर पीएम मोदी के नाम से पहली पूजा और आरती कराई। मोदी के जन्मदिन पर पूरे बिहार में 21 लाख दीये जलाए। पटना के मरीन ड्राइव पर ही ढाई से 3 लाख से ज्यादा दीये जलाने की तैयारी है।

वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के वडनगर में कहा कि पीएम मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं में हैं। उन्होंने मोदी के जन्मस्थान वडनगर से वाराणसी तक करीब 1300 किमी की बाइक रैली रवाना की।

● **सीएम योगी बोले, भगवान विश्वकर्मा राष्ट्र शिल्पी तो पीएम मोदी आधुनिक भारत के शिल्पकार-** विश्वकर्मा जयंती पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर के जटाशंकर स्थित विश्वकर्मा मंदिर में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक ओर भगवान विश्वकर्मा की जयंती है तो दूसरे और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन है। उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सृष्टि के शिल्पी थे तो नए भारत के शिल्पी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।



● **सीएम रेखा ने दान किए शरीर के 14 अंग -** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मानवता और परोपकार की एक प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री ने इस खास मौके पर अपने शरीर के विभिन्न अंगों और ऊतकों के महादान का संकल्प लिया है, जो चिकित्सा जगत और जरूरतमंदों के जीवन में एक नई उम्मीद की किरण जगाएगा।




### सेमीकॉन इंडिया 2026 का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन, बोले-

## भारत पर बढ़ रहा भरोसा



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुरुवार को दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में सेमीकॉन इंडिया 2026 प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इससे पहले उन्होंने वहां का दौरा किया और प्रतिभागियों से बातचीत भी की। नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय 17 से 19 सितंबर तक होने वाला यह इवेंट इंडस्ट्री की भागीदारी, पॉलिसी की दिशा और इंटरनेशनल पार्टनरशिप पर केंद्रित है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार, यह कॉन्फ्रेंस सिलिकॉन टू सिस्टम्स : बिल्डिंग द इकोसिस्टम थीम के तहत इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम), मेटी बाय और ग्लोबल इंडस्ट्री बॉडी एमईएमआई द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित की जा रही है।




### पीएम मोदी के 76वें जन्मदिन पर शुभकामनाओं का तांता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुरुवार को 76वां जन्मदिन है। 17 सितंबर, 1950 को गुजरात के वडनगर में उनका जन्म हुआ था। इस अवसर पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, विदेशों के कई राजनेताओं वहीं इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने एक्स पर लिखा, मेरे दोस्त नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की बधाई; मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य, ऊर्जा और सफलता की कामना करता हूँ। वहीं फिल्मी सितारों समेत केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाली एनडीए के नेताओं उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर नेताओं ने उनके नेतृत्व, जनसेवा के प्रति समर्पण और देश के विकास में योगदान की तारीफ की। बीजेपी पीएम मोदी के जन्मदिन के मौके पर एक महीने का 'सेवा संकल्प अभियान' भी शुरू कर रही है। यह अभियान 17 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें पूरे देश में सेवा गतिविधियां और आउटरीच प्रोग्राम होंगे। यह अभियान पीएम मोदी के पब्लिक सर्विस में 25 साल पूरे होने का भी प्रतीक है। बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि वह एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो देश में सामाजिक समरसता का मंत्र फूंकते हैं।

**खड़गे और राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी-** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 76वें जन्मदिन पर अच्छी सेहत और लंबी उम्र की शुभकामनाएं दीं।

**राजनाथ सिंह ने पीएम मोदी को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं-** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पीएम मोदी को उनके जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, मोदी जी के नेतृत्व में भारत 'विकसित भारत' के लक्ष्य की ओर पूरे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। वहीं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 76वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि वह अशांत समय के बीच देश को विकसित भारत की ओर ले जा रहे हैं। वहीं उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके 76वें जन्मदिन पर दिल से बधाई दी। उन्होंने पीएम मोदी के शासन में भारत की आर्थिक मजबूती, गरीबी कम करने और सबको साथ लेकर चलने वाले विकास के कामों पर जोर दिया।

### यूपीआई पर शुल्क लगा तो बंद हो सकते हैं 2000 रुपये से ऊपर के ऑनलाइन भुगतान

### सीटीआई ने दी आंदोलन की चेतावनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार द्वारा 2000 रुपये से अधिक के डिजिटल यूपीआई ट्रांजैक्शन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) यानी शुल्क लगाने की संभावनाओं के बीच व्यापारियों और पेट्रोल पंप संचालकों में भारी रोष है। दिल्ली के प्रमुख व्यापारिक संगठन चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने इसका कड़ा विरोध करते हुए चेतावनी दी है कि यदि यह शुल्क थोपा गया तो व्यापारी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

**पेट्रोल पंप संचालकों की बढ़ेगी मुश्किल-** सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने बताया कि देश के कई पेट्रोल पंप संचालकों ने संगठन से संपर्क कर अपनी चिंता जताई है। संचालकों का कहना है कि अगर 2000 रुपये से ऊपर के यूपीआई पेमेंट पर शुल्क लगता है, तो वे ऑनलाइन भुगतान लेना बंद कर सकते हैं।

**बाजारों का टूटेगा डिजिटल सिस्टम, बढ़ेगा नकद लेन-देन-** सीटीआई के महासचिव गुरमीत अरोड़ा और रमेश आहूजा ने कहा कि सरकार भले ही यह दावा करे कि शुल्क ग्राहक से नहीं बल्कि व्यापारी से लिया जाएगा, लेकिन व्यावहारिक रूप से इसका अंतिम बोझ घुमा-फिराकर आम उपभोक्ता पर ही पड़ेगा. संगठन का मानना है कि चांदनी चौक, सदर बाजार, करोल बाग, कनॉट प्लेस, लाजपत नगर और सरोजिनी नगर जैसे दिल्ली के प्रमुख बाजारों में 70 फीसदी से ज्यादा व्यापारी यूपीआई से भुगतान ले रहे हैं।

# हिमाचल-उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी

### बिहार में बाढ़ से 100 से ज्यादा सड़कें बहीं, यूपी-एमपी समेत 6 राज्यों में बारिश का अलर्ट



**नईदिल्ली/भोपाल/पटना/जयपुर/लखनऊ (एजेंसी)।** देश के कई राज्यों में मानसून सक्रिय है। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश समेत छह राज्यों में गुरुवार को बारिश का अलर्ट है। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। हिमाचल में गुरुवार सुबह रोहतांग, भरमौर और मनाली के पहाड़ों पर एक से डेढ़ इंच बर्फ गिरी। इन क्षेत्रों में 15 अक्टूबर के आसपास हिमपात होता है, लेकिन इस बार करीब एक महीना पहले बर्फ देखने को मिली है।

बिहार के 15 जिलों में करीब 50 लाख की आबादी अभी भी बाढ़ से प्रभावित है। 26 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है। राज्य में 700 से ज्यादा ग्रामीण सड़कें डूबी थीं, जिनमें 100 से ज्यादा पूरी तरह बह गईं, 400 सड़कें 50 प्रतिशत से ज्यादा टूटीं और 200 क्षतिग्रस्त हैं।

**हेमकुंड साहिब में हुई सीजन की पहली बर्फबारी, केदारनाथ धाम में हो रही हल्की बारिश-** सिखों के पवित्र धार्मिक स्थल श्री हेमकुंड साहिब में सीजन की पहली बर्फबारी से रौनक लौट आई है। गुरुवार 17 सितंबर सुबह बारिश के साथ हेमकुंड साहिब में ताजा बर्फबारी हुई। बर्फ की सफेद चादर में लिपटा हेमकुंड साहिब का मनमोहक दृश्य श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। प्रकृति ने मानो इस पवित्र धाम को अपने ही अंदाज में सजाकर श्रद्धालुओं के स्वागत की तैयारी की हो।

**देश के कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट, उमस के बीच एक बार फिर लौटेगा मानसून-** देश के कई राज्यों में मौसम का मिजाज फिर से बदल रहा है। दक्षिण पश्चिम मानसून वापसी के करीब है। 19 सितंबर तक मानसून के वापस आने की उम्मीद जताई जा रही है।

### नासिक में अफसर की टेबल पर कुत्ते छोड़ गए प्रदर्शनकारी

● बोरियों में भरकर लाए थे, आवारा कुत्तों को लेकर प्रशासन पर लापरवाही का आरोप



**नासिक (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर प्रदर्शनकारियों ने अनोखा विरोध किया। युवा सेना (यूबीटी) के कार्यकर्ता बोरियों में कुत्तों को भरकर निफाड़ नगर पंचायत के मुख्य अधिकारी धीरज भामरे के ऑफिस पहुंचे। यहां उन्होंने बोरियां खोलकर कुत्तों को अफसर की टेबल पर छोड़ दिया। कुत्तों को टेबल पर देखकर अफसर भी चौंक गए। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन पर शिकायतों के बावजूद आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया और हंगामा भी किया।

### 'गॉडफादर ऑफ एआई' बोले-

# मानवजाति को खत्म कर देगा एआई

### हमने ऐसी टेक्नोलॉजी नहीं देखी जो इंसानों से ज्यादा बुद्धिमान हो सकती है

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** एआई पिछले कुछ सालों में तेजी से विकसित हुआ है, लेकिन इसके लंबे समय के खतरों को लेकर तकनीक के शुरुआती दिग्गजों की चिंता बढ़ती जा रही है। एआई के 'गॉडफादर' कहे जाने वाले नोबेल पुरस्कार विजेता जेफ्री हिंटन ने चेतावनी दी है कि अगले एक दशक यानी 10 साल के भीतर एआई मानव सभ्यता खत्म कर सकता है। एक प्रोग्राम में बात करते हुए कंप्यूटर साइंटिस्ट हिंटन ने कहा कि ऐसा होने की संभावना करीब 10 प्रतिशत है। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि इस खतरे का सटीक अनुमान लगाने का कोई पुख्ता तरीका नहीं है।



### अभी रिस्क सटीक आकलन करना मुश्किल

हिंटन ने कहा कि 10 प्रतिशत खतरे का अनुमान मेरे हिसाब से गलत नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि खतरे का आंकड़ा इससे बहुत कम रखना भी सही नहीं होगा, क्योंकि फिलहाल कोई नहीं जानता कि इस रिस्क का सटीक आकलन कैसे किया जाए।

**30-50 साल का खतरा अब 10 साल पर आया-** हिंटन ने खुलासा किया कि एआई से पैदा होने वाले खतरों की टाइमलाइन में अब बड़ा बदलाव आ गया है। पहले उनका मानना था कि एआई से इंसानी अस्तित्व को खतरा पैदा होने में 30 से 50 साल लगेंगे। बाद में उन्होंने इस समय को घटाकर 10 से 20 साल किया।

अब उनका मानना है कि यह खतरा अगले 10 साल या उससे भी कम समय में सामने आ सकता है। उन्होंने यह भी माना कि कई रिसर्चर्स का अनुमान इससे भी कम समय का है।

### एआई कंपनियों पर लगा 'इंसानों की जान से खिलवाड़' का आरोप

एआई के खतरों को लेकर हिंटन की यह चेतावनी ऐसे समय आई है जब इस मुद्दे पर वैश्विक बहस तेज हो गई है। हाल ही में एंथ्रोपिक के पूर्व रिसर्चर जैकब कॉक्सन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। कॉक्सन ने अनुमान जताया था कि 10 साल के भीतर एआई के इंसानों को खत्म करने की 10 प्रतिशत से ज्यादा की संभावना है। उन्होंने एआई कंपनियों पर आरोप लगाया कि वे सेल्फ-इम्प्रूविंग (खुद को बेहतर बनाने वाली) सुपरइंटेलिजेंस बनाने की होड़ में इंसानों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। इसके अलावा एंथ्रोपिक के सेफ्टी रिसर्चर इवान ह्यूबिंगर ने भी खतरे की संभावना 10 प्रतिशत से अधिक बताई है।

**वैश्विक नियमों की सख्त जरूरत- अंतरराष्ट्रीय सहयोग ही समाधान-** हिंटन का कहना है कि भविष्य दो अलग दिशाओं में जा सकता है। अगर खतरों को सही ढंग से मैनेज किया जाए, तो एआई से समाज को बड़े फायदे भी मिल सकते हैं। इसके लिए उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़े नियम और सहयोग बनाने की मांग की।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा

# तमिलनाडु में हिंदी पढ़ाने से नहीं रोक सकते



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु सरकार से कहा कि हिंदी को लेकर आपको अपनी सोच बदलने की जरूरत है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि तमिलनाडु की धरती पर हिंदी नहीं पढ़ाई जाएगी। कोर्ट ने चेन्नई और दिल्ली को एक-दूसरे से अलग-थलग करने की सोच पर भी सवाल उठाया। कोर्ट ने कहा कि चेन्नई में बैठे लोगों को दिल्ली में बैठे लोगों से अलग नहीं होना चाहिए और न ही दिल्ली को चेन्नई से। कोर्ट की यह टिप्पणी तमिलनाडु सरकार की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान आई। राज्य ने मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें हर जिले में नवोदय विद्यालय शुरू करने का आदेश दिया गया था।

## अनमोल वचन

परमात्मा के वरदान रूप में मिली उसकी महती कृपाओं के लिये हमें सदैव कृतज्ञता प्रकट करनी चाहिये। हमारे भाग्य और कठोर पुरुषार्थ से जो हमें प्राप्त है उसे ईश्वर की कृपा समझना चाहिये। उस कृपा में केवल अपना अधिकार न समझें उसका कुछ भाग दुःखी और अभावग्रस्त को सहायता के रूप में उपयोग अवश्य करें। सत्य, सरल और अहिंसा का जीवन व्यतीत करो। स्वयं शान्ति से जियो और दूसरों को भी शान्ति के साथ रहने दो। परिवार में और साथ ही समाज में सबका सहयोग करो। झूठ, लड़ाई-झगड़े, दंगे-फसाद, अनावश्यक मुकदमेबाजी, चुगलखोरी, दूसरों में बुराइयाँ ढूँढने का स्वभाव न बनाओ। सादा, सरल जीवन जियो। इसी में आत्मिक आनन्द प्राप्त होगा। मनुष्य जीवन सार्थक होगा। अच्छे नागरिक बनकर जन-सहयोग में भागीदारी करोगे तो आपका मान-सम्मान और प्रतिष्ठा स्वतः ही प्राप्त होगी। कभी भी निराश मत होना, आशा का दामन हमेशा थामे रहो। आशा आपको हमेशा गतिशील बनाये रखती है। किसी से भी यहाँ तक की सन्तान से भी अधिक अपेक्षाएँ न रखें अन्यथा निराश होना पड़ सकता है। अपनी अपेक्षाओं को सीमित रखोगे तो सुखी रहोगे। मन, वाणी और कर्म से किसी का अहित न करें। दूसरों का बुरा सोचोगे तो प्रभु-कृपा से हाथ धो बैठोगे। कोई आपकी सहायता करे तो उसके प्रति कृतज्ञ रहें। याद रहे, कृतघ्नता सबसे बड़ा पाप है।

# रात में गूंजी किसानों की हुंकार, जीआईसी मैदान में भाकियू की विशाल महापंचायत शुरू

### *दशकों के इतिहास में पहली बार रातभर होगी किसान-मजदूर महापंचायत, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से पहुंचे किसान; सुबह पांच बजे तक चलेगा आयोजन, रागिनी और पंजाबी गायकों की प्रस्तुतियां भी होंगी*

मुजफ्फरनगर। शहर के महावीर चौक स्थित राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में भारतीय किसान यूनियन के तत्वावधान में विशाल किसान-मजदूर महापंचायत शुरू हो गई है। शाम चार बजे से शुरू हुए आयोजन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के साथ आसपास के जिलों से भी किसान और संगठन के कार्यकताओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से महापंचायत में पहुंच रहे हैं। किसानों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मैदान और आसपास के क्षेत्रों में व्यवस्थाएं की गई हैं।





**पहली बार रातभर होगी महापंचायत**

भारतीय किसान यूनियन के दशकों पुराने संघर्ष के इतिहास में इस बार महापंचायत का स्वरूप अलग है। संगठन की ओर से पहली बार रात के समय इतनी बड़ी किसान-मजदूर महापंचायत आयोजित की जा रही है। आयोजन शाम चार बजे से शुरू होकर शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे तक चलने की जानकारी दी गई है। रातभर चलने वाली इस महापंचायत में किसान नेताओं के संबोधन के साथ विभिन्न किसान मुद्दों पर चर्चा होगी।

**ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से पहुंच रहे किसान**

महापंचायत में शामिल होने के लिए किसानों से ट्रैक्टरों के साथ पहुंचने की अपील की गई थी। इसके चलते शाम से ही शहर में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की आवाजाही बढ़ गई। आयोजकों की ओर से बारिश को देखते हुए किसानों से ट्रॉलियों पर झोंपड़ीनुमा व्यवस्था बनाकर आने को कहा गया है, ताकि रातभर चलने वाले आयोजन में किसानों को मौसम से बचाव मिल सके। आयोजकों के अनुसार यदि राजकीय इंटर कॉलेज मैदान ट्रैक्टरों से भर जाता है तो आसपास की सड़कों के दोनों ओर ट्रैक्टर खड़े कराने की व्यवस्था भी की जा रही है। बड़ी संख्या में किसानों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए संगठन के पदाधिकारी व्यवस्था संभालने में जुटे हैं। पुलिस और यातायात विभाग की ओर से भीड़ और वाहनों की आवाजाही को देखते हुए इंतजाम किए गए हैं। महापंचायत की भोजन व्यवस्था भी इस बार अलग रखी गई है। भारतीय किसान यूनियन की ओर से बड़े स्तर पर भंडारे का आयोजन नहीं किया गया है। किसानों से कहा गया है कि एक किसान अपने साथ दो अन्य साथियों के लिए घर में उपलब्ध भोजन लेकर पहुंचे। इस तरह किसान अपने गांव और घर से भोजन लेकर महापंचायत में शामिल हो रहे हैं।

**दूसरे जिलों से भी पहुंच रहे किसान**

महापंचायत में मुजफ्फरनगर के अलावा आसपास के जिलों से भी बड़ी संख्या में किसानों और संगठन से जुड़े पदाधिकारियों के पहुंचने की जानकारी दी गई है। संगठन के कार्यकताओं ने गांव-गांव संपर्क कर किसानों से महापंचायत में शामिल होने का आह्वान किया था। आयोजकों का कहना है कि किसानों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।

**किसान मुद्दों पर होगी चर्चा**

महापंचायत में किसानों और मजदूरों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को उठाया जाएगा। खेती की बढ़ती लागत, गन्ने का मूल्य, न्यूनतम समर्थन मूल्य, बिजली, सिंचाई, फसलों की लागत और किसानों की अन्य समस्याओं पर किसान नेता अपनी बात रखेंगे। महापंचायत के दौरान इन मुद्दों को लेकर आगे की रणनीति पर भी चर्चा होने की संभावना है।

**रात में होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम**

किसान मुद्दों पर चर्चा और किसान नेताओं के संबोधन के बाद रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। महापंचायत में रागिनी कलाकारों के साथ पंजाबी गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसके चलते आयोजन देर रात तक जारी रहेगा और किसान रातभर कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहेंगे। आयोजकों के अनुसार महापंचायत का समापन सुबह करीब पांच बजे किया जाएगा।

**प्रशासन ने भी किए सुरक्षा के इंतजाम**

महापंचायत में बड़ी संख्या में किसानों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की आवाजाही को व्यवस्थित रखने के लिए यातायात

# विश्वकर्मा जयंती पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने मंदिर में की पूजा-अर्चना

### *विश्वकर्मा चौक स्थित मंदिर में आरती में हुए शामिल, जनपदवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना*



मुजफ्फरनगर। विश्वकर्मा जयंती के पावन अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने नई मंडी थाना क्षेत्र स्थित विश्वकर्मा चौक के भगवान विश्वकर्मा मंदिर पहुंचकर विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना की और आरती में सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद लेते हुए जनपदवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की।

पूजा-अर्चना के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मंदिर में श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं जनपदवासियों को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं भी दीं।

इस अवसर पर एसएसपी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को सृजन, निर्माण, शिल्प एवं तकनीकी कौशल का प्रतीक माना जाता है। उनके आदर्श परिश्रम, रचनात्मकता, कौशल एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा देते हैं।

कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं ने भी श्रद्धा के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना एवं आरती की। एसएसपी ने मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं से संवाद करते हुए सभी को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

इस दौरान मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं स्थानीय श्रद्धालु मौजूद रहे। विश्वकर्मा जयंती के कार्यक्रम को देखते हुए मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था को लेकर पुलिसकर्मियों द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं।

# पॉक्सो केस में गवाही बदलने का दबाव, विरोध पर जान से मारने की धमकी का आरोप

### *महिला ने एक आरोपी पर मुकदमे में आरोपी के पक्ष में बयान देने का दबाव बनाने और फोन पर धमकाने का लगाया आरोप*

मुजफ्फरनगर। चरथावल थाना क्षेत्र के गांव नंगला राई निवासी एक महिला ने पॉक्सो कोर्ट में विचाराधीन मुकदमे में गवाही को लेकर दबाव बनाने, जान से मारने की धमकी देने और अवैध धन की मांग किए जाने का आरोप लगाया है। महिला की शिकायत पर चरथावल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में महिला ने बताया कि उसका एक मुकदमा पॉक्सो कोर्ट प्रथम, मुजफ्फरनगर में विचाराधीन है। मुकदमा अपराध संख्या 230/2021 तथा केस संख्या 721/2022 सरकार बनाम संजय के नाम से चल रहा है और वर्तमान में गवाही की प्रक्रिया में है। महिला का कहना है कि वह इस मामले में न्यायालय के समक्ष अपनी गवाही देना चाहती है। महिला ने आरोप लगाया कि मुकदमे की शुरूआत से ही गांव नंगला राई निवासी संजय धीमान उस पर अभियुक्त संजय के पक्ष में गवाही देने का दबाव बना रहा है। आरोप है कि उसकी बात न मानने पर उसे लगातार जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। तहरीर के मुताबिक, धमकियों के चलते महिला अपनी जान की सुरक्षा को लेकर करीब आठ महीने से अपने घर से अलग रह रही है। महिला का कहना है कि काफी कठिन परिस्थितियों के बावजूद उसने न्यायालय में अपने बयान दर्ज कराए, लेकिन इसके बाद भी कथित रूप से धमकियों का सिलसिला नहीं रुका। महिला ने आरोप लगाया कि संजय धीमान कथित तौर पर कुछ लोगों से फोन करवाकर उससे अवैध धन की मांग कर रहा है। शिकायत के अनुसार फोन करने वाले लोगों के माध्यम से पैसे देने का दबाव बनाया जा रहा है और मांग पूरी नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि संजय धीमान के भाई सचिन धीमान के मोबाइल नंबर से महिला को फोन कर गाली-गलौज और अपमानजनक बातें कही गईं। महिला ने दावा किया कि इन फोन कॉल की रिकॉर्डिंग उसके पास मौजूद है, जिसे वह पुलिस के समक्ष साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत कर सकती है। लगातार मिल रही कथित धमकियों से भयभीत महिला ने चरथावल थाना पुलिस से मामले में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। महिला ने पुलिस को अपनी शिकायत में बताया कि उसे अपनी जान का डर बना हुआ है और इसी वजह से वह पुलिस की शरण में पहुंची है। प्रार्थना पत्र के आधार पर चरथावल पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। अब पुलिस मामले में लगाए गए आरोपों, फोन कॉल की रिकॉर्डिंग और अन्य उपलब्ध साक्ष्यों की जांच करेगी।

# बच्चों की लड़ाई छुड़ाने पहुंचे युवक पर चार लोगों ने किया हमला, गाली-गलौज के बाद पीटा और दी जान से मारने की धमकी

### *चरथावल थाना क्षेत्र का मामला, घायल ने कराया मेडिकल; तहरीर के आधार पर फजान समेत चार नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज*

मुजफ्फरनगर। चरथावल थाना क्षेत्र के एक गांव में बच्चों के बीच हुई लड़ाई को छुड़ाना एक युवक को भारी पड़ गया। आरोप है कि बच्चों का विवाद शांत कराने पहुंचे युवक के साथ गांव के ही चार लोगों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। हमले के दौरान युवक को जान से मारने की धमकी भी दी गई। किसी तरह युवक ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



**खेलते-खेलते बच्चों में हो गया था विवाद**

पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार गांव में कुछ बच्चे खेल रहे थे। खेलते-खेलते बच्चों के बीच किसी बात को लेकर लड़ाई हो गई। बच्चों के बीच झगड़ा होते देखकर शाहनवाज वहां पहुंचे और बच्चों को अलग करने का प्रयास किया।

**बच्चों को छुड़ाना पड़ा भारी**

आरोप है कि इसी दौरान गांव के ही फजान पुत्र महजर, समद पुत्र फजान, अशद पुत्र फजान और सोनू पुत्र इशराईल वहां पहुंच गए। आरोप है कि चारों ने शाहनवाज के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और इसके बाद उसके साथ मारपीट करने लगे।

**भागकर बचाई जान, दी धमकी**

तहरीर में आरोप लगाया गया है कि चारों आरोपियों ने शाहनवाज के साथ मारपीट करते हुए उसे जान से मारने की धमकी भी दी। हमले के बाद शाहनवाज ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद परिजनों को मामले की जानकारी दी गई।

**मेडिकल कराने के बाद थाने पहुंचा पीड़ित पक्ष**

मारपीट की घटना के बाद शाहनवाज का मेडिकल परीक्षण कराया गया। इसके बाद पीड़ित पक्ष ने 15 सितंबर 2026 को चरथावल थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

**चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

पुलिस ने तहरीर के आधार पर फजान, समद, अशद और सोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस अब घटना से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है। पुलिस द्वारा आरोपों की पुष्टि के लिए संबंधित लोगों से पूछताछ और अन्य आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर की जाएगी।

**बच्चों के विवाद से शुरू हुआ मामला पहुंचा थाने तक**

बताया गया है कि मामूली रूप से शुरू हुआ बच्चों का विवाद देखते ही देखते बड़ों के बीच मारपीट तक पहुंच गया। बच्चों की लड़ाई छुड़ाने पहुंचे शाहनवाज के साथ मारपीट किए जाने के आरोप के बाद अब मामला पुलिस तक पहुंच चुका है और चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस जांच में जुटी है।

# दहेज के लिए पांच लाख रुपये और कार की मांग, विवाहिता से छेड़छाड़ और मारपीट का आरोप

### *पति की मौत के बाद ससुराल पक्ष पर घर से निकालने, गर्भ में पल रहे बच्चे को नुकसान पहुंचाने की कोशिश, गला दबाने और जेवर ले जाने के गंभीर आरोप–भोपा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की*

मुजफ्फरनगर। भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी निवासी एक विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष के कई लोगों पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट, छेड़छाड़, जान से मारने की कोशिश और जेवर ले जाने समेत गंभीर आरोप लगाए हैं। विवाहिता की तहरीर के आधार पर एसएसपी के आदेश पर भोपा पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कस्बा भोपा निवासी एक विधवा महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी सात अप्रैल 2025 को भोकरहेड़ी के मोहल्ला कुआं पट्टी निवासी आस मोहम्मद अंसारी के साथ हुई थी। शादी के बाद वह अपने पति के साथ ससुराल में रहने लगी। विवाहिता के अनुसार, शादी में उसके मायके वालों ने करीब दस लाख रुपये का दान-दहेज और बुलेट मोटरसाइकिल दी थी।

**पति के विदेश जाने के बाद बढ़ा उत्पीड़न का आरोप**

तहरीर के मुताबिक, शादी के कुछ समय बाद उसका पति सऊदी अरब चला गया। इसके बाद ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा उसे कम दहेज लाने को लेकर ताने देने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया गया है। विवाहिता ने आरोप लगाया कि उससे अतिरिक्त दहेज के रूप में पांच लाख रुपये नकद और कार की मांग की जाती थी। विवाहिता ने आरोप लगाया कि ससुर कासिम, फूफो हमीदा, ननद नाजमा, ताया ससुर खर्शीद, अली शेर, जावेद, शाहवेज, प्रवेज, फुरकान और इसराइल समेत कई लोग उसे परेशान करते थे। तहरीर में आरोपियों के नाम और उनके निवासी भोकरहेड़ी व भोपा क्षेत्र के बताए गए हैं।

**जावेद और शाहवेज पर छेड़छाड़ के गंभीर आरोप**

विवाहिता ने तहरीर में आरोप लगाया कि पति के विदेश जाने के बाद जावेद और शाहवेज उस पर बुरी नजर रखते थे। आरोप है कि दोनों उसे घर में अकेला पाकर जबरदस्ती गले लगाते और उसके साथ अश्लील हरकत एवं छेड़छाड़ करते थे। विवाहिता के अनुसार, विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी।

तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया कि नाजमा घर पर कुछ आवारा युवकों को बुलाती थी। इसका विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। विवाहिता का दावा है कि जब उसका पति ससुराल पक्ष के लोगों को उसके साथ मारपीट करने से रोकता था तो उसके साथ भी गाली-गलौज की जाती थी।

**पति की मौत को लेकर भी लगाए गंभीर आरोप**

विवाहिता ने तहरीर में आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष के लोगों के व्यवहार और लगातार विवाद के चलते उसके पति ने आत्महत्या कर ली। पति की मौत के बाद भी कथित उत्पीड़न समाप्त नहीं हुआ और विवाहिता को ससुराल से निकाल दिया गया।

**दो गाड़ियों में बैठाकर मायके छोड़ने का आरोप**

विवाहिता के अनुसार, एक नवंबर 2025 को नामजद आरोपी तथा नजर मोहम्मद उसे दो गाड़ियों में बैठाकर उसके मायके ले गए। आरोप है कि उस समय उसे केवल पहने हुए कपड़ों में ही घर से बाहर कर दिया गया। विवाहिता ने बताया कि उसके मायके में उस समय केवल उसकी मां मौजूद थीं। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी मां के साथ भी मारपीट की। विवाहिता ने दावा किया कि उस समय वह गर्भवती थी और आरोपियों ने उसके पेट में पल रहे बच्चे को नुकसान पहुंचाने की नीयत से उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की।

तहरीर में विवाहिता ने आरोप लगाया कि आरोपियों ने घर में रखा सामान तोड़फोड़ दिया और जबरन कुछ कागजों पर उसके हस्ताक्षर कराने का प्रयास किया। हस्ताक्षर करने से इनकार करने पर कथित रूप से उसका गला दबाने की कोशिश की गई। शोर सुनकर उसके पिता और भाई मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कराया। विवाहिता का आरोप है कि जाते समय आरोपी उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देकर चले गए। साथ ही उसकी मां की सेफ अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर भी अपने साथ ले जाने का आरोप लगाया गया है।

# सपा नेताओं ने भगवान विश्वकर्मा को किया नमन

## सपा कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया विश्वकर्मा पूजा दिवस

मुजफ्फरनगर। समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर गुरुवार को विश्वकर्मा पूजा दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उपस्थित नेताओं ने भगवान विश्वकर्मा के बताए मार्ग पर चलने और श्रम, हुनर एवं तकनीकी कौशल का सम्मान करने का संकल्प लिया। विश्वकर्मा पूजा दिवस के अवसर पर सपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्र हुए। विधि-विधान के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई। पूजा के दौरान देश और समाज के निर्माण में श्रमिकों, कारीगरों, तकनीकी विशेषज्ञों और मेहनतकश वर्ग की भूमिका को भी याद किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि विश्वकर्मा पूजा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि श्रम और हुनर के सम्मान का भी प्रतीक है। निर्माण कार्यों, उद्योगों, कारखानों और विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों में काम करने वाले कारीगर एवं श्रमिक समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उनके श्रम और कौशल के बिना विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। कार्यक्रम में मौजूद समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं ने एक-दूसरे को विश्वकर्मा पूजा दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पार्टी संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी आपसी चर्चा हुई। नेताओं ने कहा कि समाज के मेहनतकश वर्ग को सम्मान और उनके हितों को प्राथमिकता मिलना जरूरी है। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र त्यागी, राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा, जिला महासचिव सोमपाल करी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तहसीन मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष पवन बंसल, रमेश चंद शर्मा, विकल गोल्डी अहलावत, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष राशिद मलिक, सलीम मलिक, यशपाल चौधरी, रामपाल पाल, तरुण शर्मा, मेहंदी हसन, मीर हसन चेयरमैन, दुर्गेश पाल, पवन गिरी, सरताज मलिक सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने संगठन की मजबूती और आपसी एकजुटता पर भी जोर दिया। विश्वकर्मा पूजा दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी कार्यकताओं की भागीदारी रही और सभी ने सामाजिक सौहार्द एवं मेहनतकश वर्ग के सम्मान की भावना को आगे बढ़ाने की बात कही। विश्वकर्मा पूजा दिवस को लेकर सपा कार्यालय पर दिनभर उत्सव जैसा माहौल रहा। कार्यकताओं ने पूजा-अर्चना में हिस्सा लिया और भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।



# सेना के जवान के खाते से एक लाख 16 हजार रुपये गायब, दूसरे खाते में पहुंचाकर फिर कई खातों में भेजी रकम

### *सात से दस सितंबर के बीच कई बार हुआ धन का लेनदेन, फोन बंद होने के कारण नहीं चल सका पता, 14 सितंबर को फोन चालू होने पर खुला मामला, तितावी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच*

मुजफ्फरनगर। तितावी थाना क्षेत्र के धनसैनी गांव में भारतीय सेना में तैनात एक जवान के बैंक खाते से करीब एक लाख 16 हजार रुपये संदिग्ध तरीके से दूसरे खाते में भेजे जाने और फिर वहां से अलग-अलग बैंक खातों में रकम स्थानांतरित किए जाने का मामला सामने आया है। बताया गया है कि सात सितंबर से दस सितंबर के बीच कई बार में यह धनराशि नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर के माध्यम से एक खाते में पहुंची और इसके बाद अलग-अलग समय पर अलग-अलग खातों में धनराशि भेज दी गई। मोबाइल फोन खराब होने के कारण खाताधारक को तत्काल घटना की जानकारी नहीं हो सकी। फोन चालू होने पर मामले का पता चला। पीड़ित की शिकायत पर तितावी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सेना में जवान है खाताधारक**

धनसैनी निवासी गौरव कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई सौरव भारतीय सेना में जवान है। सौरव का एक्सिस बैंक में खाता है। गौरव के अनुसार सात सितंबर से दस सितंबर 2026 के बीच उसके भाई के खाते से संबंधित एक लाख 16 हजार रुपये की धनराशि अलग-अलग लेनदेन के माध्यम से उसके इंडियन बैंक खाते में भेजी गई। तहरीर के मुताबिक यह पूरी धनराशि एक बार में नहीं, बल्कि अलग-अलग लेनदेन के जरिए भेजी गई। गौरव ने आरोप लगाया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर के माध्यम से रकम उसके खाते में भेजी गई। इसके बाद उसके खाते से भी रकम अलग-अलग समय पर कई अलग-अलग बैंक खातों में स्थानांतरित कर दी गई।

**एक खाते से दूसरे और फिर कई खातों में पहुंची रकम**

मामले में सबसे अहम बात यह सामने आई है कि करीब एक लाख 16 हजार रुपये पहले सेना के जवान के एक्सिस बैंक खाते से गौरव के इंडियन बैंक खाते में पहुंचे और उसके बाद उसी रकम को अलग-अलग लेनदेन के माध्यम से दूसरे बैंक खातों में भेज दिया गया। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि रकम किन खातों में गई और इन खातों का संचालन कौन कर रहा है। गौरव ने पुलिस को बताया कि घटनाक्रम के दौरान उसका मोबाइल फोन खराब होने के कारण बंद था। मोबाइल बंद होने की वजह से खाते में हो रहे लेनदेन की जानकारी उसे तत्काल नहीं मिल सकी। इस दौरान रकम अलग-अलग खातों में स्थानांतरित होती रही। 14 सितंबर को जब गौरव का मोबाइल फोन चालू हुआ तो उसके भाई सौरव ने खाते से धनराशि गायब होने की जानकारी दी। इसके बाद दोनों को खाते से हुए संदिग्ध लेनदेन का पता चला। बैंक खाते की जानकारी देखने पर अलग-अलग तारीख और समय पर धनराशि के लेनदेन सामने आए। घटना सामने आने के बाद पीड़ित ने थाना तितावी पहुंचकर पुलिस को पूरी जानकारी दी और रकम वापस दिलाने के साथ आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब बैंक खातों में हुए लेनदेन, धनराशि भेजे जाने के समय और जिन खातों में रकम पहुंची है, उनकी जानकारी जुटाने की कार्रवाई कर रही है। पीड़ित ने पुलिस से करीब एक लाख 16 हजार रुपये की धनराशि वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस की जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि यह रकम किस व्यक्ति या गिरोह द्वारा और किस तरीके से दूसरे खातों में भेजी गई। पुलिस बैंकिंग लेनदेन से जुड़े विवरण के आधार पर आगे की कार्रवाई में जुटी है। तितावी पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। अब जांच का मुख्य केंद्र उन बैंक खातों को बनाया गया है, जिनमें गौरव के खाते से धनराशि भेजी गई।

**रॉयल बुलेटिन**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अनिल रॉयल ने मै. साईं प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सैक्टर-6 नोएडा-201301 से मुद्रित कराकर **रॉयल हाऊस, 174, गांधी कालौनी (उत्तरी), मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।**

**सम्पादकः**
◆अनिल रॉयल

✆:(0131) 2412222, मो. 9412211222
**e-mail Address :** royalbulletin@gmail.com




रॉयल बुलेटिन
मुजफ्फरनगर समाचार
शुक्रवार 18 सितम्बर 2026 पृष्ठ 3



# मुजफ्फरनगर में बार और शराब के गोदामों पर आबकारी विभाग के छापे: मदिरा के रिकार्डों की हुई जांच, सख्त निर्देश जारी

### शराब की अंतरजिला तस्करी को रोकने के लिए मेरठ-शामली बॉर्डर पर चला विशेष चेकिंग अभियान

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश की अपर मुख्य सचिव एवं आबकारी आयुक्त (प्रयागराज) द्वारा जारी कड़े निर्देशों के अनुपालन में मुजफ्फरनगर जिले में आबकारी विभाग ने बड़े पैमाने पर विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) संजीव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में संचालित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री, परिवहन और तस्करी पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाना है।

**मदिरा गोदामों और बारों का औचक निरीक्षण**

आबकारी निरीक्षकों की अलग-अलग टीमों ने विशेष अभियान के तहत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित मदिरा गोदामों और बारों पर अचानक छापेमारी की। आबकारी टीम ने मौके पर मौजूद मदिरा के स्टॉक का गहन भौतिक सत्यापन किया तथा संबंधित पंजिकाओं व रिकार्डों की जांच की। अधिकारियों ने संचालकों को नियमों का कड़ाई से पालन करने और किसी भी प्रकार की अनियमितता से दूर रहने के सख्त निर्देश दिए।

**बॉर्डर पर रोड चेकिंग से तस्करों में हड़कंप**

आबकारी विभाग की टीमों ने गोदामों की जांच के साथ-साथ अवैध शराब की अंतरजिला तस्करी को रोकने के लिए मेरठ-शामली बॉर्डर पर विशेष




नाकाबंदी कर रोड चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सीमा से गुजरने वाले संदिग्ध चारपहिया व व्यावसायिक वाहनों को रोककर उनकी सघन तलाशी ली गई।

**अवैध मदिरा के खिलाफ जारी रहेगा सख्त अभियान**

सघन जांच और व्यापक चेकिंग अभियान के दौरान किसी भी वाहन से कोई अवैध मदिरा या संदिग्ध सामग्री बरामद नहीं हुई। आबकारी अधिकारियों का कहना है कि जिले में अवैध शराब का कारोबार करने वालों और तस्करों के खिलाफ विभाग का यह प्रवर्तन अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र में पूरी तरह पारदर्शिता और कानून व्यवस्था बनी रहे।

# मुजफ्फरनगर में 10 साल पुराने मामले में आरोपी दोषमुक्त: फैसले पर जज रवि कुमार दिवाकर का छलका दर्द, फैसले में लिखा- 'न्यायाधीश के साथ अन्याय हो तो कहां जाए?'

### तत्कालीन जिला जज द्वारा रिटायरमेंट से 13 दिन पहले 97 फाइलें ट्रांसफर करने पर उठाए सवाल

मुजफ्फरनगर। जिला एवं सत्र न्यायालय (फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या-3) के पीठासीन अधिकारी रवि कुमार दिवाकर ने बृहस्पतिवार को एनडीपीएस एक्ट के 10 साल पुराने एक मामले में फैसला सुनाते हुए न्याय व्यवस्था की आंतरिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। साक्ष्य के अभाव में आरोपी अशोक भारत को दोषमुक्त करते हुए न्यायाधीश ने फैसले में लिखा कि 'न्यायाधीश का काम न्याय करना होता है, लेकिन यदि उसी के साथ अन्याय हो तो वह कहां जाए?'

**'तारीख पर तारीख' और 97 पत्रावलियों का ट्रांसफर**

अदालत ने फैसले में चर्चित फिल्म 'दामिनी' के 'तारीख पर तारीख' वाले संवाद का जिक्र करते हुए कहा कि एक बेकसूर व्यक्ति को न्याय पाने में एक दशक का लंबा समय लग गया। इसी



फैसले के दौरान न्यायाधीश ने अपनी अदालत से 18 अगस्त को ट्रांसफर की गई हत्या से जुड़ी 97 पत्रावलियों का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि तत्कालीन जनपद न्यायाधीश ने अपने रिटायरमेंट से महज 13 दिन पहले बिना कोई स्पष्ट कारण बताए इन सभी 97 फाइलों को रिकॉल कर अपने न्यायालय में स्थानांतरित कर लिया था।

**प्रशासनिक आदेशों की वैधता पर सवाल**

न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने अपने निर्णय में सवाल उठाया कि क्या जिला जज के प्रशासनिक नियंत्रण में काम करने वाला अधीनस्थ न्यायाधीश जिला जज के ऐसे आदेशों को मानने के लिए बाध्य है जो विधि के विपरीत हों? इस फैसले के सामने आने के बाद न्यायिक हलकों में प्रशासनिक नियंत्रण और मुकदमों के हस्तांतरण को लेकर नई बहस छिड़ गई है।

# चरथावल में ईंट-भट्टे पर काम के नाम पर 3.23 लाख की ठगी: पुलिस में दी तहरीर

### रकम मांगने पर पीड़ित को मिली जान से मारने की धमकी

मुजफ्फरनगर। चरथावल थाना क्षेत्र में पंजाब के ईंट-भट्ठों पर काम दिलाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 3.23 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। गांव ताजपुर कलां निवासी अमित कुमार ने चरथावल देहात के सात लोगों पर धोखाधड़ी, ऑनलाइन ट्रांसफर के जरिए रकम हड़पने और पैसे वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने गुरुवार को पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

**पंजाब जाने के लिए ट्रक कराया था बुक, फिर हुए फरार**

पीड़ित अमित कुमार के अनुसार, आरोपियों ने उन्हें पंजाब के संगरूर और बरनाला में ईंट-भट्ठों पर पथेर का काम दिलाने का भरोसा दिया था। इसके एवज में पहले 63 हजार रुपये नकद और फिर 14 सितंबर को 2.60 लाख



रुपये ऑनलाइन व एडवांस के रूप में ले लिए गए। 15 सितंबर को पंजाब जाने के लिए ट्रक भी किराए पर बुक करा लिया गया था, लेकिन इसके बाद सातों आरोपी मोबाइल बंद कर गायब हो गए।

**पुलिस कर रही ऑनलाइन ट्रांजैक्शन और वीडियो की जांच**

अमित का आरोप है कि संपर्क होने पर जब उन्होंने अपनी गाढ़ी कमाई वापस मांगी तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

पीड़ित का दावा है कि उनके पास रकम के लेनदेन की वीडियो रिकॉर्डिंग और ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के सबूत मौजूद हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और साक्ष्यों के आधार पर कानूनी कार्रवाई की बात कही है।

# बुढ़ाना में वाहन की टक्कर से महिला की मौत: मेरठ मेडिकल में तोड़ा दम, परिजनों में मचा कोहराम

### बड़ौत मार्ग पर अज्ञात वाहन से हुआ सड़क हादसा




बुढ़ाना (मुजफ्फरनगर)। कस्बे के मंदवाड़ा रोड की रहने वाली 60 वर्षीय महिला विमला की हादसे के तीन दिन बाद मेरठ मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। महिला रविवार शाम सड़क पार करते समय एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

**सड़क पार करते समय हुआ हादसा**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विमला पत्नी सतपाल रविवार शाम को किसी काम से बड़ौत मार्ग पर गई थीं। जैसे ही वे सड़क पार करने लगीं, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि विमला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

**मेरठ मेडिकल में चल रहा था इलाज**

स्थानीय लोगों और परिजनों की मदद से घायल महिला को तुरंत बुढ़ाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) ले जाया गया। डॉक्टरों ने महिला की नाजुक स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें मेरठ मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां बुधवार को उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार कर दिया है।

# मंसूरपुर के गांव जोहरा में मंदिर-अस्पताल के पास से शराब ठेका हटाने की मांग: एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई का आश्वासन

### भाकियू अराजनैतिक ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

मुजफ्फरनगर। खतौली तहसील क्षेत्र के अंतर्गत मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव जोहरा में धार्मिक स्थल और सरकारी अस्पताल के समीप संचालित हो रहे शराब के ठेके को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के कार्यकताओं के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पहुँचकर उपजिलाधिकारी (एसडीएम) डॉ. ललित मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा और शराब ठेके को आबादी क्षेत्र से दूर स्थानांतरित करने की पुरजोर मांग उठाई।

**महिलाओं और स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर संकट**

एसडीएम को दिए गए प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों ने अपनी गंभीर समस्याओं को उजागर करते हुए बताया कि शराब का ठेका घनी आबादी के बीच स्थित है, जहाँ ठीक पास में ही मंदिर और सरकारी अस्पताल भी मौजूद हैं। ठेका




होने के कारण यहाँ दिन-रात पियक्कड़ों का जमावड़ा लगा रहता है। इस वजह से अस्पताल में इलाज कराने और दवा लेने आने वाली महिलाओं, युवतियों तथा दैनिक रूप से रास्ते से गुजरने वाले स्कूली बच्चों को भारी असुविधा, मानसिक परेशानी और असुरक्षा के माहौल का सामना करना पड़ रहा है।

**समाधान न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी**

ज्ञापन सौंपने के दौरान भाकियू (अराजनैतिक) के किसान नेताओं ने कड़ा रुख अपनाते हुए प्रशासन को चेतावनी दी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि इस शराब ठेके को जल्द से जल्द आबादी, धार्मिक स्थल और चिकित्सीय क्षेत्र से हटाकर किसी दूरस्थ स्थान पर स्थानांतरित नहीं किया गया, तो संगठन ग्रामीणों के साथ मिलकर तहसील परिसर में उग्र धरना-प्रदर्शन और व्यापक आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा।

# मुजफ्फरनगर में नगर पालिका ने जल निकासी से जुड़े निरस्त किए एक दर्जन टेंडर: अब निकाले जाएंगे ऑनलाइन टेंडर

### चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप का पारदर्शिता की दिशा में बड़ा फैसला

मुजफ्फरनगर। शहर में बरसात के दौरान जलभराव की गंभीर समस्या से निपटने के लिए नगर पालिका द्वारा जारी किए गए 12 ऑफलाइन टेंडरों को निरस्त कर दिया गया है। नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के निर्देश पर निर्माण विभाग ने यह कार्रवाई की है। अब प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से इन सभी विकास कार्यों के लिए नए सिरे से ऑनलाइन टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे। जलभराव से मुक्ति के लिए 90 लाख का बजट

गौरतलब है कि मानसून के दौरान शहर के विभिन्न वार्डों व प्रमुख मार्गों पर जल निकासी की विकराल




समस्या देखने को मिली थी। इसके स्थायी समाधान के लिए नगर पालिका के निर्माण विभाग ने 12 अलग-अलग स्थानों पर जलनिकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लगभग ₹90 लाख का बजट तैयार किया था। कार्य की तात्कालिक आवश्यकता को देखते हुए पूर्व में ऑफलाइन टेंडर आमंत्रित किए गए थे और विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के नाम टेंडर छूट भी चुके थे।

**पारदर्शिता के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया की शुरूआत**

चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप के रुख को देखते हुए पूर्व में हुई ऑफलाइन प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया। निर्माण विभाग के सहायक अभियंता नेपाल सिंह ने जानकारी दी कि चेयरपर्सन के निदेर्शानुसार अब इन सभी 12 कार्यों के लिए दोबारा ऑनलाइन टेंडर (E-Tender) आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही विज्ञापन जारी कर पारदर्शी तरीके से टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाएगी ताकि जल निकासी का काम समय से शुरू हो सके।

# तेरहवीं से लौट रहे मेहमानों की ई-रिक्शा पलटी, दो महिलाएं गंभीर

### एक महिला का हाथ तो दूसरी का पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त, चालक पर नशे में होने का आरोप

मुजफ्फरनगर। मंसूरपुर क्षेत्र के गांव मुबारिकपुर में गुरुवार को रस्म तेरहवीं से लौट रहे मेहमानों से भरी ई-रिक्शा गांव के बाईपास के पास अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में ई-रिक्शा सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। दोनों घायलों को उपचार के लिए बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

गांव मुबारिकपुर निवासी मोनू पुत्र धूमसिंह की मां का कुछ दिन पूर्व बीमारी के चलते निधन हो गया था।



गुरुवार को उनकी रस्म तेरहवीं थी। दोपहर बाद रस्म पूरी होने के बाद मेहमान अपने-अपने घरों के लिए रवाना होने लगे। इसी दौरान मुजफ्फरनगर निवासी प्रेम पत्नी मामचंद, बहादुरपुर निवासी सूरजमुखी पत्नी बाबूराम समेत अन्य लोग ई-रिक्शा में सवार होकर गांव के बाईपास की ओर पहुंचे।

बताया गया कि बाईपास के पास अचानक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में प्रेम और सूरजमुखी गंभीर रूप से घायल हो गईं। दुर्घटना में एक महिला का हाथ, जबकि दूसरी महिला का पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। लोगों ने दोनों घायलों को तत्काल बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ई-रिक्शा चालक शराब के नशे में था और इसी कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। पुलिस मामले की जानकारी जुटा रही है।

# तेज तूफान और मूसलाधार बारिश से जमकर तबाही

मीरापुर। बृहस्पतिवार सुबह अचानक आए तेज तूफान और मूसलाधार बारिश ने मीरापुर क्षेत्र में जमकर तबाही मचा दी। तेज हवाओं और बारिश के चलते खेतों में खड़ी गन्ना, धान, बाजरा और मक्का समेत कई फसलें जमीन पर बिछ गईं। फसलों के अलावा पेड़ भी टूटकर नीचे गिर गए। अचानक आई प्राकृतिक आपदा से किसानों को लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है।

सुबह अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक चले तूफान ने किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया। तेज हवाओं के कारण गन्ने और मक्का की फसल खेतों में गिर गई, जबकि धान और बाजरा की फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। खेतों में फसलें बिछी देखकर किसान मायूस नजर आए। तूफान के बाद किसानों ने अपने खेतों का रुख किया तो जगह-जगह फसलें गिरी पड़ी मिलीं। किसानों का कहना है कि फसल तैयार करने में उन्होंने काफी मेहनत और धन खर्च किया था। अब फसल गिरने से उत्पादन



प्रभावित होने के साथ आर्थिक नुकसान की चिंता भी सताने लगी है। वहीं, तेज तूफान ने विद्युत व्यवस्था को भी प्रभावित किया। कई स्थानों पर विद्युत पोल टूटकर जमीन पर गिर गए, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। विद्युत विभाग की टीम क्षतिग्रस्त पोल और लाइनों को दुरुस्त करने में जुटी रही। किसान चैधरी जोगेन्द्र, वीरेन्द्र, सतेन्द्र, मौ अली, अजय, सुक्खन, शरणवीर, नरेन्द्र, बेदू, गुड्डू, बिजेन्द्र, नरेन्द्र आदि ने प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों में खेतों का सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन कराने और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। किसानों ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द नुकसान का सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करे।तेज तूफान और मूसलाधार बारिश से जमकर तबाही

मीरापुर। बृहस्पतिवार सुबह अचानक आए तेज तूफान और मूसलाधार बारिश ने मीरापुर क्षेत्र में जमकर तबाही मचा दी। तेज हवाओं और बारिश के चलते खेतों में खड़ी गन्ना, धान, बाजरा और मक्का समेत कई फसलें जमीन पर बिछ गईं। फसलों के अलावा पेड़ भी टूटकर नीचे गिर गए। अचानक आई प्राकृतिक आपदा से किसानों को लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है।

सुबह अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक चले तूफान ने किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया। तेज हवाओं के कारण गन्ने और मक्का की फसल खेतों में गिर गई, जबकि धान और बाजरा की फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। खेतों में फसलें बिछी देखकर किसान मायूस नजर आए। तूफान के बाद किसानों ने अपने खेतों का रुख किया तो जगह-जगह फसलें गिरी पड़ी मिलीं।

किसानों का कहना है कि फसल तैयार करने में उन्होंने काफी मेहनत और धन खर्च किया था। अब फसल गिरने से उत्पादन प्रभावित होने के साथ आर्थिक नुकसान की चिंता भी सताने लगी है। वहीं, तेज तूफान ने विद्युत व्यवस्था को भी प्रभावित किया। कई स्थानों पर विद्युत पोल टूटकर जमीन पर गिर गए, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। विद्युत विभाग की टीम क्षतिग्रस्त पोल और लाइनों को दुरुस्त करने में जुटी रही। किसान चैधरी जोगेन्द्र, वीरेन्द्र, सतेन्द्र, मौ अली, अजय, सुक्खन, शरणवीर, नरेन्द्र, बेदू, गुड्डू, बिजेन्द्र, नरेन्द्र आदि ने प्रशासन से प्रभावित क्षेत्रों में खेतों का सर्वे कराकर फसल नुकसान का आकलन कराने और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। किसानों ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द नुकसान का सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करे।

# ट्रक की टंकी से डीजल चोरी कर बेचने के आरोप में चालक व गोदाम मालिक गिरफ्तार

### कब्जे से 20 लीटर डीजल बरामद, मंसूरपुर पुलिस ने की कार्रवाई

मुजफ्फरनगर। ट्रक की टंकी से डीजल निकालकर बेचने के मामले में मंसूरपुर पुलिस ने ट्रक चालक और गोदाम मालिक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से करीब 20 लीटर डीजल बरामद करने का दावा किया है।

पुलिस के अनुसार, 16 सितंबर को ट्रक मालिक मनीष गुप्ता पुत्र जितेंद्र कुमार गुप्ता, निवासी कंबल वाला बाग, थाना नई मंडी, मुजफ्फरनगर ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी गाड़ी संख्या यूपी-12 बीटी-3090 के चालक द्वारा सीएनजी पेट्रोल पंप के निकट पूजा



होटल, थाना मंसूरपुर स्थित गोदाम में ट्रक की टंकी से डीजल निकालकर बेचने का मामला सामने आया है।

शिकायत के आधार पर मंसूरपुर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 271/26, धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक ओमपाल पुत्र चंद्रकिरण, निवासी 1597 जनकपुरी, थाना सिविल लाइन, मुजफ्फरनगर तथा गोदाम मालिक तेजपाल पुत्र बारू सिंह, निवासी ग्राम संधावली, थाना मंसूरपुर को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 20 लीटर डीजल बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ओमपाल को न्यायालय में पेश किया गया।

कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक विपिन कुमार त्यागी, उपनिरीक्षक तेजवीर सिंह, कांस्टेबल राहुल कुमार और कांस्टेबल पुष्पेंद्र सिंह शामिल रहे।

# बंसल गारमेंट पर दो युवकों ने किया क्यूआर कोड फ्रॉड, पुलिस ने शुरू की तलाश

मीरापुर। कस्बे के मोहल्ला कमलियान मार्केट में बंसल गारमेंट चलाने वाली युवती से बाइक सवार दो युवकों ने क्यूआर कोड के जरिए धोखाधड़ी कर दी। पीड़िता की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

मोहल्ला सरफपुरा निवासी अंशिका बंसल पुत्री विजेंद्र बंसल कमलियान मोहल्ले में बंसल गारमेंट के नाम से रेडीमेड कपड़ों की दुकान चलाती हैं। गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे दो युवक बाइक से दुकान पर पहुंचे और दो टी-



शर्ट व एक शर्ट खरीदी। भुगतान के लिए उन्होंने अंशिका से क्यूआर कोड मांगा और एक युवक ने फर्जी एप के माध्यम से खाते में एक हजार रुपये भेजने का मैसेज दिखा दिया। जब अंशिका ने अपने मोबाइल में बैंक खाता चेक किया तो रकम जमा नहीं हुई। इसी बीच दोनों युवक बाइक से फरार हो गए। पीड़िता ने भारतीय व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अक्की को सूचित किया जिसके बाद नगर अध्यक्ष ने डायल 112 को जानकारी दी।

जिसके बाद पुलिस मौके पहुंची तथा सीसीटीवी कैमरो की सहायता से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। कस्बे के व्यापारियों के अनुसार, मीरापुर में इस तरह की धोखाधड़ी के मामले काफी बढ़ रहे हैं। कुछ दिन पूर्व शिवम वत्स की कॉस्मेटिक दुकान पर भी इसी तरह की ठगी हुई थी। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने व्यापारियों से भुगतान की पुष्टि खाते में स्वयं करने की अपील की है।

# संपादकीय

## महंगाई की दोहरी मार, आम आदमी की जेब पर बढ़ रहा बोझ

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए खुदरा महंगाई की दर अगस्त में क्रमशः 5.23 फीसद और 4.31 फीसद दर्ज की गई। खाद्य वस्तुओं की आपूर्ति सुचारु रखने, जमाखोरी और कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण करने तथा किसानों को उचित उत्पादन और भंडारण सुविधाएं देने की जरूरत है।जब वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें लगातार बढ़ती हैं, तो इसका सबसे ज्यादा असर समाज के उस वर्ग पर पड़ता है, जिसकी आय कम होती है और संसाधनों का दायरा भी सीमित होता है। भोजन, कपड़े, मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन जैसी आवश्यकताओं पर बढ़ता खर्च इन परिवारों के बजट को बिगाड़ देता है। सरकार की ओर से बीते सोमवार को जारी महंगाई के आंकड़ों से साफ है कि आम लोगों को अब रोजमर्रा की जरूरी वस्तुओं के लिए अपनी जेब और ज्यादा ढीली करनी पड़ रही है।खाद्य, ईंधन एवं विनिर्मित वस्तुओं के दाम बढ़ने से अगस्त में थोक महंगाई बढ़कर 9.92 फीसद, जबकि खुदरा महंगाई 4.82 फीसद पर पहुंच गई है। इससे पिछले माह जुलाई में यह क्रमशः 9.78 फीसद और 4.45 फीसद थी। जनवरी से लागू 2024 आधार वर्ष वाली नई शृंखला के बाद से अगस्त की खुदरा महंगाई का यह आंकड़ा अब तक का सबसे अधिक है।यही नहीं, अगले माह से यूपीआइ के जरिए दो हजार रुपए से अधिक की राशि के भुगतान पर भी शुल्क लगेगा। सरकार की ओर से मंगलवार को तय की गई शुल्क दरों में हालांकि आम लोगों के बीच यूपीआइ से लेन-देन को इससे बाहर रखा गया है, लेकिन अन्य सरकारी एवं निजी सेवाओं के लिए भुगतान पर शुल्क देना होगा। यानी आम आदमी को अब महंगाई की दोहरी मार झेलनी पड़ेगी।राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए खुदरा महंगाई की दर अगस्त में क्रमशः 5.23 फीसद और 4.31 फीसद दर्ज की गई। इससे स्पष्ट है कि ग्रामीण क्षेत्रों में वस्तुओं के दाम ज्यादा बढ़े हैं, जहां लोगों की आय सीमित होती है। प्याज की महंगाई दर का जुलाई के 22.54 फीसद की तुलना में अगस्त में उछलकर 48.27 फीसद पर पहुंचना दर्शाता है कि प्याज आम लोगों की रसोई से गायब होने लगा है।यही हाल लहसुन और अदरक का भी है। ऐसे में निम्न और मध्य वर्गीय परिवारों को अपनी जरूरतों में कटौती करनी पड़ रही है। आय में वृद्धि अगर महंगाई की गति से कम हो, तो घरेलू बजट को संभालना मुश्किल हो जाता है। इसमें दोराय नहीं कि अगले माह की शुरुआत में जब भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक होगी, तब नीतिगत ब्याज दरों पर फैसला करने में महंगाई का यह बढ़ा हुआ स्तर एक प्रमुख कारक साबित हो सकता है।यह भी महत्त्वपूर्ण है कि महंगाई का असर केवल घरेलू बजट तक सीमित नहीं रहता। जब लोगों की क्रय शक्ति घटती है, तो बाजार में मांग भी प्रभावित होती है। यानी इसका असर देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है।

**गांधी के लिए लोकतंत्र केवल राजनीतिक सत्ता प्राप्त करने की व्यवस्था नहीं था, बल्कि कमजोर से कमजोर व्यक्ति को सम्मान, अवसर और न्याय उपलब्ध कराने की व्यवस्था था। वे लोकतंत्र को अहिंसा, अनुशासन, आत्मसंयम और नागरिक चेतना से जोड़ते थे। उनका स्पष्ट विचार था कि लोकतंत्र हिंसा और असत्य के सहारे कायम नहीं रह सकता। विंस्टन चर्चिल का प्रसिद्ध कथन भी लोकतंत्र की वास्तविक प्रकृति को समझने में मदद करता हैकृ लोकतंत्र शासन की सबसे खराब प्रणाली है, उन सभी प्रणालियों को छोड़कर जिन्हें आजमाया जा चुका है। यह कथन लोकतंत्र की कमियों को स्वीकार करते हुए भी उसकी श्रेष्ठता को रेखांकित करता है। लोकतंत्र पूर्ण व्यवस्था नहीं है, लेकिन उसमें आत्म-सुधार की क्षमता है। जनता सरकार को चुन सकती है, उसकी आलोचना कर सकती है और आवश्यकता पड़ने पर उसे बदल सकती है। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है-सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण।**

# शांति, स्वतंत्रता और समानता का बुनियादी स्तंभ है लोकतंत्र

(ललित गर्ग)



लोकतंत्र की दूसरी बड़ी आवश्यकता है संवाद की संस्कृति। असहमति लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, उसकी शक्ति है। सरकार से प्रश्न पूछना राष्ट्र-विरोध नहीं; विपक्ष की आलोचना लोकतंत्र-विरोध नहीं; मीडिया द्वारा सत्ता से जवाब मांगना व्यवस्था-विरोध नहीं। बल्कि यही लोकतंत्र की जीवंतता के प्रमाण हैं। लोकतंत्र केवल मतपत्र पर लगाई गई मुहर का नाम नहीं है। यह उस विश्वास का नाम है जिसमें प्रत्येक नागरिक को अपनी आवाज, अपनी गरिमा और अपने अधिकारों के साथ राष्ट्र-निर्माण में सहभागी होने का अवसर मिलता है। एक तरह से शांति, स्वतंत्रता, समानता एवं सह-जीवन का बुनियादी स्तंभ है लोकतंत्र। हर वर्ष 15 सितंबर को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस इसी लोकतांत्रिक चेतना को मजबूत करने का अवसर है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2007 में इस दिवस की स्थापना की थी और 2008 से इसका आयोजन हो रहा है। 2026 में अंतर-संसदीय संघ-आईपीयू ने लोकतंत्र दिवस के लिए मानवाधिकारों को केंद्र में लाएं को प्रमुख विषय बनाया है। इसका संदेश स्पष्ट है कि मानवाधिकार लोकतंत्र के सजावटी तत्व नहीं, बल्कि उसकी बुनियादी शर्त हैं। मानवाधिकार सुरक्षित नहीं हैं तो चुनाव, संसद और संविधान की मौजूदगी के बावजूद लोकतंत्र अधूरा रहेगा। आज दुनिया के सामने लोकतंत्र का सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि क्या लोकतंत्र केवल संस्थागत ढांचे के रूप में जीवित है या उसके भीतर नागरिक स्वतंत्रता, समानता, न्याय, संवाद और मानवीय गरिमा भी सुरक्षित हैं? संयुक्त राष्ट्र भी 2026 में लोकतंत्र को केवल चुनावों तक सीमित न मानते हुए मानवाधिकार, कानून के शासन और नागरिकों की सार्थक भागीदारी को उसकी अनिवार्य आत्मा मान रहा है। लोकतंत्र की खूबसूरती यह है कि सत्ता का अंतिम स्रोत जनता होती है। लेकिन इसकी कमजोरी भी यहीं से शुरू होती है। जब जनता अपनी जिम्मेदारी भूल जाती है, जब नागरिक अपने अधिकारों के प्रति तो जागरूक रहते हैं लेकिन कर्तव्यों के प्रति उदासीन हो जाते हैं, जब चुनाव जाति, धर्म, क्षेत्र, धनबल, बाहुबल या झूठे प्रचार के प्रभाव में आने लगते हैं, तब लोकतंत्र का बाहरी ढांचा तो बचा रहता है, लेकिन उसकी आत्मा कमजोर होने लगती है। आज दुनिया के अनेक देशों में लोकतांत्रिक संस्थाओं के सामने गंभीर चुनौतियां हैं। राजनीतिक ध्रूवीकरण बढ़ रहा है, संस्थाओं की स्वतंत्रता पर सवाल उठ रहे हैं, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों पर दबाव दिखाई देता है तथा सत्ता के केंद्रीकरण की प्रवृत्ति कई समाजों में चिंता का कारण बन रही है। लोकतंत्र के नाम पर चुनाव हो जाना पर्याप्त नहीं है। यदि चुनाव के बाद नागरिकों की आवाज को महत्व न मिले, विपक्ष को शत्रु समझा जाए, मीडिया स्वतंत्र न रहे, न्यायपालिका पर दबाव हो और सत्ता जवाबदेही से मुक्त होने लगे, तो लोकतंत्र धीरे-धीरे बहुमत की निरंकुशता में बदल सकता है। महात्मा गांधी का लोकतंत्र संबंधी चिंतन आज भी इस संदर्भ में अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने कहा था- मेरे विचार में लोकतंत्र में सबसे कमजोर व्यक्ति को वही अवसर मिलना चाहिए जो सबसे शक्तिशाली व्यक्ति को मिलता है। गांधी के लिए लोकतंत्र केवल राजनीतिक सत्ता प्राप्त करने की व्यवस्था नहीं था, बल्कि कमजोर से कमजोर व्यक्ति को सम्मान, अवसर और न्याय उपलब्ध कराने की व्यवस्था था। वे लोकतंत्र को अहिंसा, अनुशासन, आत्मसंयम और नागरिक चेतना से जोड़ते थे। उनका स्पष्ट विचार था कि लोकतंत्र हिंसा और असत्य के सहारे कायम नहीं रह सकता। विंस्टन चर्चिल का प्रसिद्ध कथन भी लोकतंत्र की वास्तविक प्रकृति को समझने में मदद करता हैकृ लोकतंत्र शासन की सबसे खराब प्रणाली है, उन सभी प्रणालियों को छोड़कर जिन्हें आजमाया जा चुका है। यह कथन लोकतंत्र की कमियों को स्वीकार करते हुए भी उसकी श्रेष्ठता को रेखांकित करता है। लोकतंत्र पूर्ण व्यवस्था नहीं है, लेकिन उसमें आत्म-सुधार की क्षमता है। जनता सरकार को चुन सकती है, उसकी आलोचना कर सकती है और आवश्यकता पड़ने पर उसे बदल सकती है। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है-सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण। जहां सत्ता परिवर्तन के लिए हिंसा, क्रांति या रक्तपात की आवश्यकता नहीं पड़ती और मतदाता अपनी इच्छा से सरकार बदल सकता है, वहीं लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होती हैं। लेकिन इसके लिए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन व्यवस्था, स्वतंत्र न्यायपालिका, स्वतंत्र मीडिया और सक्रिय नागरिक समाज आवश्यक हैं। आज लोकतंत्र के सामने एक नई और जटिल चुनौती कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई और डिजिटल तकनीक के रूप में भी सामने आई है। तकनीक लोकतंत्र को अधिक सहभागी और पारदर्शी बना सकती है। सरकारी योजनाओं की निगरानी, नागरिक शिकायतों के समाधान, नीति-निर्माण में आंकड़ों के उपयोग और जनता की राय को शासन तक पहुंचाने में एआई उपयोगी हो सकता है। लेकिन यही तकनीक गलत सूचना, डीपफेक, लक्षित दुष्प्रचार, हेट स्पीच और जनमत को प्रभावित करने का माध्यम भी बन सकती है। संयुक्त राष्ट्र ने भी एआई की इन संभावनाओं और जोखिमों के बीच संतुलन तथा उसके जिम्मेदार शासन की आवश्यकता पर बल दिया है। इसलिए लोकतंत्र का डिजिटल भविष्य केवल तकनीकी क्षमता से तय नहीं होगा, बल्कि इस बात से तय होगा कि तकनीक के पीछे मानवीय विवेक कितना मजबूत है। एआई लोकतंत्र का विकल्प नहीं, लोकतांत्रिक विवेक का सहायक होना चाहिए। तकनीक नागरिक को नियंत्रित करने का उपकरण नहीं, नागरिक को सशक्त करने का माध्यम बने- यही लोकतांत्रिक तकनीकी संस्कृति की कसौटी होनी चाहिए। लोकतंत्र की दूसरी बड़ी आवश्यकता है संवाद की संस्कृति। असहमति लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, उसकी शक्ति है। सरकार से प्रश्न पूछना राष्ट्र-विरोध नहीं; विपक्ष की आलोचना लोकतंत्र-विरोध नहीं; मीडिया द्वारा सत्ता से जवाब मांगना व्यवस्था-विरोध नहीं। बल्कि यही लोकतंत्र की जीवंतता के प्रमाण हैं। जब असहमति को दबाया जाता है, तब लोकतंत्र का संवाद समाप्त होता है और उसके स्थान पर भय जन्म लेता है। इसीलिए लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए राजनीतिक दलों में भी आंतरिक लोकतंत्र जरूरी है। जो राजनीतिक संगठन अपने भीतर विचार-विमर्श, पारदर्शिता और नेतृत्व परिवर्तन की स्वस्थ परंपरा नहीं रखते, वे व्यापक समाज में लोकतांत्रिक संस्कार कैसे विकसित कर सकते हैं? लोकतंत्र की शुरुआत संसद से पहले राजनीतिक दलों और नागरिक समाज के भीतर होनी चाहिए। साथ ही लोकतंत्र को केवल राष्ट्रीय सत्ता तक सीमित रखना भी उचित नहीं। पंचायत, नगर निकाय और स्थानीय संस्थाएं लोकतंत्र की वास्तविक पाठशाला हैं। जिस लोकतंत्र में गांव का नागरिक अपने स्थानीय निर्णयों में सहभागी नहीं है, उसमें लोकतंत्र का विकेंद्रीकरण अधूरा है। गांधी का ग्राम स्वराज इसी व्यापक लोकतांत्रिक दृष्टि का प्रतीक था-सत्ता का प्रवाह ऊपर से नीचे नहीं, बल्कि नीचे से ऊपर की ओर हो। लोकतंत्र की सफलता के लिए नागरिकों को भी यह समझना होगा कि अधिकारों के साथ कर्तव्य जुड़े हैं। मतदान करना ही नागरिकता की पूर्ण जिम्मेदारी नहीं है। सही सूचना प्राप्त करना, संविधान और कानून का सम्मान करना, करों का ईमानदारी से भुगतान करना, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, सामाजिक सद्भाव बनाए रखना और गलत नीतियों के विरुद्ध शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठाना भी नागरिक धर्म है। अंततः लोकतंत्र कोई तैयार होकर मिल जाने वाली व्यवस्था नहीं, बल्कि निरंतर साधना है। उसे हर पीढ़ी को अपने आचरण, संस्थाओं और सार्वजनिक जीवन के माध्यम से मजबूत करना पड़ता है। लोकतंत्र तभी सार्थक है जब सत्ता जनता के प्रति जवाबदेह हो, संस्थाएं स्वतंत्र हों, मानवाधिकार सुरक्षित हों, कमजोर को न्याय मिले, असहमति का सम्मान हो और नागरिकों को यह विश्वास हो कि शासन वास्तव में उनके कल्याण के लिए है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र ही नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विविधता और जनभागीदारी का अद्भुत उदाहरण है।

# ब्रिक्स में भारत की शानदार कूटनीतिक सफलता ने ब्रांड मोदी को और मजबूत कर दिया है

(नीरज कुमार दुबे)

भारत और चीन के बीच हुई बातचीत भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। सीमा विवाद और लंबे समय से चले आ रहे तनाव के बावजूद दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व का आमने-सामने बैठना इस बात का प्रमाण है कि भारत अपनी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं से समझौता किए बिना संवाद के दरवाजे बंद नहीं करता।

दिल्ली में हुई ब्रिक्स शिखर बैठक को अगर केवल एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन मानकर देखा जाएगा तो उसकी असली राजनीतिक अहमियत समझ में नहीं आएगी। देखा जाये तो यह बैठक ऐसे समय में हुई, जब दुनिया कई मोर्चों पर तनाव, युद्ध, अविश्वास और बदलते शक्ति-संतुलन से गुजर रही है। ऐसे माहौल में भारत ने जिस तरह अलग-अलग ध्रुवों के देशों को एक मंच पर बैठाया, संवाद के रास्ते खोले और मतभेदों के बावजूद सहयोग की जमीन तैयार की, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विदेश नीति के लिए एक बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि के तौर पर सामने आई है।

ब्रिक्स की इस बैठक की सबसे बड़ी सफलता यही रही कि भारत ने उन देशों के बीच भी संवाद की संभावना पैदा की, जिनके बीच गहरे मतभेद हैं। ईरान और खाड़ी के देशों के बीच बातचीत इसका सबसे महत्वपूर्ण उदाहरण है। पश्चिम एशिया लंबे समय से टकराव, अविश्वास और संघर्ष का मैदान बना हुआ है। ऐसे समय में दिल्ली का मंच बातचीत के लिए उपलब्ध होना अपने आप में भारत की बढ़ती स्वीकार्यता का संकेत है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह दिखाया कि भारत किसी एक खेमे का हिस्सा बनकर नहीं, बल्कि अलग-अलग पक्षों से संवाद करते हुए अपने लिए स्वतंत्र कूटनीतिक स्थान बना सकता है।

भारत और चीन के बीच हुई बातचीत भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। सीमा विवाद और लंबे समय से चले आ रहे तनाव के बावजूद दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व का आमने-सामने बैठना इस बात का प्रमाण है कि भारत अपनी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं से समझौता किए बिना संवाद के दरवाजे बंद नहीं करता। यही वह बिंदु है जहां मोदी की कूटनीति की ताकत दिखाई देती है। अमेरिका से संबंध भी कायम हैं, रूस के साथ रिश्ते भी बने हुए हैं, चीन से संवाद भी हो रहा है और पश्चिम एशिया के अलग-अलग देशों के साथ भारत की स्वीकार्यता लगातार बढ़ रही है। यानी भारत किसी एक शक्ति के पीछे चलने के बजाय अपनी शर्तों पर संबंधों का संतुलन साध रहा है।

यही सफलता उस राजनीतिक नैरेटिव को भी कमजोर करती है, जिसमें बार-बार यह सवाल उठाया जाता रहा कि अगर पड़ोसी देश पाकिस्तान ने मक्का समझौता कर लिया, दूसरे देशों के साथ अपने समीकरण बना लिए और क्षेत्रीय स्तर पर भारत के खिलाफ गतिविधियां बढ़ीं तो क्या भारत की विदेश नीति असफल हो गई? विदेश नीति को केवल पड़ोस की तत्काल घटनाओं से मापना वास्तविक तस्वीर को छोटा कर देना है। असली सवाल यह है कि दुनिया की बड़ी शक्तियां भारत को किस नजर से देख रही हैं और संकट के समय कितने देश भारत के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं। दिल्ली की बैठक ने इस सवाल का जवाब काफी हद तक दे दिया है।

यहां प्रधानमंत्री मोदी की व्यक्तिगत कूटनीतिक छवि भी महत्वपूर्ण हो जाती है। नरेंद्र मोदी, व्लादिमीर पुतिन और शी चिनफिंग की तस्वीरें जिस तरह वैश्विक स्तर पर चर्चा में आई हैं, उनका राजनीतिक संदेश तस्वीर से कहीं बड़ा है। यह तस्वीर बताती है कि भारत का नेतृत्व एक साथ दुनिया की अलग-अलग शक्तियों के साथ संवाद करने की स्थिति में है। पश्चिमी देशों के लिए भी यह संदेश महत्वपूर्ण है कि भारत को नजरअंदाज करके वैश्विक राजनीति की कोई बड़ी रणनीति पूरी नहीं हो सकती।

इसका घरेलू राजनीतिक असर भी कम नहीं होगा। भाजपा लंबे समय से प्रधानमंत्री मोदी की मजबूत वैश्विक छवि को अपनी राजनीतिक पूंजी के रूप में इस्तेमाल करती रही है। ब्रिक्स की दिल्ली बैठक उस पूंजी को और मजबूत करने का अवसर देती है। विपक्ष यदि यह कहता है कि सरकार की विदेश नीति कमजोर पड़ गई है, तो भाजपा के पास दिल्ली में जुटे वैश्विक नेताओं, भारत की मध्यस्थ भूमिका और अलग-अलग शक्ति केंद्रों के साथ संवाद को सामने रखने का मजबूत राजनीतिक आधार तैयार हो गया है।

सबसे बड़ी बात यह है कि दिल्ली में मिली यह कूटनीतिक सफलता केवल एक शिखर सम्मेलन की सफलता बनकर नहीं रहने वाली। इसका सीधा और दीर्घकालिक लाभ भारत की सामरिक स्थिति को मिल सकता है। रूस, चीन, अमेरिका, यूरोप, ईरान और खाड़ी देशों जैसे अलग-अलग शक्ति केंद्रों के साथ एक साथ संवाद कायम रखने की मोदी की क्षमता ने यह संदेश दिया है कि भारत किसी दबाव या धड़े की राजनीति में बंधा हुआ नहीं है, बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर दुनिया की बड़ी शक्तियों के साथ संबंध तय करने की स्थिति में है। इसका असर आने वाले समय में व्यापार, निवेश, ऊर्जा सुरक्षा, सामरिक सहयोग और भारत की वैश्विक हैसियत, हर मोर्चे पर दिखाई दे सकता है।

# तो अब शुभेंदु करेंगे गरबा मर्यादा की भी रक्षा?

**गैर-मुसलमानों से यह अपेक्षा नहीं की जाती कि वे औपचारिक नमाज़ में मजहबी कर्तव्य के रूप में शामिल हों; वह स्थान और स्वरूप उन लोगों का है जो उस आस्था को स्वीकार करते हैं। अनेक परंपराओं में मूल उपासना-कर्म की सीमाएँ ऐसी ही हैं। नवरात्रि में गर्भ दीप या दुर्गा की मूर्ति के चारों ओर होने वाला गरबा उसी श्रेणी का आस्था-विशिष्ट कर्म है, राज्य द्वारा थोपा गया खुला सांस्कृतिक मेला नहीं। आज कई स्थानों पर गरबा अत्यधिक व्यावसायिक हो चुका है और हिंदू-भावना विहीन इवेंट मैनेजरों के हाथों विकृत हो रहा है।**

(तरुण विजय)

अब सब हैं कि सेक्युलर तालिबानी आवाजों के विरुद्ध हिंदुओं को चाहिए कि अपना अंगद समान पैर जमाया जाए। बंगाल से सीख ली जाए, जहाँ तेजस्वी वीर हिंदू नायक मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी दुर्गा पूजा को उसकी मूल गरिमा लौटाने का प्रयास कर रहे हैं। उनसे सीखकर गरबा को पतन से बचाया जाए।

जिस प्रकार शुद्ध हिंदू उत्सव गरबा में गैर हिंदुओं को शामिल करने की विकृत सेकुलर आवाजें उठने लगीं हैं उनको देखते हुए लगता है कि मुख्यतः गुजरात और महाराष्ट्र में होने वाले गरबा उत्सवों की मर्यादा रक्षा के लिए तेजस्वी हिंदू ध्वज वाहक एवं पश्चिम बंगाल के महानायक मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी की सहायता मांगने का समय आ गया है।

अब सब हैं कि सेक्युलर तालिबानी आवाजों के विरुद्ध हिंदुओं को चाहिए कि अपना अंगद समान पैर जमाया जाए। बंगाल से सीख ली जाए, जहाँ तेजस्वी वीर हिंदू नायक मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी दुर्गा पूजा को उसकी मूल गरिमा लौटाने का प्रयास कर रहे हैं। उनसे सीखकर गरबा को पतन से बचाया जाए।

गरबा शक्ति की उपासना से जुड़ा पारंपरिक हिंदू पूजा-स्वरूप है। यह धनकुबेरों और हिंदू-भावना विहीन भीड़ के लिए मस्ती-मस्ती का कार्निवल नहीं है।

गरबा कोई सेक्युलर मनोरंजन मेला नहीं है। यह माँ अम्बा की भक्ति का हिंदू प्रतीक है। जो माँ दुर्गा की पूजा नहीं करते, जो उनके सामने शीश नहीं झुकाते, उनको गरबा में शामिल होने का कोई अधिकार नहीं।

इसका मूल रूप और अर्थ हिंदू ब्रह्मांड-दृष्टि, प्रतीकों और दिव्य स्त्री-शक्ति की साधना से आता है।

गरबा शब्द संस्कृत शब्द गर्भ से निकला है। पारंपरिक रूप में नर्तक एक घेरे में गर्भ दीप–छेदों वाले मिट्टी के घड़े में जलते दीये –या देवी की मूर्ति के चारों ओर नृत्य अभ्यर्थना करते हैं। दीपक जीवन-शक्ति, शरीर के भीतर दिव्य उपस्थिति और देवी की सृजन-शक्ति का



प्रतीक है। वृत्ताकार गति हिंदू चिंतन में काल के चक्र– सृष्टि, स्थिति और प्रलय–को दर्शाती है।

गरबा शरद नवरात्रि में होता है, अर्थात् दुर्गा के नौ रूपों को समर्पित नौ रातों में। यह पर्व महिषासुर पर दुर्गा की विजय का स्मरण है, जैसा देवी माहात्म्य (मार्कंडेय पुराण) में वर्णित है। भक्त माँ की स्तुति के गीत (गर्बी) गाते हैं, ताली देते हैं और नृत्य को पूजा तथा कृतज्ञता का माध्यम बनाते हैं। पारंपरिक माहौल में स्थान पवित्र माना जाता है– प्रायः नंगे पाँव नाचते हैं, आरती होती है, और केंद्र में दीपक या मूर्ति ही मुख्य रहती है।

नवरात्रि व्रत माँ भगवती की भक्ति का चिह्न है। गरबा और डांडिया रास (जहाँ डंडे देवी के आयुधों के प्रतीक हैं) गुजरात में इसी भक्ति की सामाजिक अभिव्यक्ति बने।लोक-नृत्य के रूप में यह शादियों और अन्य अवसरों पर भी होता रहा है, पर इसका सबसे विस्तृत और मुख्य संदर्भ दुर्गा-पूजा का नवरात्रि चक्र ही है। क्योंकि यह रूप देवी और उनके प्रतीकों के इर्द-गिर्द बुना गया है, पारंपरिक हिंदू साधक और संगठन इसे श्रद्धा का कर्म मानते हैं, सेक्युलर-गैरहिंदू मनोरंजन नहीं। जो दुर्गा को दिव्य माता नहीं मानते, मूर्ति-पूजा और धर्मिक विश्वास को अस्वीकार करते हैं, वे इस अनुष्ठान के उद्देश्य से बाहर हैं। गरबा को सिर्फ फन मेला कहना उसे उसके धर्मिक अर्थ से काट देता है और पूजा-भक्ति को तमाशा बना देता है।

अन्य धर्मों के अनुष्ठानों से तुलना स्वाभाविक है। ईद की नमाज़ इस्लामी मज़हब के अनुसार निर्धारित है। गैर-मुसलमानों से यह अपेक्षा नहीं की जाती कि वे औपचारिक नमाज़ में मजहबी कर्तव्य के रूप में शामिल हों; वह स्थान और स्वरूप उन लोगों का है जो उस आस्था को स्वीकार करते हैं। अनेक परंपराओं में मूल उपासना-कर्म की सीमाएँ ऐसी ही हैं। नवरात्रि में गर्भ दीप या दुर्गा की मूर्ति के चारों ओर होने वाला गरबा उसी श्रेणी का आस्था-विशिष्ट कर्म है, राज्य द्वारा थोपा गया खुला सांस्कृतिक मेला नहीं।

आज कई स्थानों पर गरबा अत्यधिक व्यावसायिक हो चुका है और हिंदू-भावना विहीन इवेंट मैनेजरों के हाथों विकृत हो रहा है। समय आ गया है कि अंगद समान हिंदू आस्था और मर्यादा का पैर जमाया जाए। बंगाल से सीख ली जाए, जहाँ तेजस्वी वीर हिंदू नायक मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी दुर्गा पूजा को उसकी मूल गरिमा लौटाने का प्रयास कर रहे हैं। उनसे सीखकर गरबा को पतन से बचाया जाए।

यूनेस्को ने 2023 में गरबा को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया। उसमें इसके हिंदू सामाजिक स्वरूप और शक्ति/स्त्री-ऊर्जा के वृत्त को बनाए रखते हुए लोगों को जोड़ने की क्षमता का उल्लेख है।

विश्व हिंदू परिषद जैसे संगठनों का कहना सही है कि यह देवी-पूजा का रूप है, इसलिए प्रवेश उन्हीं का हो जो इस आस्था को साझा करते हैं। गरबा स्थलों पर प्रवेश नियंत्रण और पहचान जाँच की माँग इसीलिए है।मिश्रित आयोजनों में तनाव, हिंदू लड़कियों को निशाना बनाने, अपमान और उत्पीड़न की घटनाएँ सामने आई हैं। गैर-हिंदुओं द्वारा हिंदू देवताओं का मज़ाक उड़ाने और गरबा के बहाने हिंदू लड़कियों को छेड़ने की खबरें भी आती रही हैं।

हिंदुओं को समावेशिता का पाठ पढ़ाने की ज़रूरत नहीं। भारत का संविधान हिंदू-बहुल समाज में बना। यह कानून के समक्ष समानता, धर्म की स्वतंत्रता और प्रत्येक समुदाय को अपने धार्मिक कार्यों के प्रबंधन का अधिकार देता है। भारतीय संविधान हिंदू समावेशिता की अभिव्यक्ति है। प्रवासीनेटवर्क जुड़ें

गरबा सनातन धर्म की मर्यादा से बँधा है। हिंदू अपनी संवेदनाओं के अनुरूप प्रवेश की शर्तें रख सकते हैं। मंदिर, मठ और पारंपरिक संप्रदाय पहले से कुछ अनुष्ठान-स्थानों पर मर्यादा के अनुसार प्रवेश नियंत्रित करते हैं। दुर्गा-पूजा पर आधारित सामुदायिक गरबा पर भी वही तर्क लागू होना चाहिए।

अब साधु-संन्यासियों और पारंपरिक हिंदू स्वरों से अपील करनी चाहिए कि वे विशिष्ट हिंदू रूपों की मर्यादा स्पष्ट करें और उसकी रक्षा करें। ये माँगें धार्मिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अनुकूल हैं। शास्त्रीय नवरात्रि रूप में गरबा दुर्गा भगवती–माता और शक्ति के स्वरूप–के प्रति भक्ति का हिंदू अनुष्ठान है। गर्भ-दीप, वृत्ताकार गति, स्तुति-गीत तटस्थ मनोरंजन नहीं हैं। जो यह विश्वास नहीं रखते, वे इसके धार्मिक उद्देश्य से बाहर हैं, जैसे गैर-मुसलमान ईद की औपचारिक नमाज़ की संरचना से बाहर हैं।

अनुष्ठान के पारंपरिक स्वरूप की रक्षा का अर्थ यह नहीं कि नृत्य की व्यापक लोकप्रियता से इनकार किया जाए। अर्थ यह है कि पूजा-केंद्रित कर्म अपने आप खुली सेक्युलर पार्टी नहीं बन जाता। जो आयोजक इसे उपासना मानते हैं, उन्हें भागीदारी का ढाँचा उसी के अनुसार रखने का अधिकार है।(लेखक पूर्व सांसद और वरिष्ठ पत्रकार हैं)(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# शिक्षिका ने ससुरालियों पर वेतन हड़पने और गला दबाकर मारने का लगाया आरोप, पति समेत पांच के खिलाफ मुकदमा

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका ने ससुरालियों पर दहेज के लिए उत्पीड़न करने, नौकरी का वेतन हड़पने और जान से मारने की नीयत से गला दबाने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक के आदेश से फफूंद थाना पुलिस ने पति, सास-ससुर समेत पांच लोगों के खिलाफ गुरुवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।फफूंद कस्बे के मोहल्ला चमनगंज निवासी सुनील गुप्ता ने अपनी पुत्री दीक्षा गुप्ता की शादी चार दिसंबर 2022 को औरैया के देवकली चौराहा निवासी सागर गुप्ता के साथ की थी। सागर भी शिक्षक है। दीक्षा ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया कि शादी में पिता ने 10 लाख रुपये नकद, डिजायर कार और गृहस्थी का सामान दिया था। इसमें करीब 30 लाख रुपये खर्च हुए थे। इसके बाद भी ससुरालीजन उसकी नौकरी के वेतन और मायके से स्कूटी लाने की मांग को लेकर उसका शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करने लगे।आरोप है कि पति ने धोखे से उसके वेतन खाते का पासवर्ड हासिल कर करीब 25 लाख रुपये अपने, अपनी मां और चचेरे देवर के खातों में स्थानांतरित कर लिए। विरोध करने पर दीपावली 2025 में उसके जेवर और कपड़े छीनकर घर से निकाल दिया था। बाद में परिजनों के समझाने पर वह



दोबारा ससुराल गई, लेकिन उत्पीड़न का सिलसिला जारी रहा।दीक्षा ने आरोप लगाया कि 31 जुलाई 2026 को वेतन देने से मना करने पर उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। बाद में परिवार के समझाने पर उसे घर में रखा गया। आरोप है कि ससुर ने सोलर के नाम पर वेतन देने को कहा। मना करने पर ससुरालीजन नाराज हो गए और 23 अगस्त को मारपीट कर जान से मारने की नीयत से उसका गला दबाने का प्रयास किया। वह किसी तरह बाथरूम में पहुंचकर बची और पुलिस व परिजनों को सूचना दी। इसके बाद वह मायके आ गई।

पीड़िता के अनुसार, 28 अगस्त को फफूंद में पंचायत बुलाई गई थी। इसमें पहुंचे ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके माता-पिता के साथ गालीगलौज की। विरोध करने पर उसके साथ भी मारपीट की गई, जिससे वह घायल हो गई। साथ ही उसे घर में प्रवेश न करने की धमकी दी गई।

फफूंद थाना प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि गुरुवार को पीड़िता की तहरीर पर पति सागर गुप्ता, ससुर प्रदीप गुप्ता, सास किरन गुप्ता, चचिया ससुर संजय गुप्ता और चचेरे देवर प्रखर गुप्ता उर्फ अनमोल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शामली के बुटराड़ा में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, 85 लोगों की आंखों की जांच; मोतियाबिंद-रेटिना की भी हुई स्क्रीनिंग

शामली। लायंस क्लब शामली सिनर्जी एवं कदम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम बुटराड़ा में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर राहुल, पुत्र श्री कौशलेंद्र के निवास पर आयोजित हुआ, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर नेत्र संबंधी जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया।शिविर में परामर्श चिकित्सक डॉ. श्रेय माहेश्वरी ने आधुनिक मशीनों के माध्यम से करीब 85 लोगों की निःशुल्क नेत्र जांच की। जांच के दौरान विशेष रूप से मोतियाबिंद और रेटिना से संबंधित समस्याओं पर ध्यान दिया गया। चिकित्सक ने जांच के बाद मरीजों को उनकी स्थिति के अनुसार आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री सुरेश राणा एवं सदर शामली



विधायक श्री प्रसन्न चौधरी उपस्थित रहे। अतिथियों ने ग्रामीण क्षेत्र में निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए लायंस क्लब शामली सिनर्जी एवं कदम फाउंडेशन के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवा शिविर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को उनके नजदीक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में उपयोगी साबित होते हैं।शिविर के प्रोजेक्ट कन्वेनर लायन रुचिर संगल तथा प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन तुषार धवन रहे। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लायन अमन शर्मा, सचिव लायन वैभव गुप्ता और कोषाध्यक्ष लायन प्रियंक गोयल सहित क्लब के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

क्लब सदस्यों ने शिविर के संचालन में सहयोग किया और ग्रामीणों को स्वास्थ्य जांच का लाभ दिलाया।क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि लायंस क्लब शामली सिनर्जी की ओर से जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से लगातार सेवा प्रकल्प आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों के लिए इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

# शामली में सेवा दिवस पर जलाए गए हजारों दीप, प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर हुई लंबी उम्र की कामना

### *प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर शामली में सेवा संकल्प अभियान के तहत भव्य दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम हुआ।*

शामलीः प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद शामली में सेवा दिवसआशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दिनांक 17-09-2026 को सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से जनपदवासियों द्वारा मा० प्रधानमंत्री जी के स्वस्थ, दीघार्यु एवं यशस्वी जीवन की मंगलकामना की गई। हनुमान टीला परिसर में हुआ मुख्य आयोजनइस अवसर पर हनुमान टीला परिसर में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में शामली विधायक श्री प्रसन्न चौधरी, जिलाध्यक्ष भाजपा श्री रामजी लाल कश्यप, पूर्व सांसद श्री प्रदीप चौधरी, पूर्व विधायक श्री तेजेन्द्र निर्वाल, जिलाधिकारी श्री आलोक यादव, पुलिस अधीक्षक श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह सहित पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने



सहभागिता की। कार्यक्रम में 5100 दीप प्रज्ज्वलित कर मा० प्रधानमंत्री जी के दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। दीपों से सुसज्जित हनुमान टीला परसर का दृश्य अत्यंत आकर्षक एवं भव्य रहा।कलेक्ट्रेट और शासकीय भवनों पर सजे दीये इसी क्रम में कलेक्ट्रेट शामली परिसर में 3100 दीप प्रज्ज्वलित किए गए। साथ ही जनपद के समस्त शासकीय भवनों को भी दीप प्रज्ज्वलित कर सजाया गया, जिससे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा दिवस आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का संदेश जनपदभर में पहुंचा।जनपदभर में दिखा उत्साह

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सेवा, समर्पण एवं जनकल्याण की भावना के साथ मा० प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए उनके दीघार्यु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। जनपद के विभिन्न स्थलों पर दीप प्रज्ज्वलन कार्यक्रम के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान के प्रति जनभागीदारी एवं उत्साह का भव्य प्रदर्शन किया गया।

# पीएम मोदी के जन्मदिन पर 1600 दीयों से जगमगाया गोसाईं वाला तालाब, लोगों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

### *जलालाबाद नगर पंचायत ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत तालाब पर आयोजित किया विशेष कार्यक्रम*

जलालाबादः कस्बे के धार्मिक आस्था के प्रमुख केंद्र गोसाईं वाले तालाब पर एक बेहद खूबसूरत नजारा देखने को मिला, जब पूरा तालाब परिसर 1600 जलते हुए दीयों की रोशनी से जगमगा उठा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर नगर पंचायत जलालाबाद की तरफ से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। यह पूरा आयोजन 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत किया गया, जिसका मुख्य मकसद लोगों को अपने आसपास सफाई रखने के लिए प्रेरित करना था। शाम के समय सैकड़ों दीयों की रोशनी से नहाए इस तालाब का दृश्य बेहद मनमोहक नजर आ रहा था और वहां मौजूद लोग इसे देखकर खुश हुए.८शाम सात बजे दीयों से रोशन हुआ परिसरनगर पंचायत की तरफ से आयोजित इस विशेष कार्यक्रम के तहत शाम ठीक 7 बजे गोसाईं वाले तालाब



के परिसर में एक साथ 1600 दीप जलाए गए। इन जलते हुए दीयों के जरिए वहां मौजूद लोगों को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और जनभागीदारी का संदेश दिया गया। इस मौके पर नगर पंचायत के अध्यक्ष जहीर मलिक और अधिशासी अधिकारी जयबीर शर्मा मौजूद रहे। उनके साथ नगर पंचायत के तमाम अधिकारी, कर्मचारी और कस्बे के बहुत से नागरिक भी इस सुंदर पल के गवाह बने। दीप जलाने के साथ ही वहां मौजूद सभी लोगों को अपने आसपास के सार्वजनिक स्थानों और धार्मिक आस्था के केंद्रों को साफ-सुथरा रखने के लिए जागरूक किया गया।सफाई को लेकर अध्यक्ष और ईओ ने कही यह बात

कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष जहीर मलिक ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारे जितने भी धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थान हैं, उन्हें साफ और सुंदर बनाए रखना हम सभी का दायित्व है। जहीर मलिक ने कस्बे के सभी लोगों से अपील की कि वे इस स्वच्छता अभियान से जुड़ें और अपने आसपास के जलस्त्रोतों और सार्वजनिक स्थानों को साफ रखने में मदद करें।इसके बाद अधिशासी अधिकारी जयबीर शर्मा ने भी लोगों के सामने अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान को चलाने का असली मकसद यही है कि लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाए और उन्हें अपने आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत की ओर से स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं और इसमें नागरिकों की सहभागिता बेहद महत्वपूर्ण है।कस्बे के लोगों ने लिया स्वच्छता का संकल्प

इस कार्यक्रम के दौरान गोसाईं वाले तालाब पर 1600 दीपों की रोशनी ने एक विशेष आकर्षण पैदा किया। बड़ी संख्या में पहुंचे कस्बेवासियों ने दीप जलाने के इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने वहां स्वच्छता का संकल्प लिया और इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर भाजपा नेता बोबी शर्मा, सभासद देवेन्द्र पाल, सुनहरा कोरी, संजय कुमार, राशिद अली और मदन सैनी मौजूद रहे। इनके अलावा श्रीराम पथिक, सुभाष शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, नरेश शर्मा, सोनू कुमार और नगर पंचायत के वरिष्ठ लिपिक मुकेश सैनी सहित तमाम कर्मचारी और नागरिक भी इस आयोजन में शामिल हुए।

# नगर मे धूमधाम से मनाया गया भगवान विश्वकर्मा दिवस,आयोजित कार्यक्रमों में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ,पूर्व चेयरमैन संजय शर्मा की रही सहभागिता

### *नगर के दोनों मंदिरों में हवन-पूजन के बाद प्रसाद वितरण, कम्बोयान मंदिर में हुआ भंडारा*

थानाभवन। नगर के मोहल्ला राजो की मोरी एवं कम्बोयान स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिरों में गुरुवार को विश्वकर्मा पूजन दिवस श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया गया। दोनों मंदिरों में हवन-पूजन का आयोजन किया गया, हवन-पूजन विधि विधान से स्वस्ती आर्य के द्वारा कराया गया! जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख-समृद्धि एवं कारोबार की उन्नति की कामना की। हवन के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।मोहल्ला कम्बोयान स्थित विश्वकर्मा मंदिर में पूजन के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया।बताया गया कि प्रत्येक वर्ष 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा पूजन दिवस मनाया जाता है। कल-कारखानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों तथा कारीगरी एवं दस्तकारी से जुड़े लोग



इस दिन भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर अपने कारोबार की उन्नति और समृद्धि की कामना करते हैं।इस दौरान पूर्व मंत्री सुरेश राणा, पूर्व चेयरमैन संजय शर्मा, गौरव कश्यप, लवी राणा, विनोद सैनी, नरेंद्र प्रधान, पृथ्वी सिंह पांचाल, धर्मपाल धीमान, रोहित विश्वकर्मा, राकेश कम्बोज,देवदत्त आर्य, विमल शर्मा, मयंक धीमान, सुशील पांचाल, संदीप पांचाल, शशिकांत धीमान, दीपक पांचाल, विजय दत्त जांगिड़, अमित जांगिड़, श्रीनिवास धीमान, राजवीर पांचाल, सतस्वरूप पांचाल, रामपाल पांचाल, देविंदर धीमान, डा. राजकुमार कश्यप, प्रवीण प्रजापति,तरुण आर्य आदि मौजूद रहे।

# विश्वकर्मा जयंती पर 450 कारीगरों को मिली टूलकिट, बिना ब्याज व गारंटी के मिलेगा 10 लाख तक का लोन

शामली में सेवा संकल्प अभियान के तहत विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों को बांटे गए टूलकिट शामलीः कलेक्ट्रेट सभागार में विश्वकर्मा जयंती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। "सेवा संकल्प अभियान" के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के 450 लाभार्थियों को टूलकिट बांटे गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य स्थानीय कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके हुनर को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने कारीगरों को स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित किया। जनप्रतिनिधियों ने किया कारीगरों का मार्गदर्शनकलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में कई प्रमुख जनप्रतिनिधि शामिल हुए। इनमें उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल, शामली सदर के विधायक प्रसन्न चौधरी और थानाभवन के विधायक अशरफ अली मुख्य रूप से मौजूद रहे। इन सभी जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में आए कारीगरों और लाभार्थियों से सीधा संवाद किया और उनका मार्गदर्शन किया। उन्होंने कारीगरों को अपने पारंपरिक हुनर को स्वरोजगार और उद्यम से जोड़ने की सलाह दी ताकि वे आर्थिक रूप से मजबूत हो



सकें। पारंपरिक हुनर को आधुनिक बनाने का प्रयास विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना का मुख्य लक्ष्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों के हुनर को पहचान दिलाना है। इस योजना के जरिए सरकार कारीगरों को जरूरी संसाधन, प्रशिक्षण और सहायता देकर स्वरोजगार के लिए तैयार कर रही है। योजना के तहत कारीगरों को अपने पुश्तैनी काम को आधुनिक जरूरतों के हिसाब से ढालने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे उनके काम की गुणवत्ता और उत्पादकता बढ़ेगी, जिससे उनकी कमाई में भी इजाफा होगा। पात्र कारीगरों को काम सिखाने, उनका कौशल सुधारने और काम के लिए जरूरी टूलकिट देने का प्रावधान इस योजना में किया गया है। सरकार ने अब इस योजना का नया चरण यानी विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना 2.0 शुरू किया है। इस नए चरण के तहत लाभार्थियों को अपना काम शुरू करने के लिए 10 लाख रुपये तक का कर्ज दिया जाएगा। खास बात यह है कि इस कर्ज पर कोई ब्याज नहीं लगेगा और न ही किसी गारंटी की जरूरत होगी। इसके साथ ही सरकार की तरफ से इस कर्ज पर 15 प्रतिशत का अनुदान यानी सब्सिडी भी दी जाएगी।

## रंग संसार

### 'थूकते होंगे भोजपुरी के लोग...', कुकिंग विवाद को लेकर आम्रपाली दुबे पर माही विज ने निकाली भड़ास



मुंबई। 'बिग बॉस 20' के घर में कंटेस्टेंट्स के बीच दोस्ती और तकरार का सिलसिला लगातार देखने के लिए मिल रहा है। शो में माही विज और आम्रपाली दुबे के बीच पहले से चल रहा तनाव अब एक बार फिर खुलकर सामने आया है। इस बार दोनों के बीच विवाद की शुरूआत किचन में चिकन बनाने को लेकर हुई, लेकिन देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि दोनों ने एक-दूसरे पर तीखे कमेंट करने शुरू कर दिए। बहस के दौरान माही ने आम्रपाली की भोजपुरी पहचान को लेकर भी टिप्पणी कर दी।इसके बाद घर का माहौल काफी गरमा गया और दोनों की नाराजगी साफ नजर आई। दरअसल, 'बिग बॉस' के घर में खाना बनाने की जिम्मेदारी को लेकर अक्सर कंटेस्टेंट्स के बीच बहस देखने को मिलती है। हालिया घटना भी किचन से ही शुरू हुई। आम्रपाली दुबे कुकिंग कर रही थीं। इसी दौरान माही विज आईं और कुछ सवाल करने लगीं। खाना बनाने के दौरान माही का दखल देना आम्रपाली को पसंद नहीं आया और उन्होंने इस पर आपत्ति जताई।आम्रपाली का कहना था कि अगर वह किचन की जिम्मेदारी संभाल रही हैं तो उन्हें अपने तरीके से खाना बनाने दिया जाना चाहिए। उन्हें यह बात भी खटकी कि माही खुद खाना नहीं बनाती, लेकिन कुकिंग के तरीके पर लगातार सवाल उठा रही हैं। इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस बढ़ती गई और बातचीत तीखे शब्दों तक पहुंच गई। विवाद के बाद माही विज काफी गुस्से में नजर आईं। वह घर के दूसरे सदस्यों के सामने अपनी नाराजगी जाहिर करती दिखीं और इस दौरान रो भी पड़ी।८माही ने अपने घर में कुक होने की बात करते हुए कहा, "मुझे नहीं आता खाना बनाना। मेरे घर पर कुक है। मैंने कुक रखने के लिए बहुत मेहनत की है।" इसके बाद माही ने अपने खिलाफ हो रही बातों पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, "वे बहुत घटिया हैं। मेरी जूती... मैं उन्हें दो मिनट में खत्म कर दूंगी।' मामला यहीं नहीं रुका। बहस के दौरान माही ने कहा, "थूकते होंगे भोजपुरी के लोग इस पर।

## राज व्यापार

### टाटा संस के बोर्ड ने एन.चंद्रशेखरन के अगले 5 साल के कार्यकाल का समर्थन किया, लिस्टिंग को भी दी मंजूरी

मुंबई। टाटा संस के बोर्ड ने गुरुवार को चेयरमैन एन.चंद्रशेखरन के अगले पांच साल के कार्यकाल का समर्थन किया। साथ ही, कंपनी की लिस्टिंग को भी मंजूरी दे दी। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। एनडीटीवी प्रॉफिट की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया कि टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन के अगले पांच साल के कार्यकाल का विरोध किया, जबकि अन्य बोर्ड सदस्यों ने इसका समर्थन दिया। रिपोर्ट के अनुसार, "सूत्रों से पता चला है कि नोएल टाटा, जिनके पास टाटा ट्रस्ट्स की ओर से बोर्ड में वीटो का अधिकार है, दोनों प्रस्तावों से सहमत नहीं थे और उन्होंने प्रस्तावों को रोकने के लिए अपने वीटो अधिकार का इस्तेमाल किया है।"यह फैसला रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ( आरबीआई ) द्वारा टाटा संस को लिस्टिंग की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का निर्देश दिए जाने के कुछ हफ्ते बाद आया है। इसके अलावा, आरबीआई ने टाटा संस को 'अपर-लेयर नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी' के तौर पर वर्गीकृत किया था, जिसके तहत उसे 2022 में तीन साल के भीतर लिस्ट होना जरूरी था।बोर्ड के इस फैसले से कंपनी की लीडरशिप को लेकर महीनों से चली आ रही अनिश्चितता भी खत्म हो गई है। चंद्रशेखरन फरवरी 2017 से टाटा संस की कमान संभाले हुए हैं और 2022 में दूसरे पांच साल के कार्यकाल के लिए फिर से नियुक्त किया गया था, जो 20 फरवरी, 2027 को खत्म होने वाला है। हालांकि टाटा ट्रस्ट्स ने 2025 में तीसरे कार्यकाल का समर्थन किया था, लेकिन इस साल की शुरूआत में एयर इंडिया और टाटा डिजिटल जैसे व्यवसायों के प्रदर्शन और पूंजी आवंटन को लेकर नोएल टाटा की चिंताओं के कारण बातचीत रुक गई थी। इससे पहले अगस्त में, चंद्रशेखरन ने संकेत दिया था कि वह अगला कार्यकाल नहीं चाहते हैं और बोर्ड को अपने फैसले के बारे में बता दिया था। इससे पहले एक बयान में चंद्रशेखरन ने कहा है कि मैंने टाटा समूह में अपने पेशेवर जीवन के 40 साल पूरे कर लिए हैं। उन्होंने कहा, "मैं इस प्रतिष्ठित संस्थान में योगदान देने के बेहद संतोषजनक अवसर के लिए आभारी हूं। पिछले दशक में टाटा संस का नेतृत्व करना एक बड़ा सम्मान और एक बड़ी जिम्मेदारी रही है।"

## दैनिक राशिफल शुक्रवार 18 सितम्बर 2026

**मेष** – कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपए पैसों की सुविधा मिल जाएगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि व खर्चा बढ़ेगा।

**वृष** – बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**मिथुन** : बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**कर्क** – खान-पान में सावधानी रखें। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**सिंह**– महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगें। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या** – शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानी पूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई धार्मिक यात्रा करेगें।

**तुला** – सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृश्चिक** – कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**धनु** – स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढड्डे के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**मकर** – सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**कुंभ** – दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

**मीन** – अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगा।

## दैनिक पंचांग

**18 सितम्बर 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | कन्या | 05.43 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | तुला | 07.58 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृश्चिक | 10.13 ब.से |
| बुध | कन्या में | धनु | 12.29 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मकर | 14.34 बजे से |
| शुक्र | तुला में | कुंभ | 16.20 बजे से |
| शनि | मीन में | मीन | 17.53 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मेष | 19.24 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृष | 21.04 बजे से |
| राहुकाल | | मिथुन | 23.02 बजे से |
| 10.30 से | | कर्क | 01.15 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | सिंह | 03.31 बजे से |

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 261 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** भाद्रपद **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** सप्तमी 13.02 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** ज्येष्ठा 22.45 बजे को समाप्त।
**योग** प्रीति 13.35 बजे को समाप्त।
**करण** वणिज 13.02 बजे तदनन्तर विष्टि 02.14 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 06.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर $01^{\circ} 57'$
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872836
**जूलियन दिन** 2461301.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1448
**महीना** रवि उस्सानी **तारीख** 06
**विशेष** ललिता सप्तमी, दूर्वा अष्टमी, ज्येष्ठ गौरी पूजा।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 | बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 | बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 | बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 | बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 | बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 | बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 | बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 | बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 | बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 | बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

# विश्वकर्मा पूजा दिवस पर भव्य शोभायात्रा, 11 पौधे रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**पूजा-अर्चना और हवन के बाद निकली भव्य शोभायात्रा, शिव चौक पर हुई आरती; हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग**

मुजफ्फरनगर। सृष्टि के शिल्पकार भगवान विश्वकर्मा के पूजा दिवस के अवसर पर गुरुवार को जनपद में श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक आस्था का माहौल रहा। विभिन्न स्थानों पर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना, हवन, भंडारे और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। विश्वकर्मा चौक पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं यज्ञ के उपरांत भगवान विश्वकर्मा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें शहर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं अखिल भारतीय विश्वकर्मा पांचाल महासभा की ओर से सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, केशवपुरी में 11 पौधों का रोपण कर सेवा और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

विश्वकर्मा चौक पर सुबह करीब 10 बजे भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना और यज्ञ का आयोजन किया गया। सत्यप्रकाश धीमान सपत्नी सुमन धीमान, सुभाष धीमान सपत्नी तथा पंडित सत्यव्रत आर्य ने विधि-विधान के साथ पूजन एवं यज्ञ संपन्न कराया। समाज के गणमान्य लोगों ने हवन में आहुति देकर भगवान विश्वकर्मा से सुख-समृद्धि एवं परिवारों की खुशहाली की कामना की। इसके बाद शगुन बैंक्वेट हॉल में प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप तथा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा ने भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दोपहर करीब एक बजे विश्वकर्मा चौक से भगवान विश्वकर्मा की भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शिव चौक पहुंची। यहां भगवान शिव एवं भगवान विश्वकर्मा की आरती की गई और श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की।



शोभायात्रा में शहर के प्रतिष्ठित बैंड, आकर्षक एवं मनमोहक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। घोड़ी पर भगवान विश्वकर्मा का ध्वज लिए समाज के लोग यात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोगों ने सहभागिता की। यात्रा रुड़की रोड, अहिल्याबाई चौक, फ्रेंड्स कॉलोनी, सरवट रोड और असारी रोड से होते हुए पुनः विश्वकर्मा चौक पहुंची, जहां शोभायात्रा का समापन किया गया। रास्ते में विभिन्न स्थानों पर समाज के लोगों द्वारा भंडारे एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई थी। शोभायात्रा के समापन के बाद विश्वकर्मा चौक पर महाआरती का आयोजन किया गया। इसमें जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत अनेक गणमान्य लोगों ने पहुंचकर भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद प्राप्त किया।

11 पौधे रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

इसी क्रम में अखिल भारतीय विश्वकर्मा पांचाल महासभा की ओर से सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, केशवपुरी में भगवान विश्वकर्मा पूजा दिवस के अवसर पर 11 पौधों का रोपण किया गया। महासभा के जिलाध्यक्ष नितिन पांचाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य भगवान विश्वकर्मा के पूजा दिवस को सेवा कार्य से जोड़ना तथा समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा पूजा दिवस सेवा और समाजहित के कार्यों से जुड़ने का अवसर भी प्रदान करता है। इसी भावना के साथ 11 पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि यह दिन विशेष है, क्योंकि इसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस भी है।

# टाउन हॉल में सेवा कर्तव्य अभियान के तहत जलाया सेवा और संकल्प का दीप

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा ने आयोजित किया दीप प्रज्वलन कार्यक्रम, जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प**

मुजफ्फरनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा कर्तव्य अभियान-2026 के तहत गुरुवार को टाउन हॉल में विशेष दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद की चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने दीप प्रज्वलित कर अभियान के प्रति सेवा और समर्पण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान टाउन हॉल परिसर में दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा एवं जनकल्याण की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवा कार्यों का लाभ पहुंचाने तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि सेवा और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना ऐसे अभियानों का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा गतिविधियों से जोड़कर मनाया जा रहा है, जिसके माध्यम से विभिन्न वर्गों के लोगों तक पहुंचकर जनसेवा के कार्य किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी पवन कुमार सहित सभासद राजीव शर्मा, रविकांत शर्मा कक्का, मनोज वर्मा, शोभित गुप्ता आदि मौजूद रहे। सभी ने दीप प्रज्वलन कार्यक्रम में सहभागिता की और सेवा कर्तव्य अभियान के तहत जनहित में किए जाने वाले कार्यों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया।



इस दौरान टाउन हॉल परिसर में दीपों की रोशनी के बीच सेवा, समर्पण और कर्तव्य का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने अभियान को जनभागीदारी से आगे बढ़ाने तथा समाज में सेवा भावना को मजबूत करने पर जोर दिया। भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न सेवा, जनसंपर्क और जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में टाउन हॉल में आयोजित दीप प्रज्वलन कार्यक्रम के माध्यम से सेवा कर्तव्य अभियान के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया।

# अखिल भारतीय विश्वकर्मा युवा शक्ति दल ट्रस्ट परिवार ने धूमधाम से मनाया विश्वकर्मा पूजा दिवस

**शिव चौक पर आयोजित हुआ प्रसाद वितरण कार्यक्रम, बड़ी संख्या में महिला-पुरुष रहे मौजूद**

मुजफ्फरनगर। वास्तु एवं मशीनरी के देवता भगवान विश्वकर्मा के पूजा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विश्वकर्मा युवा शक्ति दल ट्रस्ट परिवार की ओर से नगर की हृदयस्थली शिव चौक पर प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ नगर पालिका परिषद अध्यक्ष द्वारा रिबन काटकर तथा भगवान विश्वकर्मा की स्तुति एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा के धार्मिक एवं पौराणिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को वास्तुकला, निर्माण कला, औजारों और शस्त्र निर्माण का देवता माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव का त्रिशूल, भगवान विष्णु का सुदर्शन चक्र, इंद्र का वज्र, रावण की स्वर्ण लंका और भगवान श्रीकृष्ण की नगरी द्वारका सहित अनेक दिव्य निर्माण एवं अस्त्र-शस्त्र भगवान विश्वकर्मा से जुड़े माने जाते हैं। वक्ताओं ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि के निर्माण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भगवान शिव के धनुष तथा भगवान परशुराम के प्रसिद्ध फरसे के निर्माण का उल्लेख भी धार्मिक कथाओं में मिलता है। इसी कारण शिल्प, वास्तुकला, औजार और मशीनरी से जुड़े लोगों के लिए भगवान विश्वकर्मा विशेष आराध्य माने जाते हैं।



प्रसाद वितरण कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और भगवान विश्वकर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय विश्वकर्मा युवा शक्ति दल ट्रस्ट परिवार के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय धीमान, सचिव मंजू धीमान, कोषाध्यक्ष गौरव कुमार, जिलाध्यक्ष संदीप धीमान बैंक वाले, प्रदीप धीमान रामपुरी, संदीप धीमान मास्टर, नीलम धीमान, वीरेंद्र धीमान, शिवकुमार धीमान, सतीश धीमान, सतबीर धीमान, वेदप्रकाश धीमान, नरेश पांचाल, सरदार बलविंदर सिंह, नरेश विश्वकर्मा, सत्यप्रकाश धीमान, सुमन धीमान, प्रदीप धीमान फोरमैन, वीरेंद्र धीमान, मोहित धीमान सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

# आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम सेवा संकल्प अभियान के तहत आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित

**पुरकाजी विधानसभा के दद्देडू कला और सलेमपुर में दीप प्रज्वलित कर सेवा, समर्पण और संकल्प का दिया संदेश**

मुजफ्फरनगर। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत पुरकाजी विधानसभा क्षेत्र के गांव दद्देडू कला और सलेमपुर में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर खटीक ने सहभागिता करते हुए दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह दीप केवल प्रकाश का प्रतीक नहीं, बल्कि जन-जन के स्नेह, विश्वास और आशीर्वाद को नमन करने का अवसर है। दीप प्रज्वलन के माध्यम से सेवा, समर्पण और संकल्प की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सेवा, सुशासन और



जनकल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख किया गया। साथ ही सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के संकल्प को आगे बढ़ाने और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई गई। कार्यक्रम में कहा गया कि जनता का स्नेह और आशीर्वाद ही जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने की सबसे बड़ी प्रेरणा और शक्ति है। इस दौरान स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों की सहभागिता रही।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत वृक्षा-रोपण और दीप प्रज्वलन

**सेवा संकल्प अभियान के तहत वृक्षारोपण, यज्ञ और दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित**

मुजफ्फरनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत 2047 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से जनपद में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर



2026 तक सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत गुरुवार को उप कृषि निदेशक मुजफ्फरनगर की ओर से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सूजडू चुंगी स्थित उप कृषि निदेशक कार्यालय के प्रांगण में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत के संदेश के साथ पौधे रोपे गए। इसके बाद अपराह्न तीन बजे आवास विकास कॉलोनी स्थित मंदिर में यज्ञ का आयोजन कराया गया। यज्ञ में जनकल्याण और देश की समृद्धि की कामना की गई। अभियान के तहत शाम सात बजे जनपद की प्रत्येक न्याय पंचायत में 150-150 दीप प्रज्वलित किए गए। इसके साथ ही कृषि विभाग के जनपद स्तरीय एवं तहसील स्तरीय कार्यालयों में भी शाम सात बजे दीप प्रज्वलित किए गए। दीप प्रज्वलन के माध्यम से सेवा, विकास और विकसित भारत 2047 के सामूहिक संकल्प का संदेश दिया गया। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी।

# सेवा संकल्प अभियान को लेकर प्रभारी मंत्री सोमेंद्र तोमर ने कसी कमर, अधिकारियों को दिए सख्त दिशा-निर्देश

**एक माह तक होंगे 13 प्रमुख कार्यक्रम, जनभागीदारी से जन-जन तक पहुंचेगा सेवा, सुशासन और जनकल्याण का संदेश**

मुजफ्फरनगर। जनपद में एक माह तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान को लेकर विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार राजनीतिक पेंशन, सैनिक कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार सोमेंद्र तोमर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ अभियान की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से सेवा, सुशासन एवं जनकल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण अभियान है और सभी अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अभियान के सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम छोर पर बैठे



पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। कोई भी पात्र लाभार्थी सरकारी योजना के लाभ से वंचित न रहे। अभियान के दौरान इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए कि सरकार की योजनाओं से धरातल पर हुए सकारात्मक बदलाव आमजन के सामने आएं। 13 प्रमुख कार्यक्रमों की योजना बार समीक्षा

बैठक में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले अभियान के अंतर्गत 13 प्रमुख कार्यक्रमों की योजना वार समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने प्रभारी मंत्री को अवगत कराया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत तिथिवार कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण ने बताया कि अभियान के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित नागरिकों तथा विभिन्न विकास कार्यों से आए सकारात्मक बदलावों की जानकारी व्यवस्थित रूप से संकलित की जाएगी। ग्रामपंचायतों, नगर निकायों सहित अन्य विभागों द्वारा कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों की वास्तविक सफलता की कहानियों, फोटो एवं वीडियो का संकलन कर उनका प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

आशीर्वाद का दीया और नमो सेवा गाथा समेत होंगे विभिन्न कार्यक्रम

आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के अंतर्गत 17 सितंबर को शाम सात बजे शुकतीर्थ स्थल सहित 11 स्थानों पर दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। कार्यक्रमों में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। वहीं नमो सेवा गाथा के तहत नुक्कड़ नाटकों का प्रभावी मंचन कराया जाएगा। आंगन का उत्सव के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं एवं उत्कृष्ट लाभार्थी माताओं को सम्मानित करने के साथ ही पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी जाएगी। सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता, वृक्षारोपण, रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर एवं श्रमदान जैसी गतिविधियों में अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

# सेवा संकल्प अभियान-2026 7 हजार से अधिक स्थलों पर गूंजा सेवा संकल्प, 4 लाख से ज्यादा परिवारों ने लिया हिस्सा

**आशीर्वाद के दीये से जगमगाया मुजफ्फरनगर, रक्तदान से लेकर टूल वितरण तक दिनभर चले सेवा और जनकल्याण के कार्यक्रम**

मुजफ्फरनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर जनपद में सेवा संकल्प अभियान-2026 का शुभारंभ व्यापक जनभागीदारी और सेवा भावना के साथ हुआ। अभियान के प्रथम दिवस पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, नागरिकों, जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों, स्वयंसेवियों एवं विभिन्न विभागों की सक्रिय सहभागिता रही। जनपद के 7,000 से अधिक सार्वजनिक, सामुदायिक एवं अन्य स्थलों पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 4 लाख से अधिक परिवारों ने सहभागिता की। रक्तदान, रोगियों की सेवा, कामगारों एवं लाभार्थियों को उपकरण वितरण तथा शाम को सामूहिक दीप प्रज्वलन सहित विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अभियान के पहले दिन को सेवा, स्वावलंबन, सामाजिक सहभागिता एवं जनकल्याण से जोड़ा गया। रक्तदान शिविर से हुआ अभियान का शुभारंभ अभियान का शुभारंभ सुबह 10 बजे राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उत्तर प्रदेश सरकार सोमेंद्र तोमर द्वारा सोल्जर बोर्ड में आयोजित रक्तदान शिविर के उद्घाटन के साथ किया गया। रक्तदान शिविर के माध्यम से मानव सेवा एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया



गया। इसके बाद मंत्री ने जिला चिकित्सालय मुजफ्फरनगर में आयोजित फल वितरण कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए मरीजों को फल वितरित किए। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं अन्य गणमान्य लोगों की सहभागिता रही। भगवान विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर विकास भवन में सेवा संकल्प अभियान के तहत टूल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें लाभार्थियों को उनके व्यवसाय, कौशल एवं आजीविका से संबंधित उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम के माध्यम से श्रम एवं कौशल के सम्मान के साथ स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया। विश्वकर्मा पूजन के साथ आजीविका से जुड़े उपकरणों का वितरण अभियान की महत्वपूर्ण गतिविधि रहा। दिनभर चले सेवा कार्यक्रमों के बाद शाम सात बजे आशीर्वाद के दीये कार्यक्रम का व्यापक आयोजन किया गया। जनपदवासियों, नागरिकों एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने दीप प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर उनके स्वस्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं व्यक्त कीं तथा राष्ट्र के प्रति उनकी सेवाओं का स्मरण किया। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ आयोजित दीप प्रज्वलन कार्यक्रमों से अनेक प्रमुख सार्वजनिक, धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सामुदायिक स्थल दीपों की रोशनी से जगमगा उठे। शुकतीर्थ के पावन गंगा घाट पर दीप प्रज्वलन ने आयोजन को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप प्रदान किया। वहीं परिक्षित पार्क में नागरिकों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित किए। तिरंगा स्थल महावीर चौक तथा तिरंगा स्थल रामपुर तिराहा पर दीपों एवं आकर्षक दीप-रंगोली के माध्यम से कार्यक्रम को भव्य स्वरूप दिया गया। रेलवे स्टेशन मुजफ्फरनगर, पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, भोपा रोड, पानीपत-खटीमा मार्ग, आईटीआई मेरठ रोड, टाटा लैब, अहिल्याबाई स्मारक चौक रोड तथा प्रधानमंत्री आवास भोपा रोड पर भी दीप प्रज्वलन एवं दीप-रंगोली के कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लोगों में उत्साह देखने को मिला। गौ अभ्यारण्य पुरकाजी तथा जैन मंदिर बहलना सहित विभिन्न स्थानों पर सामूहिक रूप से आशीर्वाद के दीयेह प्रज्वलित किए गए। नगर पालिका प्रांगण को भी दीपों एवं आकर्षक दीप-रंगोली से सजाया गया। सेवा संकल्प अभियान-2026 के अंतर्गत शासन द्वारा निर्धारित 12 कार्यक्रमों एवं 3 विशेष कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए जिला प्रशासन ने विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। कार्यक्रमवार नोडल एवं सहयोगी नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं।

# बुढ़ाना में शिव मंदिर में दो शराबी युवकों ने मचाया उत्पात: सीसीटीवी कैमरे तोड़े

**बाइक से पहुंचे दो नशेड़ी युवकों ने सीसीटीवी कैमरे तोड़कर महंत के कमरे का पीटा दरवाजा**

बुढ़ाना (मुजफ्फरनगर)। कस्बे के बढ़ौत रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर में देर रात अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा उत्पात मचाने और तोड़फोड़ करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मनबढ़ युवकों ने मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और मंदिर के पुजारी को जान से मारने की धमकी दी। घटना की सूचना मिलने के बाद हरकत में आई स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

सीसीटीवी कैमरे तोड़े, दरवाजे पर बोला हमला

मंदिर के पुजारी बाबा मोहन गिरी ने बुढ़ाना कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि वह मंदिर परिसर में ही अकेले रहते हैं। बुधवार की रात दो अज्ञात युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर मंदिर परिसर में घुसे। उन्होंने आते ही मंदिर में लगे दो सीसीटीवी कैमरों को पूरी तरह तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। आरोप है कि इसके बाद उपद्रवियों ने जान से मारने की नीयत से मंदिर का मुख्य दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया और पुजारी को गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी दी।



पुजारी के शोर मचाने पर भागे शराबी

अचानक हुए इस हमले से घबराए पुजारी ने जब हिम्मत दिखाकर जोर-जोर से शोर मचाना शुरू किया, तो आसपास के लोगों के जुटने के डर से दोनों आरोपी अपनी बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। हालांकि, बदमाशों की यह दबंगई और तोड़फोड़ की वारदात मंदिर में लगे एक अन्य सुरक्षा कैमरे में कैद हो गई है। पुजारी बाबा मोहन गिरी ने पुलिस से अपनी जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए बढ़ौत रोड पर रात्रि गश्त बढ़ाने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

पुलिस फुटेज के आधार पर तलाश में जुटी

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच तेज कर दी है। बुढ़ाना कोतवाली प्रभारी (इंस्पेक्टर) सुभाष अत्री ने बताया कि पुजारी की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और उसके आधार पर संदिग्ध युवकों की पहचान की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सामूहिक दुष्कर्म कांड में सम्राट इंटर कॉलेज के प्रबंधक इरशाद अली सम्राट सशर्त जमानत

**एक लाख रुपये के व्यक्तिगत बंधनपत्र और दो प्रतिभुओं पर मिली राहत, न्यायालय की अनुमति के बिना देश से बाहर जाने पर रोक**

मुजफ्फरनगर। नगर कोतवाली क्षेत्र में किशोरी के अपहरण और सामूहिक दुष्कर्म के चर्चित मामले में साजिश रचने के आरोप में जेल भेजे गए सम्राट इंटर कॉलेज के प्रबंधक एवं संचालक इरशाद अली सम्राट को न्यायालय ने सशर्त जमानत दे दी है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विशेष पॉक्सो एक्ट के पीठासीन अधिकारी मनोज कुमार सिद्धू की अदालत में हुई सुनवाई के बाद आरोपित को राहत मिली। जमानत के लिए एक लाख रुपये का व्यक्तिगत बंधनपत्र तथा दो प्रतिभू दाखिल कराए गए हैं। न्यायालय ने जमानत के साथ कई शर्तें भी लगाई हैं। नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले की किशोरी के अपहरण के बाद उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने



आया था। प्रकरण को लेकर हिंदू संगठनों और नेताओं में आक्रोश फैल गया था। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, स्वामी यशवीर महाराज सहित हिंदू संगठन से जुड़े नेताओं ने पंचायत कर पुलिस-प्रशासन से आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। आंदोलन की चेतावनी के बाद पुलिस ने मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी का सिलसिला शुरू किया था। पुलिस ने इस मामले में नाजिम, अल्फा क्लीनिक के संचालक डॉ. आदिल, सम्राट इंटर कॉलेज के चौकीदार नदीम सहित अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने फिरोज और उसके साथी उस्मान निवासी मिमलाना रोड पर 15-15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था और बाद में दोनों को भी गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा अल्फा क्लीनिक से पोस्टर उतारने के आरोप में कामरान को भी गिरफ्तार किया गया था। मामले की जांच के दौरान सम्राट इंटर कॉलेज के प्रबंधक एवं मालिक इरशाद अली सम्राट का नाम भी सामने आया था। पुलिस ने उस पर मामले में साजिश रचने का आरोप लगाया था। इसके बाद 28 अगस्त को पुलिस ने इरशाद अली को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था, जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। इरशाद अली सम्राट से जुड़े मेरठ रोड स्थित सम्राट हॉस्पिटल को भी पूर्व में मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण की ओर से नोटिस दिया गया था। एमडीए ने अस्पताल के संबंध में नियमों के उल्लंघन का हवाला देते हुए कार्रवाई की थी। सामूहिक दुष्कर्म प्रकरण में गिरफ्तारी के बाद इरशाद अली सम्राट का नाम लगातार चर्चा में रहा। गुरुवार को इरशाद अली सम्राट की जमानत याचिका पर विशेष पॉक्सो एक्ट न्यायालय में सुनवाई हुई। बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ठाकुर दुष्यंत सिंह और योगेंद्र पंवार ने पैरवी की। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपित को सशर्त जमानत प्रदान कर दी। जमानत के दौरान न्यायालय ने आरोपित पर शर्तें भी लगाई हैं। आरोपित को एक लाख रुपये का व्यक्तिगत बंधनपत्र भरना होगा और दो प्रतिभू दाखिल किए गए हैं।

# खतौली में दसलक्षण महापर्व: उत्तम मार्दव धर्म की भक्तिभाव से हुई आराधना

### विनम्रता और समता के भाव से ही आत्मिक उन्नति का मार्ग संभव

खतौली (मुजफ्फरनगर)। दसलक्षण महापर्व के दूसरे दिन श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर, पीसनोपाड़ा में श्रद्धालुओं ने उत्तम मार्दव धर्म की श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ आराधना की। अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित धार्मिक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में जैन समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

जिनेन्द्र देव का प्रक्षाल और पूजन

प्रातः काल श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से जिनेंद्र देव का प्रक्षाल, पूजन एवं विधान संपन्न किया। इसके बाद भोपाल से पधारे पंडित शाश्वत शास्त्री ने 'उत्तम मार्दव क्या है' विषय पर आध्यात्मिक प्रवचन दिया। उन्होंने कहा कि जैन दर्शन में मार्दव धर्म का सीधा अर्थ मान और अहंकार का पूर्ण त्याग कर जीवन में सरलता व विनम्रता को अपनाना है। धन, ज्ञान, पद, प्रतिष्ठा, रूप अथवा जाति का अहंकार व्यक्ति को उसके आत्म-स्वरूप से दूर ले जाता है। विनम्रता और समता के भाव से ही आत्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है।

दोपहर के सत्र में जयपुर से आए चिराग जी शास्त्री के सानिध्य में 'इष्टोपदेश' ग्रंथ पर आध्यात्मिक चर्चा हुई। शाम चार से पांच बजे के मध्य बच्चों के लिए 'ज्ञान की पाठशाला' आयोजित की गई, जिसके माध्यम से नई पीढ़ी को धार्मिक एवं नैतिक संस्कारों से जोड़ने का सार्थक प्रयास किया गया। 'कौन बनेगा धर्म



शिरोमणि' में युवाओं ने दिखाया ज्ञान

सांस्कृतिक संध्या के दौरान आयोजित 'कौन बनेगा धर्म शिरोमणि' प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। इस ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने जैन धर्म, दर्शन और सिद्धांतों से जुड़े प्रश्नों के सटीक उत्तर देकर अपनी मेधा का प्रदर्शन किया।

नगर के सभी जैन मंदिरों में भक्तिमय माहौल

वर्तमान में खतौली नगर के सभी नौ जिनमंदिरों में दसलक्षण महापर्व के तहत विभिन्न आध्यात्मिक और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिभाव, संयम और तपस्या से सराबोर बना हुआ है। कार्यक्रम में कलपेन्द्र जैन, अनंत वीर्य, हितेश, अंकित, संजय जैन, मदन जैन, अरुण जैन, सुशील जैन, विनय जैन, राहुल जैन, सुनील जैन, जय भगवान जैन, मुकेश आढ़ती, मनोज आढ़ती, राहुल, शशांक जैन, सम्यक जैन, गौरव, शिल्पी जैन, रजनी जैन, अंजलि जैन, अंजू जैन, मंजू जैन, सरिता जैन, आयुषी जैन, साधना जैन, बीना जैन तथा ज्योति जैन सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धालुओं को साइबर अपराध से बचाव और मिशन शक्ति के प्रति किया जागरूक

### एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ ने साइबर फ्रॉड से बचने के बताए उपाय, महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

मुजफ्फरनगर। जानसठ रोड स्थित आशीर्वाद बैंकट हॉल में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान 17 सितंबर को पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु सिद्धार्थ ने श्रद्धालुओं को साइबर अपराध से बचाव और मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने साइबर ठगी से बचने के लिए सावधानी बरतने तथा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अपराध ने श्रद्धालुओं को बताया कि साइबर अपराधी फर्जी फोन कॉल, व्हाट्सएप मैसेज, संदिग्ध लिंक, ओटीपी, केवाईसी अपडेट, बैंक अधिकारी बनकर कॉल करने, ऑनलाइन निवेश, डिजिटल अरेस्ट और सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यमों से लोगों को ठगी का शिकार बना सकते हैं। उन्होंने अपील की कि किसी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजी गई एपीके फाइल या संदिग्ध एप्लीकेशन को डाउनलोड अथवा इंस्टॉल न करें और अनजान लिंक पर क्लिक करने से बचें। मोबाइल में एप्लीकेशन केवल अधिकृत एवं विश्वसनीय



स्रोत से ही डाउनलोड करने की सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि ओटीपी, यूपीआई पिन, एटीएम या डेबिट कार्ड की जानकारी, सीवीवी, पासवर्ड और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी भी व्यक्ति के साथ साझा न करें। साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी दी गई।

एसपी क्राइम ने शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के बारे में भी श्रद्धालुओं को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए लगातार जागरूकता एवं सहायता संबंधी कार्य किए जा रहे हैं। जनपद के सभी थानों में मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों, सरकारी योजनाओं और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी जानकारी एवं आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं से किसी भी समस्या की स्थिति में निःसंकोच पुलिस से संपर्क करने की अपील की। इस दौरान महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 और आपातकालीन सेवा 112 की जानकारी भी दी गई। पुलिस अधीक्षक अपराध ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे स्वयं साइबर अपराध एवं महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक रहें तथा अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी जागरूक करें।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर जैन कन्या इंटर कॉलेज में जलाया सेवा और संकल्प का दीया

### सेवा पर्व अभियान के तहत दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित, छात्राओं ने राष्ट्र निर्माण का लिया संकल्प



मुजफ्फरनगर। जैन कन्या इंटर कॉलेज, नई मंडी में 17 सितंबर 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पर्व अभियान के अंतर्गत विशेष दीप प्रज्वलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की अध्यापिकाओं एवं छात्राओं ने सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का संकल्प लेते हुए दीप प्रज्वलित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती किरण देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की और सेवा भाव को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। प्रधानाचार्या श्रीमती किरण देवी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

उनके जन्मदिन को सेवा पर्व के रूप में मनाना हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने छात्राओं से स्वच्छता, शिक्षा, सेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने देश की सेवा करने तथा विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्रीमती सुनीता सहगल, श्रीमती प्रिया माहेश्वरी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# शपथ नहीं हुई तो छलका रालोद नेता का दर्द, बोले- आठ साल से पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता हूं

मीरापुर। नगर पंचायत मीरापुर में रालोद से नामित सभासद अभिषेक चैधरी ने पार्टी की कार्यप्रणाली से आहत होकर अपने सभी पदों से इस्तीफा देने की घोषणा की है। उन्होंने अपना इस्तीफा रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी को भेजने की बात कही है।

अभिषेक चैधरी ने बताया कि 17 मार्च 2026 को नगर पंचायत मीरापुर में भाजपा से अशोक सैनी व अरुणा शर्मा तथा रालोद से उन्हें नामित सभासद चुना गया था। उनका आरोप है कि भाजपा के दोनों नामित सभासदों की शपथ बिना उन्हें सूचना दिए करा दी गई, जबकि उनके पिता के नाम में त्रुटि होने के कारण उनकी शपथ नहीं कराई गई। उन्होंने



बताया कि इस संबंध में पार्टी के उच्च पदाधिकारियों से कई बार शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी से भी शिकायत की गई, जहां से उन्हें केवल आश्वासन मिला। अभिषेक चैधरी ने आरोप लगाया कि रालोद के पदाधिकारी भाजपा के दबाव में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह पिछले आठ वर्षों से पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता हैं और पिछले छह महीनों से इस मामले को लेकर बेहद आहत हैं। उन्होंने कहा कि जब पार्टी उनके जैसे कार्यकर्ता की समस्या का समाधान नहीं करा सकती तो आम जनता की समस्याओं का क्या समाधान करेगी। उनके इस्तीफे को लेकर मीरापुर के जाट समाज में भी रोष की बात कही जा रही है।

# खतौली में छोटनलाल आईटीआई में मनाई विश्वकर्मा जयंती: पूजन कर विश्वकर्मा के चित्र पर किया माल्यार्पण

### मशीनों, औजारों एवं कल-पुर्जों का तिलक कर की विधिवत पूजा-अर्चना

खतौली (मुजफ्फरनगर)। स्थानीय पंडित छोटन लाल आईटीआई में विश्वकर्मा जयंती समारोह पूरी श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। संस्थान परिसर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर किया। इसके पश्चात संस्थान के समस्त स्टाफ सदस्यों और प्रशिक्षार्थियों ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्पार्चन कर उनका आशीर्वाद लिया।

वर्कशॉप में मशीनों और कल-पुर्जों का हुआ तिलक

समारोह के दौरान संस्थान की मुख्य वर्कशॉप में रखी विभिन्न मशीनों, औजारों एवं कल-पुर्जों का तिलक कर विधिवत पूजन-अर्चन किया गया। इस दौरान वातावरण भक्तिमय बना रहा और सभी प्रशिक्षार्थियों ने अपने-अपने ट्रेड के उपकरणों की साफ-सफाई कर उनकी पूजा की। अंत में संस्थान के समस्त स्टाफ सदस्यों और प्रशिक्षार्थियों ने



भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर पुष्पार्चन कर उनका आशीर्वाद लिया।

श्रम ही निर्माण की असली शक्तिः प्रधानाचार्य

प्रशिक्षार्थियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने भगवान विश्वकर्मा को ब्रह्मांड का महान शिल्पकार और देव-शिल्पी बताया। उन्होंने सभी से उनके बताए आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा में श्रम करने वाला वर्ग केवल मजदूर नहीं है, बल्कि वह देश के नवनिर्माण और सृजन की सबसे बड़ी शक्ति का प्रतीक है।

समारोह में प्रमुख लोगों का रहा विशेष योगदान कार्यक्रम में संस्थान के समस्त स्टाफ सदस्यों और बड़ी संख्या में प्रशिक्षार्थियों की उपस्थिति रही। समारोह को भव्य एवं सफल बनाने में शक्ति सिंह, रोहित राठी, देवनारायण शर्मा, अमित कुमार, प्रभात पुंडीर, भूपेंद्र तथा अमित का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित सभी शिक्षकों, कर्मचारियों और प्रशिक्षार्थियों को मिष्ठान वितरित किया गया।

# पिछड़ों और दलितों का अपमान करने वाले अब सम्मान का ढोंग कर रहे - मंत्री अनिल कुमार

### गाड़ियों के काफिले के साथ जयंत चौधरी की सभा में पहुंचेंगे कार्यकर्ता

बुढ़ाना । आगामी 20 तारीख को होने वाली रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की जनसभा को लेकर बुढ़ाना में रालोद कार्यकताओं की बैठक का आयोजन किया गया। गुरुवार दोपहर को कस्बे के निरीक्षण भवन में आयोजित बैठक में रणनीति तैयार की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि क्षेत्र से 140 गाड़ियों को कार्यकताओं को ले जाने के लिए लगाया गया है। इस दौरान विभिन्न कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार और कार्यक्रम के आयोजक पूर्व मंत्री योगराज सिंह रहे।



कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने समाजवादी पार्टी पर जमकर प्रहार किए। उन्होंने कहा कि सपा द्वारा प्रचारित किए जा रहे पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) का नारा केवल कागजों और नारों तक सीमित है, जमीन पर इसकी कोई हकीकत नहीं है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि आज जो लोग पिछड़ों और दलितों के सम्मान की बात कर रहे हैं, हकीकत में इन्हीं लोगों ने सत्ता में रहते हुए इस समाज का सबसे ज्यादा अपमान और शोषण किया है। यह लोग केवल चुनाव को देखते हुए अफवाह फैलाने का काम कर रहे हैं।

मंत्री अनिल कुमार ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजित सिंह के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि जयंत चौधरी की बदौलत ही आज समाज के हर वर्ग को कैबिनेट में बैठने और नीति निर्धारण में हिस्सा लेने का अधिकार मिला है। उन्होंने आरक्षण के मुद्दे पर विरोधियों को जवाब देते हुए कहा कि सरकार किसी की भी आए, लेकिन दलितों और पिछड़ों का आरक्षण कोई खत्म नहीं कर सकता। बैठक के आयोजक पूर्व मंत्री योगराज सिंह ने कार्यकताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी।

उन्होंने कहा कि जयंत चौधरी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है। बैठक की अध्यक्षता अनुसूचित जाति के बालियान खाप के चौधरी लेखराज सिंह ने की। इस दौरान धर्मवीर बालियान, सुरेंद्र सहरावत, प्रभात तोमर, सकुल सहरावत, विदित मलिक, संयम पंवार ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# बुजुर्ग की मौत के मामले में हत्या का वांछित आरोपी गिरफ्तार

### फुगाना पुलिस ने देहरादून एक्सप्रेसवे के नीचे से तेजवीर सिंह उर्फ छोटू को दबोचा, एक आरोपी पहले ही जा चुका है जेल

मुजफ्फरनगर। फुगाना थाना क्षेत्र के गांव खरड़ में दो पक्षों के बीच हुए विवाद के दौरान बुजुर्ग व्यक्ति से मारपीट के बाद उपचार के दौरान हुई मौत के मामले में पुलिस ने एक और नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। फुगाना पुलिस ने हत्या के मुकदमे में वांछित तेजवीर सिंह उर्फ छोटू को देहरादून एक्सप्रेसवे के नीचे से गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपी के खिलाफ अग्रिम वैधानिक कार्रवाई में जुटी है।

पुलिस के अनुसार 15 सितंबर 2026 को गांव खरड़ में पड़ोस में रहने वाले दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद के बाद जय सिंह पुत्र सीरिया के साथ मारपीट की गई। गंभीर हालत में उनका उपचार कराया गया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले में प्राप्त तहरीर के आधार पर फुगाना थाने में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 99/2026, धारा



103(1)/3(5), 333, 190 व 191(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीम ने मामले के नामजद मुख्य आरोपी मनोज मलिक पुत्र वेदपाल उर्फ पप्पू निवासी खरड़ को 16 सितंबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद पुलिस ने 17 सितंबर को नामजद आरोपी तेजवीर सिंह उर्फ छोटू पुत्र वेदपाल सिंह उर्फ पप्पू निवासी खरड़ को देहरादून एक्सप्रेसवे के नीचे से गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी

तेजवीर सिंह उर्फ छोटू पुत्र वेदपाल सिंह उर्फ पप्पू, निवासी खरड़, थाना फुगाना, मुजफ्फरनगर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अभिषेक चौधरी, कांस्टेबल 1238 अमित कुमार और कांस्टेबल 629 अजय कुमार शामिल रहे।

# विश्वकर्मा जयंती पर रिजर्व पुलिस लाइन में हुआ शस्त्र पूजन

### एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने विधि-विधान से की पूजा-अर्चना, पुलिस परिवार ने सामूहिक भोज में लिया हिस्सा

मुजफ्फरनगर। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन, मुजफ्फरनगर में पुलिस विभाग द्वारा शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पुलिस विभाग द्वारा प्रयोग किए जाने वाले शस्त्रों एवं विभिन्न उपकरणों का विधि-विधानपूर्वक पूजन किया।

कार्यक्रम के दौरान एसएसपी ने शस्त्रों एवं पुलिस उपकरणों की पूजा-अर्चना कर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर पुलिस बल की सुरक्षा, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा के संकल्प को दोहराया गया। एसएसपी ने अधिकारी एवं कर्मचारियों को विश्वकर्मा जयंती की



शुभकामनाएं देते हुए अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।

शस्त्र पूजन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक नगर अमृत जैन, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अक्षय संजय महाडीक, पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु सिद्धार्थ, पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे, सहायक पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नई मंडी राजू कुमार साव, प्रतिसार निरीक्षक उदल सिंह सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे और पूजा-अर्चना में सहभागिता की।

इसके बाद पुलिस परिवार के लिए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। इसमें पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक साथ भोजन ग्रहण किया। विश्वकर्मा जयंती पर आयोजित कार्यक्रम ने पुलिस बल के बीच आपसी भाईचारे, सामूहिकता और सौहार्द को मजबूत करने का अवसर प्रदान किया।

## शाही जामा मस्जिद की कमेटी गठन को लेकर थाना प्रांगण में बैठक, आपसी सहमति से लिए गए कई निर्णय



मीरापुर। शाही जामा मस्जिद मीरापुर में कमेटी के गठन को लेकर चल रहे प्रकरण के संबंध में थाना प्रांगण में थाना प्रभारी राजीव शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जामा मस्जिद क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बुलाकर मामले को लेकर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान कमेटी के गठन को लेकर विभिन्न लोगों ने अपनी बात रखी। थाना प्रभारी राजीव शर्मा ने कहा कि थाने में मौजूद नवाबुद्दीन पक्ष और अन्य लोगों की मौजूदगी में एक नई कमेटी का गठन किया जाए। इस प्रस्ताव पर बैठक में मौजूद लोगों ने सहमति जताई। बैठक में यह भी तय किया गया कि फिलहाल कुछ समय के लिए नवाबुद्दीन को जामा मस्जिद का मुतवल्ली रहने दिया जाए।

इसके बाद नई गठित कमेटी के सहयोग से उनका इस्तीफा लिया जाएगा। मस्जिद के पूर्व से लंबित हिसाब-किताब को चार लोगों की निगरानी में व्यवस्थित करने पर भी सहमति बनी। बैठक में निर्णय लिया गया कि फिलहाल मस्जिद का हिसाब-किताब जो लोग देख रहे हैं, वही लोग आगे भी व्यवस्था संभालेंगे। नई कमेटी के गठन और आपसी विचार-विमर्श के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जान मोहम्मद, सनी खान, अराफात, इकराम मंसूरी, मिराज, इमरान, रहीम, नवाब फारूकी, फहीम, इस्लामुद्दीन, खलील और आफताब आलम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस परिवार के बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मिलीं पुस्तकें

### वामा सारथी की पहल पर आकाश इंस्टीट्यूट ने पुलिस लाइब्रेरी को अध्ययन सामग्री भेंट की, कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को दिया करियर मार्गदर्शन

मुजफ्फरनगर। पुलिस परिवार के बच्चों की शिक्षा, करियर निर्माण और उज्ज्वल भविष्य को लेकर वामा सारथी की पहल पर रिजर्व पुलिस लाइन स्थित पुलिस लाइब्रेरी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान आकाश इंस्टीट्यूट, मुजफ्फरनगर की ओर से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें एवं अध्ययन सामग्री लाइब्रेरी को भेंट की गई।




कार्यक्रम वामा सारथी, जनपद मुजफ्फरनगर की अध्यक्ष डॉ. नीलम राय वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु सिद्धार्थ के विशेष प्रयासों से आयोजित हुआ। आकाश इंस्टीट्यूट की टीम ने कक्षा 9 से 12 तक के छात्र-छात्राओं को उनकी रुचि, क्षमता और भविष्य की संभावनाओं के अनुरूप विभिन्न करियर विकल्पों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को विशेष रूप से IIT-JEE, NEET, NDA सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। बेहतर तैयारी के लिए अध्ययन की रणनीति, समय प्रबंधन और नियमित अध्ययन के महत्व के बारे में भी बताया गया। आकाश इंस्टीट्यूट के मैनेजर शाहनवाज अहमद, एकेडमिक काउंसलर नितिन कुमार एवं उनकी टीम ने बच्चों के सवालों का समाधान करते हुए पुलिस लाइब्रेरी के लिए उपयोगी पुस्तकें और अन्य अध्ययन सामग्री भेंट की।

इस अवसर पर डॉ. नीलम राय वर्मा ने आकाश इंस्टीट्यूट का आभार व्यक्त करते हुए बच्चों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चे पूरे मन से तैयारी करें, लाइब्रेरी में पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए पर्याप्त पुस्तकें एवं अध्ययन सामग्री उपलब्ध है। यदि किसी अन्य पुस्तक या अध्ययन सामग्री की आवश्यकता होगी तो उसे भी उपलब्ध कराया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक अपराध इंदु सिद्धार्थ ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए नियमित अध्ययन, अनुशासन और निरंतर मेहनत जरूरी है। विद्यार्थियों को अपनी रुचि के अनुसार लक्ष्य निर्धारित कर पूरे समर्पण के साथ उसकी तैयारी करनी चाहिए।

वामा सारथी की ओर से पुलिस परिवार की महिलाओं एवं बच्चों के शैक्षिक, सामाजिक और सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की कड़ी में यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण रहा। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को करियर संबंधी मार्गदर्शन के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए।

# शुक्रताल में सेवा संकल्प अभियान के तहत हुआ दीपदान कार्यक्रम

### सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण की अध्यक्षता में गंगा घाट पर जलाए गए दीप शुक्रताल में दीपदान कार्यक्रम

मोरना। 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान एवं विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर तहसील जानसठ क्षेत्र के शुक्रताल में दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। शुक्रताल गंगा घाट पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, उप जिलाधिकारी जानसठ, तहसीलदार जानसठ, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं अपर पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने दीप जलाकर दीपदान किया। इस दौरान सेवा, स्वच्छता और जनकल्याण से जुड़े संकल्पों को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया।



सेवा संकल्प अभियान के तहत जनपद के विभिन्न स्थानों पर भी दीपदान कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें पंचायत भवन, इंटर कॉलेज, परिषदीय विद्यालय, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, महाविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, आश्रम पद्धति विद्यालय, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, अमृत स-रोवर, आंगनबाड़ी केंद्र, अन्नपूर्णा भवन, सहकारी समितियां, स्टेडियम और नगरीय चौराहे शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर दीप प्रज्वलित कर सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।




# हाइपोथायरायडिज्म में भी घट सकता है वजन, फॉलो करें ये टिप्स

थायरॉइड की समस्या से जूझ रही महिलाओं के लिए वजन कम करना किसी चुनौती से कम नहीं होता।
हाइपोथायरॉइडिज्म होने पर मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है, जिससे वजन तेजी से बढ़ने लगता है। लेकिन घबराइए नहीं, क्योंकि सही डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव से थायरॉइड के बावजूद वजन कम किया जा सकता है। हम आपको थायरॉइड में वजन घटाने के 5 वैज्ञानिक तरीके बताएंगे जो वाकई में काम करते हैं। ये कोई क्रैश डाइट या मुश्किल एक्सरसाइज रूटीन नहीं, बल्कि छोटे-छोटे बदलाव हैं जिन्हें आप आसानी से अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकते हैं। इनमें से कुछ टिप्स तो आपकी रसोई में पहले से मौजूद चीजों से जुड़े हैं! सबसे अच्छी बात यह है कि ये तरीके न सिर्फ वजन घटाने में मदद करेंगे, बल्कि आपके थायरॉइड लेवल को भी संतुलित रखेंगे। तो आइए जानते हैं वो 5 गोल्डन टिप्स जो आपकी वेट लॉस जर्नी को आसान बना देंगे।

### ये चीजें जरूर खाएं

थायरॉइड में वजन घटाने के लिए सबसे पहले डाइट पर ध्यान देना जरूरी है। सेलेनियम और जिंक से भरपूर चीजें जैसे ब्राजील नट्स, अंडे और दालें थायरॉइड फंक्शन को इम्प्रूव करती हैं। नारियल तेल का इस्तेमाल करें क्योंकि इसमें मौजूद MCT फैट मेटाबॉलिज्म को 12% तक बढ़ा सकता है।

### ग्लूटेन फ्री डाइट क्यों है जरूरी?

रिसर्च बताती है कि थायरॉइड पेशेंट्स को ग्लूटेन से परहेज करना चाहिए। गेहूं, जौ और राई की जगह बाजरा, कुट्टू और अमरन्थ का आटा इस्तेमाल करें। ये न सिर्फ वजन कम करने में मदद करेंगे बल्कि थायरॉइड एंटीबॉडीज को भी कम करेंगे।

### ये 3 वर्कआउट देंगे बेस्ट रिजल्ट

थायरॉइड में हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (HIIT) और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग सबसे अच्छे विकल्प हैं। हफ्ते में 3 बार 30 मिनट की वॉक जरूर करें। योगासनों में सर्वांगासन और मत्स्यासन थायरॉइड ग्लैंड को एक्टिवेट करते हैं।

### स्ट्रेस मैनेजमेंट वजन घटाने की कुंजी

तनाव थायरॉइड हार्मोन को और असंतुलित कर देता है। रोज 10 मिनट की डीप ब्रीदिंग और मेडिटेशन करें। अश्वगंधा और ब्राह्मी जैसी आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां स्ट्रेस हार्मोन कोर्टिसोल को कम करने में मदद करती हैं।

### नींद है सबसे जरूरी

रात की खराब नींद थायरॉइड पेशेंट्स के वजन को बढ़ा देती है। हर रात 7-8 घंटे की नींद जरूर लें। सोने से 1 घंटे पहले मोबाइल का इस्तेमाल बंद कर दें और गर्म दूध में दालचीनी मिलाकर पिएं। थायरॉइड की दवा खाली पेट लेनी चाहिए और उसके 1 घंटे बाद तक कुछ न खाएं।





# शरीर के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी है हीमोग्लोबिन

**शरीर के बेहतर कामकाज के लिए जरूरी है, इसकी कमी शरीर को तोड़कर रख सकती है, इसकी कमी पूरी करने के लिए आपको आयरन वाली चीजें खानी चाहिए।**

अगर आपको हमेशा थकान, कमजोरी या सिरदर्द जैसी समस्या रहती है, तो इसका मतलब है कि आपके खून में हीमोग्लोबिन की कमी हो गई है। हीमोग्लोबिन क्या है? यह एक प्रोटीन है जो रेड ब्लड सेल्स में पाया जाता है। ब्लड सेल्स का काम शरीर के चारों ओर ऑक्सीजन ले जाने का काम करती हैं।
हीमोग्लोबिन का लेवल कम होने से शरीर का कामकाज बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। इसका लेवल कम होना संकेत है कि आप खून की कमी से जूझ रहे हैं या लिवर या किडनी की किसी बीमारी से पीड़ित हैं। हीमोग्लोबिन की कमी से होने से आपको थकान-कमजोरी, पीलिया या लगातार सिरदर्द होना जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं।

### हीमोग्लोबिन कैसे बढ़ाएं?

हीमोग्लोबिन का लेवल बढ़ाने के लिए आपको आयरन से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन करना चाहिए।
आयरन हीमोग्लोबिन के उत्पादन बढ़ाने के अलावा रेड ब्लड सेल्स को बनाने में भी मदद करता है। हीमोग्लोबिन की नॉर्मल रेंज पुरुषों के लिए 13.2 से 16.6 ग्राम प्रति डेसीलीटर है जबकि महिलाओं के लिए 11.6 से 15 ग्राम प्रति डेसीलीटर है।

### हीमोग्लोबिन कम होने के कारण और लक्षण

हीमोग्लोबिन कम होने के कई कारण हो सकते हैं जिनमें मुख्यत: खाने में आयरन और विटामिन बी-12 की कमी, खून का कैंसर, किडनी या लिवर की बीमारी, थाइरोइड, थैलासीमिया और फेफड़ों से जुड़ी कोई बीमारी आदि शामिल हैं। ऐसा होने पर आपको नीचे बताए लक्षण महसूस हो सकते हैं-

- दिल की धड़कन बढ़ना
- त्वचा का पीला होना और मसूड़ों में खून आना
- हमेशा थकान और कमजोरी महसूस होना
- मांसपेशियों में कमजोरी
- हमेशा थकान के साथ सिरदर्द रहना
- सांस में कमी

### विटामिन-सी से भरपूर खाद्य पदार्थ

एक अध्ययन के अनुसार शरीर आयरन को पूरी तरह से अवशोषित नहीं कर पाता है यही वजह है कि इसे अवशोषित करने के लिए आपको विटामिन सी की जरूरत होती है। आपको अपने खाने में संतरे, नींबू, शिमला मिर्च, टमाटर, अंगूर, जामुन आदि विटामिन-सी से भरपूर चीजों को शामिल करना चाहिए।

### चुकंदर

चुकंदर आयरन, मैग्नीशियम, कॉपर, फॉस्फोरस और विटामिन बी1, बी2, बी6, बी12 और सी से भरपूर होता है। यह चमत्कारिक सब्जी हीमोग्लोबिन काउंट बढ़ाने और रेड ब्लड सेल्स को बनाने का काम करती है। इसका आप सब्जी, सलाद या जूस के रूप में सेवन कर सकते हैं।

### सहजन

एक स्टडी के मुताबिक सहजन की पत्तियां जिंक, आयरन, कॉपर, मैग्नीशियम, विटामिन ए, बी और सी जैसे मिनरल्स से भरी होती हैं। यह सभी तत्व आयरन, हीमोग्लोबिन और रेड ब्लड सेल्स के लिए जरूरी हैं। ऐसा माना जाता है कि इन पत्तियों को गुड़ के साथ लेने से आपको ज्यादा फायदा मिल सकता है। इसके अलावा आप डॉक्टर की सलाह पर इसका रस पी सकते हैं या इसकी फली की सब्जी बना सकते हैं।

### हरे पत्ते वाली सब्जियां

हरी सब्जियां जैसे पालक, सरसों का साग, अजवाइन और ब्रोकली आयरन का बढ़िया स्रोत हैं। पालक को पकाकर खाने की सलाह दी जाती है क्योंकि कच्ची पत्तियों में ऑक्सालिक एसिड होता है जो शरीर में आयरन के अवशोषण को रोक सकता है। इनमें मौजूद विटामिन बी 12, फोलिक एसिड और अन्य पोषक हीमोग्लोबिन बढ़ाने का काम करते हैं।

### खजूर और कद्दू के बीज

खजूर आयरन का बढ़िया स्रोत है, जो खून में हीमोग्लोबिन लेवल बढ़ाता है। हालांकि डायबिटीज के रोगियों को ज्यादा खजूर खाने से बचना चाहिए। इधर कद्दू के बीज भी कैल्शियम, मैग्नीशियम, मैंगनीज और आयरन का बेहतर स्रोत हैं।

### ब्रोकोली

गोभी परिवार की यह सब्जी आयरन और बी-कॉम्प्लेक्स विटामिन फोलिक एसिड का बढ़िया स्रोत है और इसमें मैग्नीशियम, विटामिन ए और सी जैसे अन्य जरूरी पोषक तत्व भी पाए जाते हैं।
आयरन और हीमोग्लोबिन काउंट बढ़ाने के लिए आप इसे उबालकर या सलाद के रूप में या सब्जी बनाकर खा सकते हैं।

### अनार

अनार प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और फाइबर के साथ-साथ कैल्शियम और आयरन दोनों का एक शानदार स्रोत है।
हीमोग्लोबिन बढ़ाने के अलावा इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व सेहत को दुरुस्त बनाए रखते हैं। आयरन और हीमोग्लोबिन लेवल बढ़ाने लिए रोजाना अनार का जूस पिएं।



# खर्राटों की समस्या से निजात दिला सकता है ये उपकरण

**अगर आपको भी खर्राटे लेने की समस्या है तो आपके लिए एक खुशखबरी है। माउंट जियॉन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने चुंबक की मदद से एक ऐसा उपकरण बनाया है जो खर्राटों की समस्या से निजात दिला सकता है। दो चंबुकों के खींचने की क्षमता की मदद से हवा की नली को रात में सोने के दौरान खुला रखकर खर्राटों की समस्या को ठीक किया जा सकता है।**

इस समस्या से दुनियाभर में लाखों लोग जूझ रहे हैं। इस बीमारी के कारण रात को सोते वक्त हवा की नली संकरी हो जाती है और सांस लेने में अवरोध पैदा होता है। इसके लक्षणों में खर्राटे लेना और मुंह से अजीब आवाजें निकालना भी शामिल है। यह बीमारी 40 साल की उम्र से ऊपर के पुरुषों में ज्यादा होती है। मोटापा, शराब की लत और धूम्रपान इसके जोखिम कारक हैं। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। मैग्नेटिक एपनोइया प्रीवेंशन (मैगनैप) उपकरण में उस तरह के चुंबक का इस्तेमाल होता है जो कंप्यूटर हार्ड ड्राइव और साइकिल के डायनेमो में पाए जाते हैं। यह उपकरण सांस की नली को खुला रखने में मदद करता है। चुंबक में एक क्षरण-प्रूफ टाइटेनियम कोटिंग है और यह दावा किया जाता है कि इन्हें एक बार प्रतिरोपित करने के बाद सालों तक सुरक्षित रूप से शरीर में छोड़ा जा सकता है। इस उपकरण का आकार पचास पैसे के सिक्के के जितना है और इसे सर्जरी के द्वारा गले के हायोड बोन में फिट किया जा सकता है। यह हड्डी जीभ के ठीक नीचे गले में होती है। इस चुंबक को फिट करने की सर्जरी को करने में एक घंटे का समय लगेगा। सर्जरी के चार हफ्ते के बाद एक और चुंबक गले में लगाया जाएगा। यह दूसरा चुंबक पहले से गले में लगाए गए चुंबक को आकर्षित करेगा जिससे एक हल्का खिंचाव तैयार होगा और हवा की नली खुल जाएगी। मरीज के गले और हवा की नली के आकार के अनुसार विभिन्न आकार के चुंबकों का प्रयोग किया जा सकेगा। अब तक माउंट जियॉन यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में छह लोगों के गले में इस उपकरण को प्रतिरोपित किया गया है। उनकी निगरानी की जा रही है ताकि इस उपकरण की उपयोगिता का पता लगाया जा सके।



# दिल की बीमारियों को भी दूर रखने में मदद करता है मैथीदाने का नियमित सेवन

**मैथीदाने का प्रयोग आप खाने के स्वाद को बढ़ाने में करते हैं, लेकिन इसके सेहत और सौंदर्य लाभ आपको हैरत में डाल देंगे। आइए जानते हैं इनके अनमोल गुण।**

- मैथीदाने का चूर्ण प्रतिदिन खाने से आपका वजन नियंत्रित रहता है और वसा की मात्रा धीरे-धीरे कम हो जाती है। इस तरह से आप अपना वजन भी कम कर सकते हैं।
- मैथीदाने का नियमित सेवन दिल की बीमारियों को भी दूर रखने में भी मदद करता है। यह दिल का दौरा पड़ने की आशंका को बेहद कम कर देता है और आप अपने हृदय को रख सकते हैं बिलकुल स्वस्थ।
- मधुमेह के मरीजों के लिए मैथीदाना बहुत फायदेमंद होता है। इसको रोज रात में भिगोकर रखने के बाद रोज सुबह चबाकर खाने से और इसके पानी के सेवन से लाभ मिलता है।
- बालों की खूबसूरती के लिए भी मैथीदाना फायदेमंद है। इसका पेस्ट बनाकर बालों में लगाने से बालों से रूखापन गायब होता है, साथ ही बाल मजबूत बनते हैं।
- चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने में भी यह मैथीदाना कुछ कम गुणवान नहीं है। इसे पीसकर चेहरे पर लगाने से त्वचा में चमक के साथ कसाव आता है। इसके अलावा रूखी त्वचा वालों के लिए यह बहुत लाभप्रद है, क्योंकि यह त्वचा को नमी प्रदान करता है।



# कोलेस्ट्रॉल बढ़ने या घटने से हो सकते हैं मानसिक दिव्यांगता का शिकार

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने या घटने से ऑटिज्म जैसी मानसिक दिव्यांगता विकसित हो सकती है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय समेत तीन संस्थानों के अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। ऑटिज्म के मरीज न तो अपनी बात ठीक से कह पाता है ना ही दूसरों की बात समझ पाता है और न उनसे संवाद स्थापित कर सकता है। यदि इन लक्षणों को समय रहते भांप लिया जाए, तो काबू पाया जा सकता है। प्रतिष्ठित नेचर पत्रिका में प्रकाशित इस रिपोर्ट के मुताबिक, बच्चे के धीमे मानसिक व शारीरिक विकास से जुड़ी इस बीमारी के लक्षण बचपन में ही दिखने लगते हैं। हार्वर्ड विश्वविद्यालय, मैसाचुएट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने कोलेस्ट्रॉल और ऑटिज्म के संबंध के बारे में जानने के लिए वैज्ञानिक अध्ययन किया। शोधकर्ताओं ने पाया कि ऑटिज्म के सबटाइप वाली एक बीमारी उन्हीं अनुवांशिक तत्वों से होती है जो शरीर में कोलेस्ट्रोल मेटाबोलिज्म और मस्तिष्क विकास को नियंत्रित करते हैं। वैज्ञानिकों ने मस्तिष्क के नमूनों के डीएनए अध्ययन से पाया कि लिपिड डायफंक्शन और ऑटिज्म के बीच साझा आणुविक जड़ें होती हैं। फिर वैज्ञानिकों ने ऑटिज्म पीड़ित लोगों के मेडिकल रिकॉर्ड का अध्ययन करके इस बात की पुष्टि की। लिपिड जीवित कोशिकाओं में एक महत्वपूर्ण अवयव होता है जो एल्कोहल में घुलनशील है। अध्ययनकर्ता इसहाक कोहेन का कहना है कि शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि यह बहुत जटिल बीमारी है और इसके विभिन्न प्रकार अलग-अलग कारणों से उत्पन्न होते हैं।

# इंजीनियर से लूट करने वाले चार शातिर बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र में एक इंजीनियर से हथियार के बल पर लूटपाट करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट के 24 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, आठ हजार रुपये नकद, दो मोटरसाइकिल, एक चाकू और एक खिलौना पिस्टल बरामद की है।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि 16 सितंबर को एक इंजीनियर ऋषि राठी ने सेक्टर-63 थाने में लिखित शिकायत दी थी। पीड़ित ऋषि राठी के अनुसार, टाटा मोटर के पास दो बदमाशों ने हथियार के बल पर उनका बैग लूट लिया था। बैग के अंदर उनका एक लैपटॉप, चार्जर, मोबाइल फोन और पर्स मौजूद था। पर्स में पीड़ित का पैन कार्ड, आधार कार्ड और एटीएम कार्ड भी रखा हुआ था। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाशों ने पीड़ित के एटीएम कार्ड का इस्तेमाल



किया और उनके बैंक खाते से 11,600 रुपये निकाल लिए।

**घेराबंदी कर चार आरोपियों को किया गिरफ्तार:** इस लूट की वारदात का खुलासा करने के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया था। जांच के दौरान 17 सितंबर को लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर पुलिस को सफलता मिली। सूचना के आधार पर पुलिस ने एफएनजी गोलचक्कर से बहलोलपुर अंडरपास की ओर जाने वाली सर्विस रोड पर घेराबंदी की और चार आरोपियों को धर दबोचा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गर्वित गोयल, अमन, रोहित कुमार और हर्ष कुमार के रूप में हुई है।

**बदमाशों के पास से सामान और बाइक बरामद:** पुलिस के अनुसार गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से लूट और स्नैचिंग के 24 मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद हुआ है। इसके अलावा पुलिस को उनके पास से आठ हजार रुपये नकद, एक अवैध चाकू और एक खिलौना पिस्टल भी मिली है। वारदात को अंजाम देने में इस्तेमाल की गई दो हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी पुलिस ने जब्त कर ली हैं।

**मजबूरी का नाटक कर बेचते थे लूटा हुआ सामान:** पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में राह चलते लोगों से मोबाइल फोन और अन्य सामान लूटते तथा झपटते थे। लूटे गए सामान को वे राहगीरों को अपनी मजबूरी बताकर बेच दिया करते थे। पुलिस अब बरामद किए गए मोबाइल फोन और लैपटॉप के संबंध में विस्तृत जानकारी जुटा रही है और आरोपियों से अन्य घटनाओं के बारे में भी पूछताछ कर रही है।

# टोल के लिए रुकना नहीं पड़ेगा, ग्रेटर नोएडा-जेवर एयरपोर्ट जाने वालों को बड़ी राहत

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा और जेवर एयपरोर्ट जाने वालों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। अब नोएडा इंटरनेशनल एयपरोर्ट और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाले लिंक एक्सप्रेसवे पर टोल देने के लिए गाड़ियों को रोकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। तो अब मन में सवाल आ रहा होगा कि क्या अब इस रूट पर टोल नहीं देना पड़ेगा? ऐसा नहीं है। टोल देना पड़ेगा, लेकिन इसके लिए आपको गाड़ी रोकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। टोल अपने आप कट जाएगा।




इस लिंक एक्सप्रेसवे पर जाने वाले यात्रियों को ना तो गाड़ी रोकनी पड़ेगी और ना ही गाड़ी रोकनी पड़ेगी। यहां के करौली बांगर इलाके में अब टोल बैरियर की जगह एएनपीआर कैमरे लगे होंगे, जो गाड़ी की नंबर प्लेट को स्कैन करेंगे और फास्टैग से पैसे कट हो जाएंगे। इसके लिए कैमरा गाड़ी का नंबर प्लेट स्कैन करेगा और जो भी निर्धारित राशि होगी, उसे काट लेगा। इसके लिए गाड़ी चालक को ना तो गाड़ी रोकनी पड़ेगी और ना ही टोल देने के लिए खिड़की खोलनी पड़ेगी।

इस सुविधा का सबसे ज्यादा फायदा एयरपोर्ट से आने और जाने वालों को होगा। इस सुविधा की शुरुआत के साथ ही त्योहारी सीजन में लगने वाली लंबी गाड़ियों की लाइन से लोगों को फुरसत मिल जाएगी। इस सुविधा के साथ ही लगातार लगने वाले जाम से भी राहत मिल जाएगी। इस लिंक एक्सप्रेसवे के माध्यम से नोएडा एयरपोर्ट और हरियाणा का मोहना क्षेत्र को जोड़ा गया है। बताया जा रहा है कि दिसंबर के अंत तक इक लिंक एक्सप्रेसवे को ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे से जोड़ दिया जाएगा। काम पूरा होने के बाद इसे पूरी तरह खोल दिया जाएगा और नोएडा एयरपोर्ट से मोहना तक जाने के लिए यात्रियों को काफी राहत मिल जाएगी।

इस तरह की सुविधा देश की कई सड़कों पर है। इसमें उत्तर प्रदेश के दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर भी यह सुविधा उपलब्ध है। यह एक्सप्रेसवे दिल्ली को पश्चिमी उत्तर प्रदेश से जोड़ने के लिए बनाया गया था। यह देश का पहल टोल प्लाजा फ्री हाईवे बनाया गया था। इस दौरान यहां एएनपीआर कैमरे लगाए गए थे और ऑटोमेटिक पेमेंट के लिए एमएलएफएफ सिस्टम भी लगाया गया था।

# बात न बनी तो किसान छह अक्तूबर से फिर धरना देंगे

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर पर एक सप्ताह से चल रहा किसान संघर्ष मोर्चा का धरना गुरुवार को इस आश्वासन पर समाप्त किया गया कि पांच अक्तूबर तक लखनऊ में मुख्य सचिव स्तर की वार्ता होगी। किसान 10 फीसदी आबादी भूखंड की मांग पर अड़े हैं। मांग पूरी न होने पर छह अक्तूबर से किसान फिर डेरा डालेंगे। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण के सीईओ, जिलाधिकारी और संयुक्त पुलिस आयुक्त के साथ बुधवार को किसान संघर्ष मोर्चा की करीब तीन घंटे तक वार्ता चली। इसके बाद किसान मोर्चा के पदाधिकारियों ने धरनास्थल पर किसानों के बीच बैठक कर आगे की रणनीति तय की।

किसान नेताओं की गुरुवार दोपहर पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह से भी बात हुई। पुलिस आयुक्त ने 5 अक्तूबर तक मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी से वार्ता कराने का आश्वासन दिया।किसान नेता डॉ रुपेश वर्मा ने बताया कि अधिकारियों के साथ हुई वार्ता में तय हुआ है कि 21 सितंबर तक प्राधिकरण और किसान नेता मिलकर 10 फीसदी आबादी भूखंड और अन्य मुद्दों पर होमवर्क पूरा करेंगे। इसके बाद 5 अक्तूबर तक लखनऊ में मुख्य सचिव और औद्योगिक विकास आयुक्त (आईडीसी) स्तर पर वार्ता कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले लगभग डेढ़ वर्ष से किसान संघर्ष मोर्चा लगातार प्रयास कर रहा था कि तीनों प्राधिकरणों के सीईओ एक टेबल पर बैठकर किसानों के 10 फीसदी आबादी भूखंड के मुद्दे को गंभीरता से लें। इसके लिए किसान संघर्ष मोर्चा ने पूरी ताकत से आंदोलन किया। संगठन के नेताओं ने कहा कि यदि लखनऊ स्तर पर वार्ता सकारात्मक रहती है, तो इसके बाद अंतिम वार्ता मुख्यमंत्री के स्तर पर कराने का प्रस्ताव रखा गया है। किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने कहा कि किसान संघर्ष मोर्चा पूरी ताकत के साथ 10 फीसदी भूखंड के मुद्दे को आगे बढ़ा रहा है। इस मौके पर किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोरन प्रधान, वीर सिंह नागर, संदीप भाटी, तेजपाल प्रधान, सुरेंद्र शर्मा, अशोक आर्य, राकेश बलराज विक्रम जयप्रकाश आर्य, उम्मीद त्यागी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल नोएडा इकाई ने किया यूपीआई भुगतान पर अतिरिक्त कर अथवा शुल्क लगाए जाने का कड़ा विरोध

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, नोएडा इकाई ने यूपीआई भुगतान पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त कर अथवा शुल्क लगाए जाने की संभावित व्यवस्था का कड़ा विरोध किया है। व्यापार मंडल के चेयरमैन नरेश कुच्छल ने कहा कि यूपीआई आज देश के करोड़ों व्यापारियों, छोटे दुकानदारों, रेहड़ी-पटरी संचालकों तथा आम नागरिकों के लिए भुगतान का सरल, सुगम और व्यापक माध्यम बन चुका है। ऐसे में डिजिटल भुगतान पर अतिरिक्त आर्थिक भार डालना व्यापारियों और आम जनता के हित में नहीं होगा।

इस बाबत प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष राम अवतार सिंह ने बताया कि छोटे व्यापारियों का कारोबार पहले ही सीमित लाभांश पर चलता है। यदि यूपीआई के माध्यम से भुगतान स्वीकार करने पर व्यापारी पर अतिरिक्त शुल्क या कर का भार डाला जाता है, तो इसकी लागत अंततः ग्राहक तक पहुंचने की संभावना है।

उन्होंने कहा कि चाय की दुकान, सब्जी विक्रेता, किराना दुकानदार और छोटे कारोबारियों पर लगाया गया प्रत्येक अतिरिक्त खर्च उनके व्यापार को प्रभावित करेगा और इसका असर आम उपभोक्ता पर भी पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित किया गया है और व्यापारी भी देश की डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसलिए यूपीआईको अतिरिक्त शुल्क के दायरे में लाने के बजाय इसे व्यापारियों और आम नागरिकों के लिए और अधिक सरल एवं किफायती बनाया जाना चाहिए।

छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ स्वीकार नहीं – मनोज भाटी

व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री मनोज भाटी ने कहा कि छोटे व्यापारियों के लिए प्रत्येक लेनदेन महत्वपूर्ण होता है और उनके कारोबार में मार्जिन पहले से ही सीमित रहता है। ऐसे में यूपीआईभुगतान पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क लगाने से छोटे कारोबारियों पर अनावश्यक आर्थिक दबाव बढ़ सकता है।

उन्होंने कहा कि बैंकिंग व्यवस्था में पहले से ही विभिन्न प्रकार के शुल्क एवं करों का भार



नागरिकों और व्यापारियों को उठाना पड़ता है। नकद जमा एवं निकासी से संबंधित शुल्क, न्यूनतम बैलेंस से जुड़े चार्ज तथा बैंकिंग सेवाओं पर लागू विभिन्न शुल्क एवं कर पहले से ही लोगों की लागत बढ़ाते हैं। ऐसे में यूपीआई, जो छोटे व्यापारियों के लिए रोजमर्रा के कारोबार का अभिन्न हिस्सा बन चुका है, उस पर नया आर्थिक भार उचित नहीं होगा।

श्री भाटी ने कहा, 'डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए देश के छोटे-बड़े व्यापारियों ने इसे खुले मन से अपनाया है। यदि इसी व्यवस्था पर अतिरिक्त शुल्क लगाया जाता है तो इसका सीधा प्रभाव छोटे व्यापारियों की लागत और ग्राहक के खर्च पर पड़ सकता है। सरकार को किसी भी नई व्यवस्था को लागू करने से पहले उसके व्यापक सामाजिक एवं आर्थिक प्रभावों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। '

व्यापार मंडल ने सरकार से आग्रह किया है कि यूपीआई लेनदेन पर प्रस्तावित किसी भी अतिरिक्त कर अथवा शुल्क को लागू न किया जाए और व्यापारियों एवं आम जनता के हित में वर्तमान सरल डिजिटल भुगतान व्यवस्था को बनाए रखा जाए।

साथ ही उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल, नोएडा इकाई ने स्पष्ट किया कि छोटे व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाली किसी भी व्यवस्था का व्यापार मंडल लोकतांत्रिक एवं पुरजोर तरीके से विरोध करेगा।

# 19वें ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल के दूसरे दिन 'बियॉन्ड ग्लिटर एंड ग्लैमर' में एक्टर्स की हालत पर विचारगोष्ठी का आयोजन

**नोएडा।** 19वें ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल नोएडा 2026 के दूसरे दिन नोएडा फिल्म सिटी स्थित मारवाह स्टूडियो में 'बियॉन्ड ग्लिटर एंड ग्लैमर-फिल्म इंडस्ट्री में एक्टर्स की क्या हालत है' विषय पर विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में फिल्म, टेलीविजन, आर्ट, कल्चर और मीडिया जगत से जुड़े कलाकारों एवं विशेषज्ञों ने फिल्म इंडस्ट्री की चकाचौंध के पीछे कलाकारों की वास्तविक स्थिति, संघर्ष, रोजगार के अवसरों और बदलते समय की चुनौतियों पर विचार साझा किए।



फेस्टिवल के प्रेसिडेंट एवं इंटरनेशनल चैंबर ऑफ मीडिया एंड एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री (ढ्ढष्टरूश्वढ्ढ) के अध्यक्ष डॉ. संदीप मारवाह ने कहा कि ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल केवल फिल्मों की स्क्रीनिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और युवा फिल्ममेकर्स को फिल्म इंडस्ट्री की विभिन्न बारीकियों से परिचित कराना भी है। उन्होंने कहा कि यह फेस्टिवल सीखने, अनुभव साझा करने और रचनात्मक संवाद का महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने विद्यार्थियों से फेस्टिवल में आयोजित सेमिनार, वर्कशॉप और मास्टरक्लास का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

फेस्टिवल डायरेक्टर अशोक त्यागी ने कहा कि कलाकारों के सामने आने वाली वास्तविक चुनौतियों पर खुलकर बातचीत होनी चाहिए। फिल्म इंडस्ट्री लगातार बदल रही है और कलाकारों को नए माध्यमों, तकनीक तथा दर्शकों की बदलती पसंद के अनुरूप स्वयं को तैयार करना होगा।

सेमिनार में अरुण बख्शी, अमित बहल, मेहुल कुमार, फिल्म निर्देशक पंकज पाराशर, मनु ऋषि चड्ढा, दीप्ति ढिल्लों, दीपिंदर सिंह, सुचिता पिल्लई, सहित फिल्म एवं टेलीविजन जगत से जुड़े कलाकारों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस अवसर पर राजीव सोलंकी, स्टिल फोटोग्राफर (इवेंट एवं वाइल्डलाइफ), गिरीश जैन, आर्टिस्ट एवं एक्टर, लोकेश अग्रवाल, एक्टर, कैप्टन याशिका हटवाल त्यागी, अनूप लाठर, एक्टर एवं चेयरपर्सन, कल्चर काउंसिल एवं पीआरओ, दिल्ली यूनिवर्सिटी, प्रो. मधु खन्ना और मुकुल कुमार सहित आर्ट एवं कल्चर क्षेत्र से जुड़े अनेक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

फेस्टिवल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भागीदारी देखने को मिली। निकारागुआ की एम्बेसडर नादेस्का इमारा कथबर्ट कार्लसन, निकारागुआ एम्बेसी की शायरॉन टावर्स, पब्लिक डिप्लोमेसी की हेड कैटरीन फखेरलादीन तथा सूरीनाम की एम्बेसडर हनीशा जयराम की मौजूदगी ने समारोह के अंतरराष्ट्रीय स्वरूप को और मजबूत किया।

अरुण बख्शी ने कहा कि जब भी हम यहां आते हैं तो और अधिक समृद्ध होकर जाते हैं, क्योंकि यहां मिलने वाली ऊर्जा कहीं और नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि कलाकार वह होता है जो आने वाले कल को आकार देता है। आज की युवा पीढ़ी ही आने वाले समय के सिनेमा और कला को नई दिशा देगी।

मेहुल कुमार ने कहा कि फिल्म तिरंगा और क्रांतिवीर जैसी फिल्मों से जुड़े अनुभवों से यह स्पष्ट है कि मेहनत और अध्ययन कलाकार तथा फिल्ममेकर की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने युवा कलाकारों और निर्देशकों से भारतीय संस्कारों एवं मूल्यों को अपनी रचनात्मकता में बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हर बात को यह कहकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि 'आजकल यही चलता है।' नई पीढ़ी के कलाकारों और निर्देशकों को यह जिम्मेदारी समझनी होगी कि वे आने वाले समय के सिनेमा को किस दिशा में ले जाते हैं।

# गाजियाबाद में पार्षद कोटे की 322 फाइलों पर मेयर ने किए साइन, जल्द टेंडर के निर्देश; बाकी पार्षदों से मांगे प्रस्ताव

**गाजियाबाद।** नगर निगम में वार्डों के विकास कार्यों को गति देने के लिए महापौर सुनीता दयाल ने पार्षद कोटे से संबंधित 322 विकास कार्यों की फाइलों को तत्काल अनुमोदन प्रदान किया। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को स्वीकृत कार्यों की जल्द से जल्द निविदा प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए, ताकि वार्डों में विकास कार्यों को बिना अनावश्यक देरी के शुरू कराया जा सके।

नगर निगम के मुताबिक, महापौर सुनीता दयाल और नगर आयुक्त के नेतृत्व में शहर के विभिन्न वार्डों में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में पार्षदों को अपने-अपने वार्डों में करीब एक करोड़ रुपये के विकास कार्य कराने के लिए प्रस्ताव देने को कहा गया था। इन प्रस्तावों के आधार पर करीब 600 फाइलें तैयार की गई हैं।

इनमें से महापौर की अनुमति के लिए गुरुवार को 322 फाइलें उनके



कार्यालय में पहुंचीं। महापौर ने फाइलों का तत्काल निस्तारण करते हुए सभी पर अनुमोदन किया और अधिकारियों को आगे की प्रक्रिया तेजी से पूरी करने के निर्देश दिए।

महापौर ने कहा कि वार्डों में विकास कार्य समय से शुरू हों, इसके लिए फाइलों के निस्तारण में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मुख्य अभियंता को जल्द से जल्द निविदा प्रक्रिया पूरी कराने के निर्देश दिए, जिससे स्वीकृत विकास कार्यों को धरातल पर उतारा जा सके।

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि शहर में करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य लगातार चल रहे हैं। इसके साथ ही पार्षदों के वार्ड कोटे से प्रस्तावित विकास कार्य भी समयबद्ध तरीके से कराना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से उनके पास आई 322 फाइलों का तत्काल अनुमोदन किया गया है।

उन्होंने बताया कि अभी कई वार्डों से पार्षद कोटे के विकास कार्यों के प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुए हैं। ऐसे पार्षदों से जल्द से जल्द अपने वार्डों के प्रस्ताव उपलब्ध कराने को कहा गया है, ताकि उनके वार्डों में भी विकास कार्यों की प्रक्रिया शुरू की जा सके।

नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अनुमोदित फाइलों के आधार पर निविदा प्रक्रिया में तेजी लाई जाए और कार्यों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत जल्द शुरू कराया जाए। इससे पार्षद कोटे से प्रस्तावित विकास कार्यों का लाभ संबंधित वार्डों के लोगों तक पहुंच सकेगा।

# नोएडा प्राधिकरण ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का किया भव्य शुभारंभ, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने मिलकर उठाई झाड़ू

**नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर गुरुवार को शुरू हुए 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का नोएडा प्राधिकरण ने अत्यंत उत्साह और गरिमा के साथ आगाज़ किया। इस अभियान का प्राथमिक उद्देश्य शहर में व्यापक स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता को एक नई दिशा देना है। अभियान की पूर्व संध्या पर ही शहर के प्रमुख मार्गों को आकर्षक लाइटों से जगमगाकर इस उत्सव का माहौल तैयार कर दिया गया था।

अभियान के तहत मुख्य कार्यक्रम सेक्टर-35 स्थित मोरना बस स्टैंड पर आयोजित किया गया, जहाँ एक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में गौतमबुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा और नोएडा के विधायक पंकज सिंह ने स्वयं उपस्थित रहकर आम जनता के साथ श्रमदान किया और स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में शहर के विभिन्न अवस्थापना स्थलों पर दिनभर 'सेवा संकल्प' कार्यक्रमों का आयोजन चलता रहा।

नागरिकों और विशेषकर युवा पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए प्राधिकरण द्वारा एक अनूठी पहल की गई। इसके तहत स्कूली विद्यार्थियों और आम नागरिकों के लिए सेक्टर-34 स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट तथा सेक्टर-54 स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (स्ञ्जक्क) का एक शैक्षणिक व अध्ययन भ्रमण आयोजित किया गया, ताकि वे कचरा प्रबंधन और जल शोधन की तकनीकी प्रक्रियाओं को करीब से समझ सकें।

शाम होते ही पूरा शहर दीपोत्सव के रंग में रंग गया। सेक्टर-54 स्थित वेटलैंड और सेक्टर-33 स्थित चिल्ड्रन्स पार्क में दीपोत्सव के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। इसके अलावा, सेक्टर-78 के प्रसिद्ध वेदवन पार्क में विधायक पंकज सिंह और अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (ष्टश्वह्र) श्रीमती वंदना त्रिपाठी के नेतृत्व में अधिकारियों व कर्मचारियों ने 'आशीर्वाद का दीया' प्रज्वलित किया।

वहीं, सेक्टर-96 स्थित नोएडा प्राधिकरण मुख्यालय के ऑडिटोरियम में राज्यसभा सांसद डॉ. सुधांशु त्रिवेदी की गरिमामयी उपस्थिति और अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री पुष्प राज सिंह के नेतृत्व में 'आशीर्वाद का दीया' जलाकर स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई।

नोएडा प्राधिकरण ने इस अवसर पर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि वह शहर को स्वच्छ, सुंदर और हरित बनाने के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध है। इसके साथ ही प्राधिकरण ने सभी शहरवासियों से अपील की है कि वे स्वच्छता को केवल एक अभियान न मानकर, इसे अपनी दैनिक दिनचर्या और जीवनशैली का अनिवार्य हिस्सा बनाएं।

# सड़क से नीचे जा गिरी बच्चों से भरी स्कूल वैन, मच गई चीख पुकार, गाजियाबाद में हुआ हादसा

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से गुरुवार को एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। गुरुवार की सुबह, यहां बच्चों से भरी एक स्कूल वैन हादसे का शिकार हो गई। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार 17 सितंबर की सुबह बच्चों को स्कूल ले जा रही एक प्राइवेट वैन अचानक सड़क से नीचे गिर गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। वैन में चार बच्चे सवार थे, लेकिन राहत की बात यह रही कि चारों बच्चे पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी को चोट नहीं आई। जानकारी के मुताबिक, ये हादसा 17 सितंबर की सुबह करीब 7:30 बजे गाजियाबाद के प्रताप नगर इलाके की है। वैन चालक लखन, 13 से 14 साल की उम्र के चार बच्चों को प्रताप विहार स्थित डीएवी स्कूल ले जा रहा था। इसी दौरान अचानक वैन का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क से



उतरकर नीचे जा गिरी। कुछ दूरी पर जाकर वैन रुक गई। हादसा होते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। वैन को सड़क से नीचे गिरा देखकर लोग काफी घबरा गए थे। लोगों ने तुरंत बच्चों को बाहर निकाला और उनकी जांच की। गनीमत रही कि चारों बच्चों को किसी तरह की चोट नहीं लगी।

इसके बाद बच्चों को सुरक्षित स्कूल पहुंचाया गया। हादसे की जानकारी उनके माता-पिता को भी दी गई, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे। हादसे में किसी के घायल या हताहत होने की खबर नहीं है। बच्चों के सुरक्षित बच जाने से परिवार और आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली। जानकारी के मुताबिक, ये वैन एक प्राइवेट स्कूल की थी। फिलहाल इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर काफा वायरल हो रहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अनिल रॉयल ने रॉयल बुलेटिन को मै. साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सैक्टर-6, नोएडा- 201301 से मुद्रित कराकर 318-द्वितीय तल, जयपुरिया प्लाजा, डीपीएस के सामने, सैक्टर-26, नोएडा (गौतमबुद्धनगर, उ.प्र.) से प्रकाशित किया।

सम्पादकः अनिल रॉयल

फोनः (0120) 4545477
मो. 9910779911
**e-mail Address :**
royalnoida@gmail.com

# मोबाइल फोन चोरी और स्नैचिंग करने वाले गैंग का खुलासा, 3 गिरफ्तार



**नोएडा।** सेक्टर-58 पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी और स्नैचिंग करने वाले गैंग का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो बाल अपचारियों को भी संरक्षण में लिया है। इनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, स्नैचिंग और चोरी के 22 मोबाइल फोन और दो अवैध चाकू बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, गैंग करीब दो महीने से नोएडा में सक्रिय था।

एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि गैंग के सदस्य स्नैचिंग के दौरान नाबालिगों को आगे रखते थे, ताकि उन पर जल्दी किसी को शक न हो। आरोपी चोरी की बाइक से नोएडा और एनसीआर में मोबाइल फोन छीनते थे। इसके बाद चोरी किए गए मोबाइल को अलग-अलग करके उनके पार्ट्स दिल्ली में बेच दिए जाते थे।

पुलिस के मुताबिक, गैंग का आरोपी अतुल गौतम चोरी और स्नैचिंग के मोबाइल दिल्ली के लक्ष्मी नगर मार्केट में एक दुकान पर बेचता था। मोबाइल बेचने से मिले पैसे को आरोपी आपस में बांट लेते थे। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि दिल्ली में जिस दुकान पर मोबाइल बेचे जाते थे, वहां से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका क्या है।

**दो महीने से नोएडा में सक्रिय था गैंग:** पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल का इस्तेमाल वारदात के लिए करते थे। बाइक से मोबाइल फोन छीनने के बाद मौके से फरार हो जाते थे। पुलिस ने इनके कब्जे से यूपी16ईडब्लू 6051 नंबर की चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है।

**जुबिलेंट पार्क के पास से पकड़े गए:** सेक्टर-58 पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से जुबिलेंट पार्क के पास आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अतुल गौतम (22), नितीश चौहान (18) और रिशू पांडेय (करीब 19) के रूप में हुई है। इनके साथ दो बाल अपचारियों को पुलिस संरक्षण में लिया गया है।

**22 मोबाइल और दो चाकू बरामद:** पुलिस ने आरोपियों के पास से स्नैचिंग और चोरी के 22 मोबाइल फोन, एक चोरी की मोटरसाइकिल और दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। दोनों चाकू अतुल गौतम और रिशू पांडेय के कब्जे से मिले हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सेक्टर-58 थाने में बीएनएस की धाराओं में दो मुकदमे दर्ज किए हैं। इनमें आर्म्स एक्ट की धारा भी शामिल है।

## गणेश वंदना और गणेश महोत्सव में डूबा महर्षी नगर



**नोएडा।** महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ में इस वर्ष भी गणेश महोत्सव का आयोजन किया गया है। यहां भगवान गणेश जी की प्रतिमा की वैदिक विधि विधान से स्थापना की गई है। महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ के मीडिया प्रभारी एके लाल ने बताया कि 14 सितम्बर से 25 सितम्बर तक प्रतिदिन प्रातः साढ़े नौ से मध्याह्न साढ़े 12 बजे तक तथा सायं सात बजे से आठ बजे तक क पूजा, अर्चना, भजन, प्रवचन, आरती होगी। प्रत्येक दिन के अनुष्ठान और पूजा के बाद दसवें दिन प्रतिमा का विधि विधान से 25 सिमतम्बर विसर्जन किया जाएगा। महर्षि वेद विज्ञान विद्यापीठ के प्रभारी शिशिर श्रीवास्तव ने बताया कि इस अवसर पर गणेश सार्थक शिर्थ पाठ की आयोजिती और अभिषेक करना, गणेश पुराण का पाठ करना व सुनना, मनोकामना की पूर्ति करने वाला होता है। महासमय महर्षि संस्थान के अध्यक्ष अजय प्रकाश, विनीत श्रीवास्तव , विनोद श्रीवास्तव , श्रीकांत ओझा , संतोष श्रीवास्तव , हरीश सचान, रामेन्द्र सचान, शिशु पाल यादव , लल्लन पाठक, यादवेंदर यादव, कमलेश यादव, राजेंद्र शुक्ला, नरेश श्रीवास्तव , ग्यारह वैदिक पंडित और अन्य लोग मौजूद रहे।

## गौड़ सिटी के पास नाले में मिला 42 वर्षीय व्यक्ति का शव, हत्या की आशंका

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गौड़ सिटी के पास गुरुवार दोपहर को एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ के एक नाले में करीब 42 साल के एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। नाले में शव पड़े होने की खबर मिलते ही पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाया और उसे अपने कब्जे में ले लिया। शुरुआती जांच के दौरान मृतक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिसके बाद पुलिस ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बिसरख थाना क्षेत्र में स्थित गौड़ सिटी के पास गुरुवार दोपहर को लोगों ने नाले में एक शव देखा। नाले में शव होने की बात फैलते ही वहां लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। इस घटना की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही बिसरख थाने की पुलिस टीम बिना वक्त गंवाए मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नाले से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक की उम्र करीब 42 वर्ष बताई जा रही है, लेकिन अभी तक उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

पुलिस की शुरुआती जांच में मृतक के शरीर पर चोट के गहरे निशान मिले हैं। इन निशानों को देखने के बाद पुलिस को शक है कि व्यक्ति की हत्या की गई है। बिसरख थाना के प्रभारी निरीक्षक रंजीत कुमार सिंह ने इस मामले में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान मिलने की वजह से पहली नजर में हत्या की आशंका से बिल्कुल भी इनकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि, मौत की असली वजह क्या है, यह पूरी तरह से पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगा। पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।थाना प्रभारी रंजीत कुमार सिंह के अनुसार, मृतक की पहचान करने के लिए पुलिस लगातार कोशिशें कर रही है।

## आईएमएस नोएडा में डिस्ट्रिक्ट प्ले क्रिएटर्स लीग का आगाज



**नोएडा।** सेक्टर-62 स्थित आईएमएस नोएडा में गुरुवार को चार दिवसीय डिस्ट्रिक्ट प्ले क्रिएटर्स लीग का शुभारंभ हुआ। 17 से 20 सितंबर तक आयोजित होने वाली इस फुटबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा और टीम भावना का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में कुल 15 मुकाबले खेले जाएंगे। अंतिम दिन सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला आयोजित किया जाएगा।

7 वर्सेस 7 प्रारूप में आयोजित इस लीग में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिदिन चार मैच खेले जाएंगे। लीग का उद्देश्य युवाओं को खेल के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना तथा उनमें अनुशासन, टीमवर्क और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देना है।

आईएमएस नोएडा के वाइस प्रेसिडेंट चिराग गुप्ता ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट प्ले क्रिएटर्स लीग युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा को निखारने और बड़े मंच पर प्रदर्शन करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रही है। इस प्रकार के आयोजन खिलाड़ियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना को मजबूत करते हैं। हमें उम्मीद है कि प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमें पूरे उत्साह और खेल भावना के साथ प्रदर्शन करेंगी। अंतिम दिन होने वाले सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले खिलाड़ियों के लिए अपनी क्षमता साबित करने का महत्वपूर्ण अवसर होंगे।

चार दिवसीय इस प्रतियोगिता के दौरान खेल प्रेमियों में भी उत्साह देखने को मिलेगा। खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन के लिए मैदान पर उतरेंगे और अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए पूरा प्रयास करेंगे। प्रतियोगिता का समापन 20 सितंबर को होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### नाले में शव मिला

**ग्रेटरनोएडा।** ग्रेनो वेस्ट में गौड़ सिटी सोसाइटी के समीप नाले में गुरुवार को एक युवक का शव मिला। पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकाला और पहचान का प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। बिसरख कोतवाली प्रभारी के मुताबिक दोपहर को सूचना मिली थी कि निराला चौकी क्षेत्र में एक नाले में युवक का शव पड़ा है। शव को बाहर निकाला गया। युवक की उम्र 40 से 45 साल के बीच थी, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। घटनास्थल पर जांच के लिए फील्ड यूनिट की टीम को बुलाया। टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए।

पुलिस के मुताबिक युवक के शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले। नशे में नाले में गिरने की आंशका जताई जा रही है। वहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस शव की पहचान के प्रयास में जुटी है। जिले में इस उम्र के गुमशुदा लोगों के बारे में पता लगाया जा रहा है। पुलिस सोशल मीडिया के सहारे भी शव की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

### छह हजार वाहनों के चालान किए

**नोएडा।** यातायात पुलिस ने गुरुवार को जांच अभियान चलाया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर 6136 वाहनों के ई-चालान किए गए। इसके अलावा 28 गाड़ियां जब्त की गईं। हेलमेट न लगाने पर 2387 चालकों के चालान किए गए। नो पार्किंग पर 581, गलत नंबर प्लेट पर 455, तेज गति में गाड़ी दौड़ाने पर 468 और गलत दिशा में वाहन चलाने पर 411 वाहनों के चालान किए गए।

### प्रशिक्षण के बाद 33 युवाओं को नौकरी मिली

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट शुरू होने के बाद अब स्थानीय युवाओं को नौकरी दिलाने के प्रयास तेजी से चल रहे हैं। 33 युवाओं को प्रशिक्षण के बाद रोजगार दिलाया गया। जेवर के आईटीआई कॉलेज में 33 छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया। इन युवाओं ने कक्षा 12 तक की शिक्षा पूरी कर ली थी। सभी को नोएडा एयरपोर्ट, रोजिएट होटल्स एंड रिसॉर्ट्स और यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित आउटलेट्स में रोजगार के अवसर मिले हैं। पिछले वर्ष आईटीआई कॉलेज, जेवर में 28 छात्रों के लिए विमानन कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम पूरा करने वाले सभी उम्मीदवारों को नोएडा एयरपोर्ट में रोजगार मिल चुका है।

### कैंटर में चालक का शव मिला

**नोएडा।** कासना क्षेत्र के लड़पुरा गांव के पास सड़क किनारे खड़े कैंटर के अंदर चालक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने खिड़की तोड़कर शव को बाहर निकाला। आंशका जताई जा रही है कि दम घुटने से चालक की मौत हुई। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मूलरूप से बुलंदशहर के ऐचोरा गांव का रहने वाला 37 वर्षीय पवन शर्मा कैंटर चालक था। वह अलीगढ़ से कैंटर में आलू लेकर दिल्ली की गाजीपुर मंडी जा रहा था। बुधवार की शाम वह कासना कोतवाली क्षेत्र में लड़पुरा गांव के समीप पहुंचा तो उसने अपना कैंटर सड़क किनारे खड़ा किया और उसमें अंदर ही सो गया।

काफी देर तक कैंटर सड़क किनारे खड़ा रहा तो ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो कैंटर की खिड़की अंदर से लॉक थी। पुलिस ने खिड़की तोड़कर पवन शर्मा को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने बताया कि कैंटर के अंदर से खाली शराब की बोतल और अन्य चीजें मिलीं। केबिन के अंदर पंखा भी चालू था। आशंका जताई जा रही है कि दरवाजे और शीशे बंद होने के कारण अंदर पर्याप्त हवा नहीं पहुंची और दम घुटने से चालक की जान चली गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। कासना कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की कारण स्पष्ट नहीं हुआ। परिजनों को शव सौंप दिया गया है। परिजन शव लेकर अपने गांव चले गए। परिजनों की तरफ से इस संबंध में कोई शिकायत नहीं दी गई है। हालांकि, पुलिस अन्य बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

### एलिवेटेड रोड पर मारपीट मामले में केस दर्ज

**नोएडा।** भंगेल एलिवेटेड रोड पर दो पक्षों में हुई मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पीड़ित सामने आया है। पीड़ित ने घटना के सात माह बाद परिचित युवक के खिलाफ सेक्टर-49 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। सेक्टर-46 निवासी रीतेश चौधरी ने पुलिस को बताया कि वह 23 फरवरी को दोस्त काजल, नीलम, कंचन और सोना के साथ सेक्टर-38ए स्थित गार्डन गैलेरिया मॉल गए थे। जहां सभी ने नीलम का जन्मदिन मनाया। देर रात सभी लोग जन्मदिन मनाकर लौट रहे थे। जैसे ही सभी लोग भंगेल एलिवेटेड रोड पर स्पार्किन होटल के सामने पहुंचे तो परिचित युवक सौरभ ने उनकी कार को रुकवा लिया।

वह अपनी कार से उतरकर उससे मिलने गए तो सौरभ बिना किसी कारण विवाद करने लगा। जब शिकायतकर्ता ने उसे विवाद करने से रोका तो वह गली-गलौज और मारपीट करने लगा। इसको देखकर आने-जाने वाले लोग एकत्र होने लगे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। घटना के बाद पीड़ित पक्ष द्वारा न तो पुलिस को सूचना दी गई और न ही कोई लिखित शिकायत दी गई। इसी बीच वहां से गुजर रहे एक व्यक्ति ने मोबाइल फोन से घटना का वीडियो बना लिया। बुधवार को वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने पीड़ित पक्ष से संपर्क करने का प्रयास किया। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बढ़ते श्रमिक उत्पीड़न के खिलाफ 1 दिसंबर को दिल्ली घेराव करेंगे सीटू कार्यकर्ता : गंगेश्वर दत्त शर्मा



**नोएडा।** सरकार की मजदूर विरोधी, जन विरोधी नीतियों और लगातार बढ़ रहे श्रमिक उत्पीड़न के खिलाफ सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सीटू) के राष्ट्रीय आह्वान पर 1 दिसंबर से 3 दिसंबर 2026 को होने वाले दिल्ली घेराव / दिल्ली चलो आंदोलन को सफल बनाने के लिए सीटू जिला कमेटी गौतम बुद्ध नगर द्वारा जन अभियान तेज कर दिया गया है।

इसी अभियान के तहत आज वाइबो कास्टिक कंपनी फेस-2, नोएडा के कर्मचारियों की आम सभा फेस -2 पार्क, नोएडा में आयोजित हुई। सभा को सीटू जिला महासचिव रामस्वारथ, जिला सचिव गंगेश्वर दत्त शर्मा, वाइबो कास्टिक एम्प्लाइज यूनियन के नेता विकास कुमार, हुकम सिंह, सुनील पंडित आदि ने संबोधित किया।

सभा को संबोधित करते हुए सीटू जिला सचिव गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियाँ लगातार मजदूर-किसान विरोधी होती जा रही हैं। महंगाई, बेरोजगारी, निजीकरण और 4 लेबर कोड के जरिये श्रम कानूनों को खत्म करने की साजिश के खिलाफ अब निर्णायक संघर्ष - लड़ाई आर-पार की होगी।

उन्होंने सभी श्रमिकों से 1 दिसंबर 2026 को दिल्ली घेराव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। साथ ही उन्होंने वाइबो कास्टिक कंपनी के कर्मचारियों के वेतन व अन्य सुविधाओं में बढ़ोतरी को लेकर प्रबंधन के साथ हुए समझौते पर वाइबो कास्टिक एम्प्लाइज यूनियन के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को उनकी एकजुटता, सूझबूझ और संघर्ष से दबाव बनाकर समझौता करवाने के लिए सीटू की ओर से क्रांतिकारी बधाई दी।

## ऑनलाइन सेवाओं के बारे में जागरूक किया

**नोएडा।** नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) ने उपभोक्ताओं की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए उपभोक्ता पखवाड़ा शुरू किया है। संवाद, समाधान और सम्मान पर आधारित इस कार्यक्रम के माध्यम से उपभोक्ताओं को ऑनलाइन सेवाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा। उपहार कूपन देकर सम्मानित किया जाएगा। एनपीसीएल के प्रवक्ता मनोज झा ने बताया कि 15 दिवसीय उपभोक्ता पखवाड़ा 30 सितंबर तक चलेगा। इसकी शुरुआत बुधवार को शहर की 46 आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों से सीधा संवाद कर की गई। इसमें बीटा-1, सिग्मा-2, ओमिक्रॉन-1 व 2, चाई-4, ज्यू-2, गामा-2 और डेल्टा-1, 2, 3 आदि आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

प्रतिनिधियों ने बिजली आपूर्ति, बुनियादी ढांचा और उपभोक्ता सेवाओं से जुड़े मुद्दे और सुझाव रखे। एनपीसीएल के वितरण परिचालन प्रमुख सुबोध त्यागी और वाणिज्य प्रमुख प्रवीण गोयल ने प्रतिनिधियों से सीधे संवाद कर हर मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की। मनोज झा ने बताया कि पखवाड़े में सम्मान के तहत ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए एक विशेष पहल की गई है।

समय पर बिल भुगतान करने वाले जिम्मेदार ग्रामीण उपभोक्ताओं को 1-2 हजार रुपये तक के गिफ्ट वाउचर देकर सम्मानित किया जाएगा। अभियान के दौरान एनपीसीएल की टीमें घर-घर जाकर व्हाट्सऐप सहायता, ऑनलाइन बिल भुगतान और नए कनेक्शन के लिए डिजिटल आवेदन जैसी सुविधाओं के बारे में जागरूक किया जाएगा, ताकि उपभोक्ताओं को बार-बार दफ्तर न आना पड़े।

### गार्ड के साथ हाथापाई करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ईको विलेज-2 सोसाइटी में सिक्योरिटी गार्ड से मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक लिफ्ट के अंदर गार्ड के साथ हाथापाई करता दिखाई दे रहा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना 15 सितंबर की रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है। सोसाइटी में कार पार्किंग को लेकर युवक और सिक्योरिटी गार्ड के बीच विवाद हुआ था। कुछ देर बाद दोनों लिफ्ट में आमने-सामने आ गए। यहां फिर बहस हुई और युवक ने गार्ड के साथ मारपीट शुरू कर दी। गार्ड की पहचान अभय के रूप में हुई है। आरोपी युवक नवीन सोसाइटी का ही निवासी बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में कुछ लोग युवक को रोकने और मामला शांत कराने की कोशिश करते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद बिसरख थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी नवीन के खिलाफ धारा 151 के तहत कार्रवाई की गई। उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## नोएडा में 'सेवा संकल्प अभियान' का आगाज



**नोएडा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन और उनके सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूरे होने के खास अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक एक महीने तक चलने वाले 'सेवा संकल्प अभियान' का आगाज किया गया है। इसी कड़ी में अभियान के तहत नोएडा और ग्रेटर नोएडा में गुरुवार को विभिन्न प्रकार के सेवा और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग स्थानों पर जाकर स्वच्छता अभियान चलाया। इसके अलावा विभिन्न जगहों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। बच्चों और अस्पतालों में उपचार करा रहे मरीजों के बीच जाकर फल वितरित किए गए। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, इस पूरे देशव्यापी अभियान के दौरान रक्तदान, स्वच्छता और अन्य कई सेवा गतिविधियां लगातार आयोजित की जाएंगी।

**शाम को होगा 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम:** अभियान के तहत शाम छह से सात बजे तक 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। गौतमबुद्ध नगर जिले में स्थित विभिन्न सरकारी कार्यालयों, शासकीय भवनों और योजनाओं के लाभार्थियों के घरों में दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे।

**इन प्रमुख स्थानों पर जलेंगे दीप:** जिले में कृषि विज्ञान केंद्र, छौलस-दादरी, नोएडा प्राधिकरण के नवीन कार्यालय सेक्टर-96, विकासखंड कार्यालय जेवर, जिला उद्योग केंद्र सूरजपुर, वृद्धाश्रम दनकौर तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालय दादरी और दनकौर सहित विभिन्न स्थानों पर दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इसके साथ ही सरकारी योजनाओं के लाभार्थी अपने-अपने घरों में भी 'आशीर्वाद का दीया' जलाएंगे। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और आमजन की सहभागिता रहेगी। दीप प्रज्ज्वलन के माध्यम से सेवा और सामाजिक सहभागिता का संदेश देने की पूरी तैयारी की गई है। नोएडा में आयोजित इन कार्यक्रमों के दौरान सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा, विधायक पंकज सिंह, राज्यमंत्री कैप्टन विकास गुप्ता, भाजपा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान, ओमवीर अवाना, अमित त्यागी, संजय बाली, विनोद शर्मा, पूनम सिंह सहित तमाम पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे। एक महीने तक चलने वाले इस अभियान का समापन आगामी 17 अक्टूबर को होगा।

# दिल्ली सरकार बेचेगी कार्बन क्रेडिट, हर साल करोड़ों कमाने का प्लान; पर्यावरण सुधार से होगी बंपर कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार अब पर्यावरण सुधार के कामों को आय का जरिया बनाने की तैयारी कर रही है। उम्मीद की जा रही है कि इससे सरकार को करोड़ों की कमाई होगी। सरकार इलेक्ट्रिक बसों, पौधारोपण, कचरा प्रबंधन, अक्षय ऊर्जा और ऊर्जा बचत जैसे प्रोजेक्ट से होने वाली कार्बन उत्सर्जन में कमी को कार्बन क्रेडिट में बदलकर बाजार में बेच सकेगी। इससे सरकार को इन पर्यावरणीय कामों के बदले अतिरिक्त आय मिलने की उम्मीद है। पर्यावरण विभाग ने इसके लिए तीन सलाहकार एजेंसियों को सूचीबद्ध करने के लिए निविदा जारी की है। ये एजेंसियां पहले यह पता लगाएंगी कि दिल्ली सरकार की कौन-कौन सी परियोजनाओं से कितने कार्बन उत्सर्जन में कमी हुई है।

इसके बाद उसका वैज्ञानिक तरीके से हिसाब तैयार किया जाएगा और मान्यता प्राप्त संस्थाओं से उसका सत्यापन कराया जाएगा। सत्यापन के बाद पात्र परियोजनाओं के लिए कार्बन क्रेडिट जारी होंगे।

इन्हें कार्बन बाजार में खरीदारों को बेचा जा सकेगा। इनकी बिक्री से मिलने वाली रकम दिल्ली सरकार के समेकित कोष या सरकार द्वारा तय खाते में जमा होगी। निविदा दस्तावेज में दिए गए प्रारंभिक आकलन के मुताबिक दिल्ली मध्यम अवधि में हर साल करीब 2.5 से 3 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर उत्सर्जन में कमी हासिल कर सकती है।

हालांकि सरकार ने इसे प्रारंभिक और संकेतात्मक अनुमान बताया है। वास्तविक कार्बन क्रेडिट परियोजना की प्रकृति, उत्सर्जन में वास्तविक कमी और मान्यता प्राप्त मानकों के आधार पर तय होंगे। सरकार का कहना है कि दिल्ली में अभी अलग-अलग परियोजनाओं से होने वाली कार्बन उत्सर्जन में कमी का व्यवस्थित हिसाब, उसकी निगरानी और उसे बाजार से जोड़ने की व्यवस्था पूरी तरह लागू नहीं है। नई व्यवस्था का उद्देश्य इसी प्रक्रिया को व्यवस्थित करना है। जनवरी में दिल्ली कैबिनेट ने कार्बन क्रेडिट से आय अर्जित करने के लिए रूपरेखा को मंजूरी दी थी।

# रिश्तेदार होना जरूरी नहीं, समलैंगिक पार्टनर को मिला मेडिकल फैसले लेने का हक; दिल्ली हाईकोर्ट में केंद्र का हलफनामा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** किसी वयस्क मरीज के अधिकृत समान-लैंगिक पार्टनर को केवल उसके समान लिंग या गैर-विषमलैंगिक संबंध में होने के आधार पर मेडिकल फैसले लेने से नहीं रोका जा सकता। दिल्ली हाई कोर्ट में दाखिल हलफनामे में कहा है कि मरीज ने पार्टनर को अधिकृत किया है तो उसे मेडिकल प्रतिनिधि मानने में चिकित्सकीय या नैतिक आपत्ति नहीं है। हालांकि, यह संबंधित कानून और जरूरी सुरक्षा उपायों के अधीन होगा। केंद्र और एनएमसी ने कहा कि मरीज होश में है और अपनी बात समझने की स्थिति में है तो इलाज के लिए उसकी सूचित और स्वैच्छिक सहमति ही पर्याप्त है। केवल इसलिए किसी रिश्तेदार के हस्ताक्षर या सहमति की मांग नहीं की जा सकती कि वह मरीज का रिश्तेदार है।




हलफनामे में कहा गया है कि अगर किसी व्यक्ति ने पहले से अपने पार्टनर को अधिकृत किया है कि वह उसके बेहोश या निर्णय लेने में असमर्थ होने की स्थिति में स्वास्थ्य संबंधी फैसले ले सके, तो पार्टनर को केवल उसके यौन अभिविन्यास के आधार पर बाहर नहीं किया जाना चाहिए। केंद्र ने स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति को पहले से अपने भरोसेमंद व्यक्ति को स्वास्थ्य संबंधी फैसले लेने के लिए नामित करने की अनुमति है। यह व्यक्ति जरूरी नहीं कि उसका रक्त संबंधी ही हो। ऐसे में मरीज की ओर से पहले से किया गया अधिकृत नामांकन महत्वपूर्ण होगा। यह हलफनामा अरशिया टक्कर की याचिका पर दाखिल किया गया है। याचिका में मांग की गई है कि अस्पतालों और डाक्टरों को निर्देश दिए जाएं कि वे मरीज के अधिकृत गैर-विषमलैंगिक पार्टनर को मेडिकल प्रतिनिधि के रूप में स्वीकार करें।

## संक्षिप्त समाचार

### हाईकोर्ट का तिहाड़ जेल अधीक्षक पर बड़ा एक्शन, आदेश न मानने पर अवमानना की कार्यवाही शुरू की




**नई दिल्ली, एजेंसी।** विचाराधीन कैदी को पैरोल पर रिहा होने से रोकने को दिल्ली हाई कोर्ट ने अदालती आदेश का जानबूझकर किया गया उल्लंघन माना है। जस्टिस पुरुषेंद्र कुमार कौरव की पीठ ने तिहाड़ जेल के एक अधीक्षक के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही शुरू की है। कोर्ट ने कहा कि जेल प्रशासन ने कैदी अनवर हुसैन की रिहाई के आदेश को असल में नाकाम कर दिया। अदालत ने यह कार्रवाई पैरोल पर रिहाई के निर्देश देने की मांग वाली हुसैन की याचिका पर की। हुसैन ने जेल प्रशासन द्वारा अपनी पैरोल अर्जी खारिज किए जाने को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी।

30 जुलाई को हाई कोर्ट ने आदेश दिया था कि हुसैन को सक्षम अधिकारी द्वारा तय की जाने वाली शर्तों के साथ चार सप्ताह के लिए पैरोल पर रिहा किया जाए। अदालत के आदेश के बावजूद सक्षम अधिकारी ने पैरोल की शर्तें तय नहीं कीं। इसके कारण हुसैन को रिहा नहीं किया गया और वह जेल में ही रहने को मजबूर रहा। हुसैन पहले ही विचाराधीन कैदी के तौर पर पांच साल और पांच महीने जेल में बिता चुका था। हाई कोर्ट ने इसी स्थिति को अदालती आदेश के पालन को नाकाम करने वाला व्यवहार माना और जेल अधीक्षक के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की।

### एम्स दिल्ली में पहले 'मेड इन इंडिया' एंडोस्कोपी सिस्टम से शुरू हुआ इलाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में निर्मित पहला एंडोस्कोपी सिस्टम एम्स में स्थापित किया गया है। फुजीफिल्म इंडिया के जोधपुर स्थित निर्माण संयंत्र में तैयार ईपी-6000 एंडोस्कोपी सिस्टम को एम्स के गैस्ट्रोएंटेरोलाजी विभाग में लगाया गया है। एम्स की ओर से बुधवार को दी गई जानकारी में बताया गया है कि यह देश में निर्मित पहला ऐसा एंडोस्कोपी सिस्टम है, जिसे संस्थान में स्थापित किया गया है। एम्स के निदेशक प्रो. निखिल टंडन ने कहा कि भारत में एंडोस्कोप के निर्माण के लिए संयंत्र की स्थापना महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एम्स में देश में निर्मित इस सिस्टम की स्थापना से आधुनिक तकनीक के जरिये मरीजों को सेवाएं देने की संस्थान की क्षमता बढ़ेगी। नई प्रणाली में बेहतर इमेजिंग की सुविधा है। इससे डाक्टर पाचन तंत्र के अंदरूनी हिस्सों को अधिक स्पष्ट रूप से देख सकेंगे और किसी असामान्य हिस्से की पहचान करना आसान होगा। इससे बीमारी की जांच और आवश्यकता के अनुसार आगे का उपचार तय करने में मदद मिल सकती है। गैस्ट्रोएंटेरोलाजी विभाग के प्रमुख डॉ. प्रमोद गर्ग ने बताया कि नई प्रणाली से विभाग की मरीजों को सेवा देने की क्षमता बढ़ेगी।

### दिल्ली में झुग्गी पुनर्वास की दिशा में बड़ा कदम, डीडीए ने इंदिरा कल्याण विहार में शुरू किया सर्वे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की झुग्गी बस्तियों के पुनर्वास की प्रक्रिया अब जमीन पर आगे बढ़ने लगी है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने इंदिरा कल्याण विहार से झुग्गीवासियों के सर्वे का काम शुरू किया है। ओखला औद्योगिक क्षेत्र फेज-1, साइट-2 स्थित इस जेजे क्लस्टर में डीडीए की इन-सीटू स्लम पुनर्वास शाखा की टीमें घर-घर जाकर निवासियों की संख्या और पुनर्वास के लिए उनकी पात्रता से जुड़े दस्तावेज जुटा रही हैं। सर्वे का मकसद यह पता लगाना है कि क्लस्टर में कितने परिवार रह रहे हैं और इनमें से कौन पुनर्वास योजना के तहत पात्र है। डीडीए ने झुग्गीवासियों से सर्वे के दौरान मौजूद रहने और मांगी गई जानकारी व दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा है।

अधिकारियों के अनुसार, इंदिरा कल्याण विहार के बाद राजधानी के अन्य जेजे क्लस्टरों में भी चरणबद्ध तरीके से सर्वे कराया जाएगा। एक जनवरी 2025 की कटआफ तिथि तय की गई इस सर्वे की अहमियत इसलिए भी है क्योंकि झुग्गी पुनर्वास के लिए तैयार की गई दिल्ली स्लम एवं जेजे क्लस्टर पुनर्वास एवं स्थानांतरण नीति-2026 में पात्रता के लिए एक जनवरी 2025 की कटआफ तिथि तय की गई है। यानी सर्वे में दस्तावेजों के आधार पर यह भी देखा जाएगा कि संबंधित परिवार तय पात्रता शर्तों को पूरा करता है या नहीं।

# दिल्ली बनेगी 'सोलर कैपिटल', फ्री में घर-घर लगाए जाएंगे सोलर पैनल; 6 महीने में 2700 करोड़ खर्च करेगी सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली को सोलर कैपिटल बनाने की दिशा में दिल्ली सरकार ने सौर ऊर्जा के विस्तार पर जोर बढ़ा दिया है। सरकार ने तीन किलोवाट तक निशशुल्क सोलर पैनल लगाने की घोषणा की है। अगले वर्ष मार्च तक करीब 2.30 लाख सोलर पैनल लगाने और अगले छह महीनों में इस पहल पर लगभग 2,700 करोड़ रुपये खर्च करने का लक्ष्य रखा गया है। दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि सरकार का लक्ष्य दिल्ली को सोलर कैपिटल बनाना है। इसके लिए उपभोक्ताओं और अन्य हितधारकों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पीएम सूर्य घर : मुफ्त बिजली योजना से संबंधित सोलर वेंडर्स सम्मेलन में उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा अपनाने की प्रक्रिया में आने वाली बाधाओं को दूर करने और इससे जुड़े व्यवसाय की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि कई उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने के लिए आने वाले खर्च का अग्रिम भुगतान करने में परेशानी होती थी। सरकार ने इस बाधा को दूर कर दिया है और पूरी राशि का भुगतान सरकार करेगी। योजना के पारदर्शी और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ऊर्जा विभाग ने समर्पित पंजीकरण पोर्टल भी शुरू किया है। सरकार ने अगले वर्ष मार्च तक लगभग 2.30 लाख सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा है। वहीं, अगले छह महीनों में इस पहल के तहत लगभग 2,700 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। आशीष सूद ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य दिल्ली में सौर ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाना है। सौर ऊर्जा के बड़े पैमाने पर विस्तार से स्वच्छ और हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही दिल्ली की अर्थव्यवस्था को गति मिलने, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होने और सतत विकास को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

# दिल्ली में खड़ी रहीं 5 हजार बसें, सड़कों पर बेहाल दिखे 40 लाख यात्री, ऑटो-टैक्सी चालकों ने मांगा मनमाना किराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डीटीसी बस चालकों की हड़ताल ने आम जन के जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है। डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन के आह्वान पर हड़ताल बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रही। दिल्ली में प्रतिदिन औसतन 40 लाख यात्री डीटीसी बसों में यात्रा करते हैं, जो 5000 से अधिक बसों के दिल्ली की सड़कों पर न उतरने से दिनभर बेहाल दिखे। वहीं आटो-टैक्सी चालकों के मनमाने किराये ने भी उनकी परेशानी बढ़ा दी। वेतन बढ़ोत्तरी, मेडिकल सुविधा, सालाना बोनस व ओवर टाइम का भुगतान समेत कई अन्य मांगों को लेकर डीटीसी व परिवहन विभाग के बेड़े में शामिल प्राइवेट आपरेटर्स की बसों के चालकों ने मंगलवार से हड़ताल शुरू की है। बुधवार को उसका व्यापक असर देखने को मिला।

आंदोलनकारी चालकों के संगठन ने डीटीसी बसों के संचालन के 80 प्रतिशत तक प्रभावित होने का दावा किया है। अधिकतर बसें दिल्ली के सभी 83 डिपो में खड़ी रहीं। डिपो में चालकों ने विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी भी की। कुछ जगहों पर सड़कों पर निकले बसों को आंदोलनकारी चालकों ने रोका और उनके चेहरे पर कालिख भी पोत दी। हड़ताल का असर पूरे दिन बस स्टैंड पर देखने को मिला, जहां यात्री घंटों बसों का इंतजार में खड़े दिखे। कई यात्रियों को हड़ताल की जानकारी भी नहीं थी। काफी देर तक जब बसें नहीं आई तो कई यात्रियों ने मेट्रो का रुख किया। आइटीओ, मंडी हाउस, कृषि भवन, करोल बाग, चाणक्यपुरी, दरियागंज, प्रगति मैदान, इंडिया गेट, लक्ष्मी नगर समेत दिल्लीभर के बस स्टैंडों पर यात्री परेशान दिखे। अंबेडकर पार्क में दोपहर में बस का इंतजार करते आशीष ने बताया कि एक घंटे से अधिक हो गए हैं, लेकिन कोई बस नहीं आ रही है। इसलिए उन्हें ई-रिक्शा लेकर मेट्रो जाना पड़ा है। आइटीओ पर बस का इंतजार करती माता सुंदरी कालेज की छात्रा मेहजबीन ने बताया कि उसे भोगल तक




जाना है, लेकिन काफी देर से बस नहीं आ रही है। सुबह भी बस न मिलने से उसे कालेज तक आटो से आना पड़ा था। खानपुर जाने के लिए बस का इंतजार कर रही दिव्या व खुशी ने बताया कि आधे घंटे से बस नहीं आ रही। आटो लेना चाहा तो उसने 150 की जगह 200 रुपये किराया मांगा। ऐसी स्थिति रही कि लोग अपने घरों में देर रात तक पहुंच पाए। डीटीसी कर्मचारी एकता यूनियन के महामंत्री मनोज शर्मा का कहना है कि डीटीसी बेडे की कुल 6500 से अधिक बसों में से करीब 5000 बसों का परिचालन प्रभावित रहा है।

# एसआईआर के बाद दिल्ली में 47.5 लाख नाम हटे, नए वोटर बनने के लिए 15 दिन में आए सिर्फ 62 हजार आवेदन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया की रफ्तार अभी धीमी है। 31 अगस्त को जारी ड्राफ्ट मतदाता सूची से करीब 47.5 लाख नाम हटाए जाने के बाद 30 सितंबर तक चलने वाले दावे-आपत्तियों के 15 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अब तक सिर्फ 62,583 लोगों ने नाम जुड़वाने के लिए फार्म छह भरा है। चुनाव कार्यालय को उम्मीद है कि हटाए गए मतदाताओं में से कम से कम 10 प्रतिशत यानी करीब 4.75 लाख लोग इस अवधि में आवेदन करेंगे।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक, 15 सितंबर तक 62,583 फार्म छह जमा हुए हैं। हालांकि, ड्राफ्ट सूची जारी होने से पहले ही दिल्ली में 2.12 लाख फार्म-6 जमा हो चुके थे। यानी दावे-आपत्तियों की शुरुआत के बाद नए आवेदनों की रफ्तार अपेक्षाकृत कम रही है। जिलों के स्तर पर भी आवेदन संख्या में बड़ा अंतर है। पहले 15 दिनों में सबसे ज्यादा 7,834 आवेदन पश्चिमी जिले से आए। इसके बाद उत्तर-पश्चिम में 6,384, पूर्वी दिल्ली में 6,297, उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 5,585 और दक्षिण-पश्चिमी जिले में 5,436 आवेदन हुए। नई दिल्ली जिले में सबसे कम 1,203 आवेदन आए। पुराने दिल्ली क्षेत्र में 2,547, मध्य में 2,647, मध्य-उत्तर में 4,188 और बाहरी उत्तर में 4,287 आवेदन मिले। मतदाता सूची में नाम हटने के बाद भी तस्वीर पूरी तरह साफ नहीं हुई है। चुनाव अधिकारियों के मुताबिक प्रारूप सूची में शामिल करीब 33 लाख मतदाताओं को भी विभिन्न विसंगतियों के संबंध में नोटिस जारी किए जा रहे हैं। यह संख्या प्रारूप सूची में शामिल करीब 97 लाख मतदाताओं की एक-तिहाई से ज्यादा है। ऐसे में अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या और घट सकती है। अधिकारियों के अनुसार, दिल्ली की बड़ी आबादी के लगातार स्थान बदलने को कम आवेदन आने की एक वजह माना जा रहा है। सरकारी कर्मचारियों समेत बड़ी संख्या में लोग कुछ वर्षों के लिए दिल्ली में रहने के बाद दूसरे राज्यों में चले जाते हैं।

# ऑनलाइन चाइल्ड एब्यूज पर मेटा का बड़ा फैसला, अब सीधे दिल्ली पुलिस को मिलेगा फेसबुक-इंस्टाग्राम का डेटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फेसबुक और इंस्टाग्राम पर बच्चों के यौन शोषण से जुड़ी सामग्री मिलने पर मेटा अब इसकी जानकारी सीधे भारत के साइबर अपराध तंत्र को देगी। इससे दिल्ली में ऐसे मामलों की जांच को महत्वपूर्ण डिजिटल सुराग मिलने की उम्मीद है। खासकर द्वारका स्थित दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रेटजिक ऑपरेशंस इकाई को संदिग्ध अकाउंट, आइपी एड्रेस और अन्य डिजिटल एविडेंस तक पहुंचने में मदद मिलेगी।

दिल्ली पुलिस के अनुसार महिलाओं और बच्चों से जुड़े संवेदनशील साइबर अपराधों समेत जटिल मामलों की जांच करने वाली विशेष इकाई है। इसके पास डिलीट डाटा निकालने और मोबाइल व अन्य डिजिटल उपकरणों की फोरेंसिक जांच की सुविधा भी है।

बच्चों के खिलाफ आनलाइन अपराध की गंभीरता का अंदाजा एनसीआरबी के 2024 के आंकड़ों से लगाया जा सकता है। देश में बच्चों के खिलाफ साइबर अपराध के



1,238 मामले सूचना प्रौद्योगिकी कानून के तहत दर्ज हुए।

इनमें 1,099 मामले बच्चों को यौन रूप से स्पष्ट सामग्री में दिखाने वाली सामग्री के प्रकाशन या प्रसारण से जुड़े थे। यानी करीब 89 प्रतिशत मामले इसी श्रेणी के थे। दिल्ली में ऐसे साइबर अपराध के 151 मामले दर्ज हुए, जबकि उत्तर प्रदेश में 137 मामले सामने आए।

यह आंकड़ा सिर्फ दर्ज मामलों को दर्शाता है। साइबर विशेषज्ञों के अनुसार ग्रूमिंग, साइबर स्टाकिंग, मार्फ्ड इमेज, ब्लैकमेलिंग और आपत्तिजनक तस्वीरों के जरिए बच्चों को डराने या फंसाने जैसी घटनाओं में कई बार शिकायत ही नहीं होती। इसलिए दर्ज मामलों को आनलाइन अपराध की पूरी तस्वीर नहीं माना जा सकता।

15 जिला साइबर थानों का नेटवर्क

दिल्ली में अब सभी 15 जिलों में अलग साइबर थाना अधिसूचित है। इनमें पूर्व, उत्तर-पूर्व, दक्षिण, दक्षिण-पूर्व, दक्षिण-पश्चिम, पश्चिम, बाहरी, मध्य, उत्तर, उत्तर-पश्चिम, शाहदरा, रोहिणी, नई दिल्ली, द्वारका और बाहरी उत्तर जिला शामिल हैं।

मिले इनपुट को संबंधित जिले तक भेजकर स्थानीय स्तर पर जांच और कार्रवाई की जा सकती है। एनसीआर में नोएडा और गुरुग्राम में भी साइबर अपराध के लिए अलग पुलिस तंत्र सक्रिय है। बच्चों को निशाना बनाने का तरीका हमेशा सीधे आपत्तिजनक सामग्री भेजने से शुरू नहीं होता। कई मामलों में अपराधी पहले सोशल मीडिया पर बच्चे से दोस्ती करता है, उम्र या पहचान छिपाकर विश्वास हासिल करता है और धीरे-धीरे निजी तस्वीर या वीडियो मांगता है। इसे ग्रूमिंग कहा जाता है। बाद में उसी सामग्री के आधार पर ब्लैकमेल, धमकी या यौन शोषण का प्रयास किया जा सकता है।

### अंतिम दिन उड़ीं नियमों की धज्जियां, लग्जरी गाड़ियों से प्रचार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डूसू चुनाव प्रचार के आखिरी दिन बुधवार को छात्र संगठन और प्रत्याशी नार्थ कैंपस में चुनावी नियमों की धज्जियां उड़ाते नजर आए। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से लग्जरी गाड़ियों के इस्तेमाल पर पाबंदी के बावजूद प्रचार में महंगी गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया। इसके अलावा छात्र परिसर में अवैध पार्किंग करते भी दिखाई दिए। इससे चुनावी आचार संहिता के पालन को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। डूसू चुनाव में प्रचार के दौरान वाहनों के इस्तेमाल और पार्किंग को लेकर नियम निर्धारित किए गए हैं। इसके बावजूद आखिरी दिन प्रत्याशियों के साथ बड़ी संख्या में छात्र प्रचार करते नजर आए। कई जगहों पर वाहनों की आवाजाही और अवैध पार्किंग से परेशानी हुई। चुनाव प्रचार खत्म होने से पहले नियमों के उल्लंघन की तस्वीरें सामने आने से प्रशासन की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड को झटका, जंतर-मंतर पर 'शरिया बचाओ' प्रोटेस्ट को परमिशन नहीं; दिल्ली पुलिस अलर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर केंद्र सरकार की तैयारियों और राजग शासित राज्यों में इसे लॉगू करने के रोडमैप के बीच ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआइएमपीएलबी) द्वारा घोषित राष्ट्रव्यापी आंदोलन को शुरुआत में ही झटका लगा है। राजधानी दिल्ली में हालिया कॉकरोच जनता पार्टी के उग्र विरोध प्रदर्शनों से सबक लेते हुए दिल्ली पुलिस ने अत्यधिक सतर्कता बरतते हुए एआइएमपीएलबी को जंतर-मंतर पर धरना देने की अनुमति देने से साफ इनकार कर दिया है। अपनी रणनीति में बदलाव करते हुए प्रेस क्लब ऑफ इंडिया से इस मुहिम के औपचारिक



आगाज का फैसला लिया है। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की मंजूरी न मिलने के बाद मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के वरिष्ठ पदाधिकारी व प्रमुख मुस्लिम प्रतिनिधि आज प्रेस क्लब में एक साझा पत्रकार वार्ता करेंगे। इसमें राष्ट्रव्यापी 'संविधान बचाओ-शरिया बचाओ' अभियान की विस्तृत रूपरेखा रखेंगे। मुस्लिम संगठनों का आरोप है कि यूसीसी और वक्फ संशोधन कानून के जरिए उनके धार्मिक अधिकारों और व्यक्तिगत कानूनों में सीधा हस्तक्षेप किया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 2029 तक सभी राजग शासित राज्यों में यूसीसी लॉगू करने का रोडमैप पेश किए जाने के बाद से मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड आक्रामक रुख अपनाए हुए है। इसी तरह वक्फ कानून में बदलाव से भी असंतोष है। शैक्षणिक संस्थानों में वंदे मातरम् के सभी छह छंदों को अनिवार्य किए जाने का भी बोर्ड कड़ा विरोध कर रहा है। इन मुद्दों को लेकर मुस्लिम संगठन विपक्षी दलों के शीर्ष नेताओं को एकजुट करने और जनता के बीच समर्थन जुटाने की कोशिश में है।

### 200 करोड़ की ठगी में बढ़ेंगी जैकलीन फर्नांडिस की मुश्किलें? सुकेश के मकोका केस में बन सकती हैं आरोपी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 200 करोड़ रुपये की वसूली के मामले में जांच की कड़ी अब एक बार फिर अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस की कानूनी स्थिति तक पहुंच गई है। सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मकोका मामले में जैकलीन को आरोपित बनाए जाने की मांग पर कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर फैसला टाल दिया है। अब अदालत यह तय करेगी कि जिस संगठित अपराध के खिलाफ मकोका लगाया गया,



उसमें जैकलीन को भी आरोपित के तौर पर जोड़ा जा सकता है या नहीं। फिलहाल जैकलीन मकोका मामले में आरोपित नहीं हैं। कानूनी स्थिति इससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अलग है, जिसमें ईडी ने उन्हें आरोपित बनाया है। यही अंतर इस मामले की अगली कानूनी लड़ाई का अहम बिंदु बन गया है। मामले की शुरुआत सुकेश चंद्रशेखर पर जेल से 200 करोड़ रुपये की वसूली के आरोप से हुई थी। दिल्ली पुलिस की जांच में आरोप लगाया गया कि सुकेश ने जेल के अंदर से एक संगठित नेटवर्क संचालित किया और लोगों से रकम वसूलने के लिए अपने सहयोगियों की मदद ली।

## संक्षिप्त समाचार

### डब्ल्यूबीबीएल के 12वें सीजन में भी मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेलेंगी डिएंड्रा डॉटिन

**मेलबर्न ।** आगामी विमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) सीजन से पहले मेलबर्न रेनेगेड्स को बड़ी राहत मिली है। वेस्टइंडीज की स्टार ऑलराउंडर डिएंड्रा डॉटिन ने एक और सीजन टीम रेनेगेड्स की तरफ से खेलने की पुष्टि की है। टी20 क्रिकेट की सबसे दमदार ऑलराउंडरों में से एक मानी जाने वाली डॉटिन डब्ल्यूबीबीएल 11 में टीम के सभी मैचों में खेलने के बाद रेनेगेड्स के साथ अपना तीसरा सीजन शुरू करेंगी। उनकी वापसी रेनेगेड्स द्वारा वेस्टइंडीज की ऑलराउंडर हेली मैथ्यूज के साथ फिर से करार करने के बाद हुई है।



इस जोड़ी ने डब्ल्यूबीबीएल 10 में मेलबर्न की पहली डब्ल्यूबीबीएल खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी और अब आगामी सीजन के लिए वे फिर से एक साथ (रेड जर्सी में) खेलेंगी। चोट के कारण मैथ्यूज डब्ल्यूबीबीएल के 11वें सीजन नहीं खेल पाई थीं, जबकि डॉटिन रेनेगेड्स के अभियान का अहम हिस्सा बनी रहीं।

मेलबर्न रेनेगेड्स के हाई परफॉर्मेंस मैनेजर क्लिंट मैके ने डॉटिन की वापसी का स्वागत करते हुए कहा कि वेस्टइंडीज की यह स्टार खिलाड़ी टीम में काफी अनुभव और मैच जिताने की काबिलियत लाएगी। मैके ने कहा, डिएंड्रा दुनिया की सबसे असरदार खिलाड़ियों में से एक हैं और हम मेलबर्न रेनेगेड्स में उनकी वापसी का स्वागत करते हुए बहुत खुश हैं।

### चोट से वापसी के बाद आत्मविश्वास की जरूरत होती है: नीतीश रेड्डी

**नई दिल्ली ।** अफगानिस्तान के खिलाफ खेले गए दूसरे टी20 इंटरनेशनल मुकाबले में चोट से वापसी कर रहे नीतीश कुमार रेड्डी को एक बड़ा बूस्ट मिला। नीतीश ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट अपने नाम किए, जिसके लिए उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' भी चुना गया। सीरीज के पहले मैच में औसत प्रदर्शन के बाद, नीतीश ने कहा कि दूसरे मैच में मिले अच्छे प्रदर्शन से उन्हें वह आत्मविश्वास




मिला जिसकी उन्हें वापसी के दौरान जरूरत थी। नीतीश ने बुधवार को बीसीसीआई के एक वीडियो में कहा, 'बहुत अच्छा लग रहा है। चोट से वापसी करने वाले हर खिलाड़ी को आत्मविश्वास की जरूरत होती है। सच कहूं तो, पहला मैच मेरे लिए उतना अच्छा नहीं रहा था, लेकिन दूसरे मैच में अपने प्रदर्शन से बहुत खुश हूं, क्योंकि किसी भी खिलाड़ी को ऐसे आत्मविश्वास की जरूरत होती है और मुझे उम्मीद है कि मैं इस आत्मविश्वास को आगे भी बनाए रखूंगा।' नीतीश ने 24 रन देकर 3 विकेट चटकाए। उन्होंने अहम भूमिका निभाते हुए भारत को अफगानिस्तान को 159/8 पर रोकने और फिर 7 विकेट शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल करने में मदद की। 22 वर्षीय खिलाड़ी का यह शानदार प्रदर्शन ऐसे समय आया, जब उन्होंने हाल ही में बताया था कि फिटनेस हासिल करने के लिए उन्होंने बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कड़ी मेहनत की थी।




2017 में कोरिया ओपन सुपर सीरीज जीतने वाली

# सिंधु बनीं भारत की पहली खिलाड़ी

**नई दिल्ली ।** भारतीय बैडमिंटन की दुनिया में मौजूदा समय का सबसे बड़ा नाम पीवी सिंधु का है। सिंधु ने अपने बेहतरीन खेल की वैश्विक मंचों पर सफलता हासिल करते हुए देश का नाम रोशन किया है। दो ओलंपिक पदक जीत चुकी सिंधु का नाम कोरिया ओपन सुपर सीरीज जीतने वाली पहली भारतीय शटलर के रूप में दर्ज है। 17 सितंबर 2017 को पीवी सिंधु कोरिया ओपन सुपर सीरीज जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बनी थीं। सिंधु ने फाइनल में जापान की नोजोमी ओकुहारा को एक घंटे 24 मिनट तक चले मुकाबले में 22-20, 21-11 और 21-18 से हराकर खिताब जीता था। 1991 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट के 26 साल के इतिहास में सिंधु भारत की तरफ से पहली विजेता बनी थीं। हालांकि, इस सफलता से पहले ही सिंधु अपना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक सफल बैडमिंटन खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर चुकी थीं।

5 जुलाई 1995 को हैदराबाद में जन्मी सिंधु ने बैडमिंटन की दुनिया में बड़ी सफलता हासिल की है। वह भारत की सबसे सफल बैडमिंटन खिलाड़ी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। सिंधु की उपलब्धियों पर गौर करें तो उन्होंने 2016 रियो ओलंपिक में रजत और 2020 टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। 2019 में वह महिला एकल में विश्व चैंपियन रही थीं। 2018 और 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। सिंधु ने 2018 एशियन गेम्स में रजत और 2014 एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीता था। वह बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियन बनने वाली पहली और इकलौती भारतीय हैं और ओलंपिक गेम्स में लगातार दो मेडल जीतने वाली भारत की दूसरी व्यक्तिगत खिलाड़ी हैं। 31 साल की सिंधु का एक बैडमिंटन खिलाड़ी के तौर पर सफर अभी भी जारी है। भारत सरकार पीवी सिंधु को बैडमिंटन के क्षेत्र में उनके योगदान को देखते हुए खेल रत्न, अर्जुन पुरस्कार, पद्मभूषण, और पद्मश्री से सम्मानित कर चुकी है।

## एशियन गेम्स 2026

### फातिमा सना की कप्तानी पारी

#### थाईलैंड को हराकर पाकिस्तान ने कटाया सेमीफाइनल का टिकट

**निशिन ।** पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स 2026 के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान ने थाईलैंड को 3 विकेट से हराया। झमाझम बारिश के चलते गीली आउटफील्ड के कारण इस मैच को 11-11 ओवर का किया गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए थाईलैंड की बल्लेबाजों का प्रदर्शन दमदार रहा। उन्होंने 11 ओवर में 4 विकेट खोकर 91 रन



स्कोरोबोर्ड पर लगाए। टीम की तरफ से नानापत कोंचारोएनकाई ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 38 गेंदों में 49 रनों की दमदार पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में 7 चौके लगाए। वहीं, फन्निता माया ने 16 गेंदों में 15 रन बनाए, जबकि कप्तान नारुएमोल चाईवाई ने 3 गेंदों में 10 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से गेंदबाजी में कप्तान फातिमा सना का प्रदर्शन शानदार रहा। उन्होंने 3 ओवर के स्पेल में 22 रन देकर 2 विकेट चटकाए, जबकि नशरा संधू ने एक विकेट अपने नाम किया।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम को गुल फिरोजा और शवाल जुल्फिकार ने धमाकेदार शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 3.5 ओवर में 36 रन जोड़े। फिरोजा 13 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हुईं। वहीं, जुल्फिकार ने 178 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 14 गेंदों में 3 चौके और एक छक्के की मदद से 25 रन बनाए। आयशा जाफर बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं और एक रन बनाकर आउट हुईं। पाकिस्तान का बल्लेबाजी क्रम अचानक से बुरी तरह से लड़खड़ा गया और टीम ने 11 रन जोड़कर अपने 4 विकेट गंवा दिए।

## 6 शतक और 500 से अधिक विकेट लेने वाले इकलौते खिलाड़ी

**नई दिल्ली, ।** भारत के दिग्गज स्पिनर्स का जब जिक्र होता है, तो उस लिस्ट में रविचंद्रन अश्विन का नाम भी शान से लिया जाता है। अश्विन ने अपने इंटरनेशनल करियर में वो तमाम उपलब्धियां हासिल कीं, जिसका सपना एक क्रिकेटर देखता है। अश्विन टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 250 और 300 विकेट पूरे करने वाले गेंदबाज रहे।




अश्विन का जन्म 17 सितंबर, 1986 को चेन्नई में हुआ। अश्विन के पिता खुद एक मध्यम गति के गेंदबाज थे और पिता को देखकर ही अश्विन क्रिकेट से परिचित हुए। धीरे-धीरे अश्विन का लगाव क्रिकेट के प्रति बढ़ता चला गया। अश्विन अपने करियर की शुरुआत में सलामी बल्लेबाज हुआ करते थे।

हालांकि, 14 वर्ष की उम्र में अश्विन बुरी तरह से चोटिल हो गए थे, जिसके कारण उन्हें काफी समय तक क्रिकेट से दूर रहना पड़ा। इसके बाद अश्विन ने क्रिकेट के मैदान पर वापसी की, तो सलामी बल्लेबाज की जगह भर चुकी थी। मां के कहने पर अश्विन ने स्पिन गेंदबाजी में हाथ आजमाए और जल्द ही वह इसमें रम गए।

अश्विन ने इसके बाद घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। साल 2010 में उन्हें भारतीय टीम से बुलावा आया। जिम्बाब्वे के खिलाफ अश्विन ने वनडे फॉर्मेट में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया। इसी साल उन्होंने अपना टी20 इंटरनेशनल डेब्यू किया। वहीं, क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में अश्विन को डेब्यू करने का मौका 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ मिला। अश्विन ने अपनी बेहतरीन गेंदबाजी के बूते जल्द ही भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली।

अश्विन विश्व कप 2011 में चैंपियन बनी भारतीय टीम का हिस्सा भी रहे। वहीं, 2013 में उन्होंने एमएस धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया को चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जिताने में भी अहम भूमिका निभाई। अश्विन ने भारत के लिए खेले 106 टेस्ट मैचों में कुल 537 विकेट चटकाए।

## पाकिस्तान का नया ड्रामा

### एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हॉकी टीम को भारत भेजने से किया इनकार, न्यूट्रल वेन्यू की मांग

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने भारत के साथ 'संवेदनशील द्विपक्षीय स्थिति' का हवाला देते हुए बुधवार को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) के लिए अपनी पुरुष राष्ट्रीय हॉकी टीम को भारत भेजने से इनकार कर दिया। साथ ही पाकिस्तान की तरफ से एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) से टूर्नामेंट या उसके सभी मुकाबलों को न्यूट्रल वेन्यू पर स्थानांतरित करने का अनुरोध किया। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (पीएचएफ) ने कहा कि वह पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान की निर्बाध और पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तटस्थ स्थल चाहता है। बता दें कि यह टूर्नामेंट 27 अक्टूबर से पांच नवंबर तक मोहाली और जालंधर में आयोजित किया जाएगा। पीएचएफ के अंतरिम अध्यक्ष मोहिउद्दीन अहमद वानी ने एक बयान में कहा कि उन्होंने पूरे टूर्नामेंट या पाकिस्तान के सभी मुकाबलों को न्यूट्रल वेन्यू पर स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है।



## इशान किशन नंबर 1

### अभिषेक शर्मा टॉप-5 में, 2026 में इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा 6 लगाने वाले फुल मेंबर्स टीम के शीर्ष-10 बैटर

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज इशान किशन ने अफगानिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज के पहले दो मैचों में काफी अच्छी बल्लेबाजी की और साल 2026 में इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले (ये आंकड़े आईसीसी के फुल मेंबर्स टीम के खिलाड़ियों के ही हैं) बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए। इशान किशन ने इस मामले में शिमरोन हेटमायर को पीछे छोड़ दिया जबकि इस लिस्ट में अभिषेक शर्मा टॉप-5 में शामिल हैं। इशान किशन ने साल 2026 में अब तक क्रिकेट के तीनों प्रारूपों (टेस्ट,वनडे,टी20आई) को मिलाकर कुल 30 मैच खेले हैं और इन मैचों में उन्होंने 52 छक्के लगाए हैं और वो खबर लिखे जाने तक इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए हैं।

**ज्यादा छक्के**

- इशान किशन- 52 छक्के
- शिमरोन हेटमायर- 50 छक्के
- हैरी ब्रुक- 48 छक्के
- अभिषेक शर्मा- 42 छक्के
- डेवाल्ड ब्रेविस- 37 छक्के
- शिवम दुबे- 34 छक्के
- कॉनर एस्टरहुइजेन- 32 छक्के
- संजू सैमसन- 32 छक्के
- दासुन शनाका- 30 छक्के
- तंजीद हसन- 30 छक्के
- शेरफेन रदरफोर्ड- 28 छक्के
- फिन एलन- 26 छक्के





# क्रिकेटर पृथ्वी शॉ की सगाई टूटी

### मंगेतर आकृति अग्रवाल ने अलग होने की घोषणा की

**मुंबई ।** भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ की पेशेवर जिंदगी के साथ-साथ निजी जिंदगी भी मुश्किलों से गुजर रही है। पृथ्वी एक बार फिर से अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। पृथ्वी की मंगेतर आकृति अग्रवाल ने सोशल मीडिया के माध्यम से उनसे अलग होने की जानकारी साझा की है। आकृति ने इंस्टाग्राम के जरिए पृथ्वी शॉ से अलग होने की जानकारी दी। उन्होंने लिखा, 'भारी मन से, मैं यह बताना चाहती हूं कि मेरे मंगेतर और मैंने अपने भविष्य के लिए अलग-अलग लक्ष्यों और हालात की वजह से अलग होने का फैसला किया है। हम एक-दूसरे से जितना प्यार और परवाह करते हैं, हमने यह मान लिया है कि हमारे रास्ते साथ रहने के लिए नहीं बने हैं। अपनी जिम्मेदारियों और अभी जिन हालात का हम सामना कर रहे हैं, उन्हें देखते हुए हमने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है।' आकृति ने आगे लिखा, 'मैं सच में हम दोनों के लिए आगे बढ़ने के लिए सबसे अच्छी शांति और खुशी की कामना करती हूं। मैं सभी से अनुरोध करती हूं कि इस मुश्किल समय में हमारी निजता का सम्मान करें और हमारे फैसले के पीछे के कारणों के बारे में अंदाजा लगाने से बचें। हमारी जगह को समझने और उसका सम्मान करने के लिए धन्यवाद।'




पृथ्वी शॉ और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अभिनेत्री आकृति अग्रवाल ने 8 मार्च, 2026 को सगाई की थी। पिछले कुछ दिनों से दोनों के रिश्तों में खटास की खबरें आ रही थीं। आकृति के सोशल मीडिया पोस्ट ने उस पर मुहर लगा दी है।

26 साल के पृथ्वी शॉ को एक समय भारतीय क्रिकेट का अगला तेंदुलकर माना जा रहा था। 2018 में मात्र 18 साल की उम्र में शॉ ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू किया था और शतक लगाया था। हालांकि, बाद में उनके फॉर्म में गिरावट आई और वे टीम से बाहर हो गए। फिलहाल उन्हें घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में भी अपनी जगह के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।